

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, शुक्रवार 3 मार्च 2023 ■ फाल्गुन शुक्ल पक्ष -11 ■ वर्ष- 38 ■ अंक-333 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 4 मार्च 2023 ₹ 1.00



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### नक्सलियों ने सड़क निर्माण कार्य में लगे वाहनों को किया आग के हवाले

**कांकेर,3 मार्च।** नक्सलियो ने सड़क निर्माण कार्य में लगे वाहनों को आग लगा कर जलाकर खाक कर दिया है,आगजनी में सड़क निर्माण कार्य में लगे हुए एक पोकलेन,एक ट्रैक्टर,एक अजाक्स मशीन पूरी तरह जलकर खाक हो गया है,मिली जानकारी के अनुसार गडचिरोली जिले के हेडरी थाना क्षेत्र के आलेंगा इलाके में सड़क निर्माण कार्य चल रहा था,बीते रात भारी संख्या में नक्सली एकत्रित होकर वाहनों में आग लगा दिया है,यह मामला छत्तीसगढ़ एवं महाराष्ट्र राज्य की सीमावर्ती क्षेत्र की है।

### बस को ट्राला ने मारी टक्कर, 8 की मौत

**हरियाणा,3 मार्च।** अंबाला में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई वहीं 20 से ज्यादा घायल हुए हैं। हादसे के बाद घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना तड़के 4 बजे पंचकुला-यमुनानगर नेशनल हाईवे 344 पर शहजादपुर के पास की है। बताया जा रहा है कि मजदूरों से भरी बस यूपी के बरेली से हिमाचल प्रदेश के बद्दी जा रहे थी। जैसे ही बस शहजादपुर के पास गांव कक्कड़ माजरा के पास पहुंची तो पीछे से एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्राला ने टक्कर मार दी। हादसे में 8 मजदूरों की मौत हो गई। जबकि 20 से ज्यादा घायल बताए जा रहे हैं। घटना की जानकारी लगते ही घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल मृतकों की अभी शिनाख्त नहीं हो पाई है।

### अवैध रेत परिवहन, ट्रकें जब्त

**बेमेतरा,3 मार्च।** छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में अवैध रुप से रेत उत्खनन कर परिवहन करने वाले वाहनों के खिलाफ खनिज विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। जहां बिना रॉयलटी के अवैध रूप से रेत का परिवहन रहे थे। जिसके चलते बेमेतरा जिला खनिज विभाग की कार्यवाही की है। इसमें एक दर्जन से ज्यादा वाहन शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक, बेमतरा जिले में अवैध रूप से रेत उत्खनन के मामले के बड़ी कार्रवाई हुई है। जिसमे दर्जन से ज्यादा वाहन अवैध रूप से रेत उत्खनन कर परिवहन करते पकड़ाए। ये सभी बिना रॉयलटी के रेत उत्खनन कर रहे थे। जिस पर बेमेतरा जिले के खनिज विभाग द्वारा कार्रवाई कर जांच की गई। इसके बाद सभी वाहनों को थाने लाया गया है। खनिज विभाग जांच कर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

### रोहित ने हार के लिए खिलाड़ियों को ठहराया जिम्मेदार

**इंदौर,3 मार्च।** रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने तीसरा टेस्ट मैच हार गई। ऑस्ट्रेलियाई टीम के 9 विकेट से यह मैच अपने नाम किया। तीसरे टेस्ट मैच में मिली करारी हार के बाद भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने पोस्ट मैच प्रेजेंटेशन के दौरान अपनी प्रतिक्रिया दी। इस दौरान रोहित शर्मा ने टीम के खिलाड़ियों को हार का जिम्मेदार बताया। जब आप टेस्ट हारते हैं तो काफ़ी खामियां निकलती हैं। हमने पहली पारी में पर्याप्त रन नहीं बनाए। जब उन्हें 88 रन की बढ़त मिली तो हमें ज्यादा बेहतर बल्लेबाजी करनी थी, लेकिन हम ऐसा करने में नाकाम रहे। हमने डब्ल्यूटीसी या अहमदाबाद की बात नहीं सोची है। हमें समझना है कि क्या सही हुआ और क्या हमें बेहतर करना होगा। चुनौतीपूर्ण पिचों पर आपको साहसी होना पड़ता है लेकिन हमने शायद उन्हें एक जगह पर टप्पा खिलाने का बार-बार मौका दिया।

# छग में प्रति व्यक्ति आय 10% बढ़ी

## आर्थिक सर्वेक्षण पेश, जीडीपी 8% जो देश की जीडीपी से 1% ज्यादा

**रायपुर,3 मार्च।** छत्तीसगढ़ के बजट सत्र के तीसरे दिन सांख्यिकी एवं वाणिज्य कर मंत्री अमरजीत भगत ने छत्तीसगढ़ सरकार का आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया। राज्य की प्रति व्यक्ति आय अब एक लाख 33 हजार सालाना हो गई है। वहीं जीडीपी 8% है, जो देश की जीडीपी से 1% ज्यादा है। छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन की कार्यवाही जारी है।




### 5 हजार करोड़ से ज्यादा की शराब बिकी

विधानसभा में सरकार से विधायक सौरभ सिंह ने लिखित में सवाल किया। पूछा गया कि आबकारी विभाग से कितनी राजस्व की प्राप्ति हुई ? पिछले 3 वित्तीय वर्ष और वर्तमान वित्तीय वर्ष 6 फरवरी 2023 तक आबकारी विभाग से कितना राजस्व मिला है, इसकी सालाना जानकारी मांगी गई। इसके जवाब में जो आंकड़ा निकलकर आया उसके मुताबिक प्रदेश में 5 हजार 5 सौ 25 करोड़ 99 लाख रुपए शराब बिक्री से राजस्व सरकार के खाते में आया है। ये आंकड़ा 1 अप्रैल 2022 से 6 फरवरी 2023 तक का है।

### छत्तीसगढ़ पर 82 हजार करोड़ रुपए से अधिक का कर्ज

छत्तीसगढ़ पर विभिन्न वित्तीय संस्थानों से लिए गये 82 हजार करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज है।.विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल और जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के विधायक प्रमोद कुमार शर्मा के सवाल के लिखित जवाब में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बताया कि जनवरी 2023 की स्थिति में राज्य सरकार पर 82.125 करोड़ रुपए का ऋण है। .

# अस्पतालों में चिकित्सकों के रिक्त पदों का मामला उठा

**रायपुर,3 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

विधायक धरमजीत सिंह ने सदन में स्वास्थ्य मंत्री से बिलासपुर संभाग के जिला अस्पताल और अन्य स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की उपलब्धता के बारे में, चिकित्सा के पद की स्वीकृति और पदस्थ लोगों के बारे में जानकारी मांगी। स्वास्थ्य मंत्री ने जानकारी उपलब्ध करवाई जिसके मुताबिक, विशेषज्ञ डॉक्टर के 292 पद में 102 पद भरे हैं, 190 अभी रिक्त हैं, कुल मिलाकर 443 पदों के विरुद्ध 390 पद भरे हैं। विधायक ने पूछा कि 43 अस्पताल जो डॉक्टर विहीन हैं उन्हें कब तक भरने का प्रयास किया जाएगा।

जवाब में स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने कहा कि 2018 में विशेषज्ञ छत्तीसगढ़ में 1593 पद स्वीकृत थे जिसके विरुद्ध 132 विशेषज्ञ हमारे पास थे, 2079 अंडर ग्रेडुएट्स थे जिसमे 1180 हमारे पास थे, 112 डेंटिस्ट पदों के विरुद्ध 72 थे। वर्तमान में 1593 पदों के विरुद्ध में 1633 विशेषज्ञ हैं, और 446 कार्यरत हैं। एमबीबीएस अंडर ग्रेडुएट्स डॉक्टर में 2175 के

विरुद्ध 2181 कार्यरत हैं। बिलासपुर में 30 एमबीबीएस डॉक्टर अधिक हैं। मुंगेली में 11 पद रिक्त है, कोरबा में 5 पद रिक्त है, रायगढ़ में 8 पद रिक्त है, जीपीएम में पद से 3 अतिरिक्त हैं और जांजगीर में 4 पदों की वेकेंसी है। बिलासपुर संभाग में 5 विशेषज्ञ अतिरिक्त हैं। उन्होंने कहा कि पहले 100 प्रतिशत पदोन्नति का प्रावधान था। उतने विशेषज्ञ ही नहीं मेडिकल ऑफिसर के रूप में काम करते थे जिनकी पदोन्नति हो सके तो विशेषज्ञ के पद भरें। कैबिनेट से हमने रहत मांगी थी और 50 पद सीधी भर्ती के मांगे थे जो मिले। आगे ये स्थिति बन रही है कि हमें 100 प्रतिशत राहत मांगनी पड़े। पहले मेडिकल ऑफिसर का 5 से 7 साल में प्रमोशन होता था लेकिन मुख्यमंत्री ने हमें अनुमति दी कि दो साल में उनका प्रमोशन कर विशेषज्ञ के पद भर दें।

धरमलाल कौशिक ने दुर्ग अस्पताल में सामान की खरीदी को लेकर कहा कि जीएफआर में दिया है कि सीएमएचओ को अधिकार नहीं है, ये अधिकार आपके संचालक या कमिश्नर को है। तो कब संचालक या कमिश्नर के द्वारा अनुमोदन किया गया ? स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि कोरोना समय की बात है, उस समय सारे विभाग बंद थे, कोई रिपोर्ट नहीं कर रहा था। धरमलाल कौशिक ने कहा कि जिस अधिकारी ने इसे बनाकर दिया है वो गुमराह करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि ये 600 करोड़ का मामला है और ये उस समय सिर्फ 50 हजार तक खरीदी का नियम है। स्वास्थ्य मंत्रीं ने कहा कि आप जो 600 करोड़ या 800 करोड़ कह रहे हैं वो कोरोना के समय पूरे सामान की खरीदी का है। अकेला दुर्ग अस्पताल कैसे 500 करोड़ की खरीदी कैसे कर सकता है। आपको जो भी जानकारी चाहिए वो मैं उपलब्ध करवा दूंगा। प्रश्नकाल के बाद शून्यकाल में भाजपा विधायक शिवरतन शर्मा ने स्थगन के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की मांगों का मुद्दा उठाया। अनुकंपा नियुक्ति को लेकर धरने पर बैठी महिलाओं के द्वारा मुंडन का भी मुद्दा भी सदन में गूंजा। सफाई कर्मचारियों के मांगों पर भी विपक्ष ने स्थगन पर चर्चा की मांग की। पूर्व सीएम रमन सिंह ने सदन में कहा - 5 लाख 80 हजार विभिन्न कर्मचारी धरने पर बैठे हैं।

### नियमितीकरण पर स्थगन की मांग अग्राह्य

छत्तीसगढ़ विधानसभा के तीसरे दिन भारतीय जनता पार्टी के सदस्यों ने सदन में काम रोको प्रस्ताव लाया। इस प्रस्ताव के दौरान प्रदेश भर में 148 दिनों से अनुकंपा नियुक्ति के लिए बैठी विधवाओं के प्रति अपनी संजीदगी जताई गई। साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा 40 दिनों से किए जा रहे अनिश्चितकालीन हड़ताल का जिक्र किया गया। जिस पर भाजपा सदन में स्थगन प्रस्ताव लाकर चर्चा करवानी चाहती थी। भाजपा के वरिष्ठ विधायक बृजमोहन अग्रवाल,पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक सहित नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने भी इन सभी विषयों की सिलसिलेवार जानकारी सदन को दी। लेकिन आसंदी से विधानसभा उपाध्यक्ष ने स्थगन को अग्राह्य कर दिया। स्थगन आग्रह करने के बाद भाजपा के सदस्य सदन में ही जमकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और हंगामा करने लगे। हंगामे को देखते हुए आसंदी ने सदन को 5 मिनट के लिए स्थगित कर दिया।

# छत्तीसगढ़िया ओलंपिक पर चले हंगामे के बीच रैबिज इंजेक्शन का मुद्दा गर्माया

**रायपुर,3 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**





विधानसभा के बजट सत्र में आज छत्तीसगढ़िया ओलंपिक को लेकर भी खूब शोर शराबा हुआ। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री उमेश पटेल से अजय चंद्राकर ने पूछा कि खेलो इंडिया के तहत छत्तीसगढ़ राज्य को कितनी राशि, कब-कब और किन किन कार्यो के लिए प्राप्त हुई। छत्तीसगढ़ ओलंपिक खेल योजना में कब से प्रारंभ हुई। इस संघ के अध्यक्ष, सदस्य, पदाधिकारी कौन कौन हैं। वर्तमान में आयोजित छत्तीसगढ़ ओलंपिक खेल में कौन कौन से खेलों को शामिल किया गया हैं और उनमें से कितने को राज्य ओलंपिक संघ द्वारा मान्यता दी गई हैं। क्या छत्तीसगढ़ ओलंपिक खेल अंतर्गत विजेता खिलाड़ियों को सरकारी नौकरियां में आरक्षण दे रहे है। जवाब में खेल मंत्री ने कहा कि 13 लाख लोगों ने लिया हिस्सा। छत्तीसगढ़ की जनसंख्या का दस प्रतिशत इस अयोजन से जुड़ा। सत्ता पक्ष ने खेल के लिए बधाई देने के बजाए सवाल पूछे जाने पर खेल मत्री ने आपत्ति जतायी। खेल मंत्री ने कहा कि चयन को लेकर कोई बाध्यता नही थी, टीम आने पर उनको ब्लाक स्तर की प्रतियोगिता में मौका दिया गया है। कोई रोक टोक नही थी, छत्तीसगढ़ी खेलों को संबद्धता और नौकरी में खिलाड़ियों को आरक्षण पर सदन में हंगामा हो गया।

छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में आरक्षण मामले में सवाल जवाब के बीच हंगामा । पक्ष विपक्ष में हंगामें के बीच हुई रेबीज इंजेक्शन की एंट्री। सदन में विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव से कहा कि, कल आपने जो रैबिज का इंजेक्शन मंगाया है, इन्हें लगवा दीजिये। बृजमोहन अग्रवाल ने कल सदन में सत्ता पक्ष की तरफ से दिये बयान को लेकर भी नाराजगी जतायी। कल सदन में ऐसी ही मर्यादित टिप्पणी को सदन की कार्यवाही से विलोपित कर दिया गया था, जिसे लेकर मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि कल मेरी बातों को सदन की कार्यवाही से निकाल दिया गया था। कल विपक्ष ने हंगामे के दौरान जब भजन गाना शुरू कर दिया था, तो सत्ता पक्ष की तरफ से कुछ ऐसी बातें कही गयी, जिसका विपक्ष ने भी उसी अंदाज में जवाब दिया। बाद में उसे विलोपित कर दिया गया।

### लखमा के बजाए अकबर के जवाब देने पर आपत्ति

विधानसभा के बजट सत्र में विभागीय मंत्री की सदन में मौजूदगी के दौरान दूसरे मंत्री द्वारा सदन में जवाब देने पर विपक्ष ने आपत्ति जताई। भाजपा नेताओं ने इस मामले में विधानसभा उपाध्यक्ष संतराम नेताम से व्यवस्था देने की मांग की।





प्रश्नकाल के दौरान डॉ. रेणु जोगी ने उद्योग मंत्री कवासी लखमा से गौरेला पेंड्रा मरवाही व बलौदाबाजार, भाठापारा जिले में उद्योगों को दिए गए स्थायी पूंजी निवेश अनुदान के संबंध में सवाल किया। इसका जवाब देने के लिए वन मंत्री मोहम्मद अकबर उठे। उस समय अकबर के ही बगल में अपने स्थान पर उद्योग मंत्री लखमा भी बैठे थे।

इस पर बृजमोहन अग्रवाल और अजय चंद्राकर ने आपत्ति की। उन्होंने कहा कि सदन में मंत्री की मौजूदगी में कोई दूसरे मंत्री जवाब नहीं दे सकते। संसदीय कार्यप्रणाली में मंत्री की गैर मौजूदगी में जवाब देने का नियम है। विधायकों ने आसंदी से पूछा कि क्या उनके पास विभागीय मंत्री की मौजूदगी में दूसरे मंत्री द्वारा जवाब देने की कोई सूचना है? इस पर विधानसभा उपाध्यक्ष ने कहा कि यह सामूहिक जिम्मेदारी है। विपक्ष के नेताओं ने सत्ता पक्ष के व्यवहार पर नाराजगी जताई।

### छग का दूसरा एम्स बिलासपुर में खोलने की मांग

छत्तीसगढ़ विधानसभा के तीसरे दिन दूसरा एम्स खोलने का मुद्दा उठा। प्रश्नकाल के दौरान यह सवाल अपने ही मंत्री विधायक शैलेश पांडे ने किया। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री के आदेश से पूछा कि बिलासपुर में एम्स की स्थापना कराने के लिए राज्य शासन द्वारा क्या कार्रवाई की गई है? इसके उत्तर में स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने बताया कि बिलासपुर में एम्स खोलने के लिए राज्य शासन ने एक अर्ध शासकीय पत्र केंद्र को लिखा है। इस बात पर बीजेपी विधायक धरमलाल कौशिक ने भी समर्थन किया। विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि क्या इस सदन ने एक शासकीय संकल्प भेजना जाएगा? नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि राज्य की ओर से जब भी पहल की जाये, एम्स बिलासपुर में खोला जाये इस दिशा में प्रयास किया जाना चाहिये।

स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा कि बिलासपुर में एम्स खोलने राज्य शासन ने एक अर्ध शासकीय पत्र केंद्र को लिखा है। देश के कई राज्यों में एम्स पहले नहीं होते थे। आज भी कई राज्य ऐसे हैं, जहां एम्स नहीं है। हाल ही में मीडिया रिपोर्ट आई है कि केंद्र हर राज्य में कम से कम एक एम्स खोला जाएगा। मुख्यमंत्री से भी मैंने राज्य में दूसरे एम्स खोले जाने के संदर्भ में चर्चा की थी।

उन्होंने कहा कि राज्य में 5 संभाग रायपुर, बिलासपुर, बस्तर, दुर्गा, सरगुजा है, इनमें सबसे बड़ा संभाग बिलासपुर है। जनसंख्या और विधायक संख्याबल के अनुपात में बिलासपुर बड़ा है लिहाजा वहां प्रदेश का दुसरा एम्स खोला जाना चाहिए। मांग के आधार पर और औचित्य के आधार पर भी बिलासपुर में एम्स खोले जाने पर मेरी सहमति है। मैंने केंद्रीय मंत्री को इस बारे में पत्र लिखा है। उनका जवाब भी आया है कि उन्हें पत्र मिल गया है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि रायपुर एम्स में भी अब बिस्तरों की कमी हो रही है।

# कैंब्रिज में राहुल गांधी ने आतंकियों से सामना होने का वाकया सुनाया

**लंदन,3 मार्च।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और वायनाड सांसद राहुल गांधी इन दिनों ब्रिटेन के दौरे पर हैं। इस दौरान राहुल गांधी ने कैंब्रिज यूनिवर्सिटी में अपना लेक्चर भी दिया। जिसमें उन्होंने अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान आतंकवादियों से हुए आमना-सामना का एक किस्सा भी सुनाया। जिसमें उन्होंने बताया कि जब आतंकियों से उन का सामना हुआ तो क्या हुआ? राहुल गांधी ने बताया कि सुरक्षा बलों ने कश्मीर में उन्हें पैदल यात्रा नहीं करने के लिए कहा था। सुरक्षा बल के अधिकारियों ने कहा था कि हम पर हमला हो सकता है। गैनेड फेंका जा सकता है। फिर भी हमने यात्रा नहीं टाली।



राहुल गांधी ने कहा कि जब हम यात्रा कर रहे थे। तभी एक शख्स ने कहा कि मुझे आप से बात करनी है। सुरक्षा कर्मियों ने कहा कि आप लोगों को अपने पास मत बुलाइये। फिर भी मैंने उसे बुलाया। उस शख्स ने कहा कि क्या सही में आप हमारी समस्याएं सुनने आए हैं। मैं ने कहा- हां। उस शख्स ने मुझ से कहा कि कुछ लोग आपको देख रहे हैं। मैंने कहा- कहां। उस शख्श ने दिखाते हुए कहा कि उधर आगे उस शख्स ने कहा कि वे लोग आतंकवादी हैं। सामान्य रूप से आतंकवादियों को मुझे मार देना चाहिए। मैं ऐसे माहौल में था। मैं उन्हें देख रहा था वो मुझे देख रहा था। राहुल गांधी ने कहा कि मुझे लगा कि मैं प्रॉब्लम में हूं। वे लोग मुझे देख रहे थे.. लेकिन कुछ नहीं करे। इसलिए नहीं कि वो कुछ नहीं कर सकते थे। ऐसा इसलिए कि यह लोगों की बात सुनने और अहिंसा की ताकत है। मैं उन्हें सुनने के लिए आया था, मैं हिंसा के साथ नहीं आया था।

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को बताया महान शक्ति

**नई दिल्ली,3 मार्च।** ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग ने भारत को महान शक्ति बताते हुए उसकी सराहना की और कहा कि देश की सभ्यतागत शक्ति मौजूदा मुद्दों से निपटने के लिए एक नया दृष्टिकोण लेकर आई है। वोंग ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आयोजित रायसीना डायलॉग 2023 के इतर विदेश मंत्री एस जयशंकर की अध्यक्षता में क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लिया। जापानी विदेश मंत्री योशिमासा हयाशी और अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन अन्य प्रतिभागी थे जिन्होंने चतुर्भुज सुरक्षा संवाद (क्वाड) समूह की बैठक में भाग लिया। वोंग ने यह भी बताया कि कैसे क्वाड इंडो-पैसिफिक में एक कॉम्प्लिमेंट्री एक्टर हो सकता है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में महान शक्ति है कि भारत के बिना भारत-प्रशांत का कोई पुनर्निर्धारण नहीं हो सकता है। ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन (ओआरएफ) के अध्यक्ष समीर सरन के ऑस्ट्रेलिया के भारत के विकास के आकलन पर जवाब देते हुए वोंग ने कहा, हमने देखा है कि भारत एक सभ्यतागत शक्ति है जो इस समय की कुछ चुनौतियों के लिए एक अलग दृष्टिकोण लाता है। सरन ने द क्वाड स्क्वॉड- पॉवर एंड पर्पस ऑफ़ द पॉलीगॉन÷ पर चर्चा का संचालन किया। ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री ने कहा कि उन्होंने अपने चीनी समकक्ष के साथ रूस के यूक्रेन पर आक्रमण को उठाया। बैठक के बाद वोंग ने संवाददाताओं से कहा कि सभी देश चीन को ÷सही काम करते हुए÷ देखना चाहते हैं और उसके द्वारा रूस को हथियारों की आपूर्ति नहीं करते भी देखना चाहते हैं। वाशिंगटन और उसके सहयोगियों ने हाल के सप्ताहों में दावा किया था कि चीन रूस को हथियार उपलब्ध कराने पर विचार कर रहा है, हालांकि बीजिंग इसे नकारता है। ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग ने कहा कि उन्होंने नई दिल्ली में जी20 बैठक के मौके पर चीन के विदेश मंत्री किन गैंग के साथ अपनी बैठक में रूस के आचरण का मुद्दा उठाया। वोंग ने संवाददाताओं से कहा कि यूक्रेन में जो कुछ भी हो रहा है उसकी जिम्मेदारी रूस की है। किन मास्को के साथ घनिष्ठ संबंधों को देखते हुए दुनिया यूक्रेन में जिम्मेदार नेतृत्व के लिए चीन की ओर देख रही है। राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की) ने खुद कहा है कि वह विश्वास करना चाहता है कि चीन सही काम करेगा और रूस को हथियारों की आपूर्ति नहीं करेगा।

# दूरबीन से भी नहीं दिख रही कांग्रेस : शाह

**बंगलुरु,3 मार्च।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कर्नाटक के बीदर में कहा कि कल त्रिपुरा, नागालैंड, मेघालय के नतीजे घोषित हुए और इन राज्यों से कांग्रेस का सफाया हो गया और वे इस कदर हार गए हैं कि उन्हें दूरबीन से भी नहीं देखा जा सकता है। कहा जा रहा था कि बीजेपी पूर्वोत्तर में प्रवेश नहीं कर सकती, लेकिन वहां दूसरी बार बीजेपी और एनडीए की सरकार बन रही है. पीएम मोदी का जादू हर जगह काम करता है चाहे पूर्वोत्तर हो, गुजरात हो, यूपी हो या कर्नाटक, हर जगह काम करता है।

अमित शाह ने कहा कि विजय संकल्प रथ यात्रा जल्द ही शुरू होने वाली है, और यह भाजपा के विजय (विजय) के संकल्प का प्रतीक नहीं है, बल्कि गरीब जनता के विजय के लिए, गरीब लोगों के कल्याण के लिए संकल्प है। आपकी उपस्थिति बता रही है कि कर्नाटक में बीजेपी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने वाली है। कल ही त्रिपुरा, नागालैंड, मेघालय तीनों जगहों में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया। हारे तो हारे लेकिन ऐसे हारे हैं कि दूरबीन लेकर भी नहीं दिख रहें। आज यहां से विजय संकल्प यात्रा शूरू हो रही है। ये विजय संकल्प यात्रा हमारे नेता को मुख्यमंत्री बनने का संकल्प नहीं है बल्कि ये विजय संकल्प यात्रा कर्नाटक के गरीब से गरीब लोगों के कल्याण करने के संकल्प को लेकर है।

अमित शाह ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी का स्तर दिन-प्रतिदिन गिरता जा रहा है। ये नारे लगा रहे हैं मोदी तेरी कब्र खुदेगी, आम आदमी पार्टी वाले कह रहे हैं मोदी तुम मर जाओ। ऐसा कहने से ईश्वर आपकी नहीं सुनेगा, क्योंकि देश की 130 करोड़ जनता मोदी जी की लंबी आयु के लिए प्रार्थना कर रही है।

# साढ़े 4 साल के बाद भी कांग्रेस के वादे अधूरेः रमन

**रायपुर,3 मार्च।** पूर्व सीएम रमन सिंह ने एक बार फिर सरकार के खिलाफ हमलावर रुख इख्तियार किया है. पूर्व सीएम रमन सिंह ने कहा, कांग्रेस ने जन घोषणा पत्र में बड़े-बड़े वादे किए थे, आज साढ़े 4 सालों के बाद भी वादे अधूरे हैं. पांच लाख से ज्यादा कर्मचारी आंदोलनरत हैं. विधवा बहने सिर मुड़वा रहीं, लेकिन सरकार से कोई भी बात करने के लिए नहीं पहुंचे. आंगनवाड़ी, स्कूल की स्थिति भी खराब है. इस पर चर्चा कराने की मांग हमने रखी है. केंद्रीय मंत्री के बस्तर पर टारगेट किलिंग वाले बयान पर कहा पूर्व सीएम रमन सिंह ने कहा, इस विषय को लेकर कल हंगामा हुआ. बस्तर में टारगेट करके एक नहीं दो नहीं एक महीने के अंदर हमारे 4 वरिष्ठ कार्यकर्ताओं, जिलाध्यक्ष मंडल और उपाध्यक्ष की हत्या हुई है. टारगेट किलिंग इसलिए कहा जा रहा है कि, बस्तर में दहशत का वातावरण तैयार कराना चाहते हैं और भाजपा कार्यकर्ताओं का मनोबल तोड़ना चाह रहें है. भाजपा डरने वाली नहीं है, हमारे कार्यकर्ता तो दुखी जरूर हैं, लेकिन उनके अंदर आक्रोश है. विधानसभा में ओम का उच्चारण को लेकर कहा, विधानसभा में सभी सदस्यों का पक्ष-विपक्ष उनकी गरिमा रखने का काम आसंदी का होता है. आसंदी ने कहा कि, वे सारे शब्द को विलोपित किया जाएगा.

# लापता परिवार का 36 घंटे बाद भी सुराग नहीं

## कार में आग लगने के बाद से पति-पत्नी और दोनों बच्चे हैं गायब

**कांकेर,3 मार्च।** कांकेर जिले के चारामा के पास कार में आग लगने के बाद से लापता सिकदार परिवार का अब तक कोई पता नहीं चल पाया है। हादसे के 36 घंटे से अधिक बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। पुलिस अलग-अलग टीम बनाकर लापता परिवार की तलाश कर रही है। मामला चारामा थाना क्षेत्र का है।



पखांजूर निवासी सिकदार परिवार 1 मार्च की रात अपनी कार से धमतरी से अपने घर लौट रहा था। 1 मार्च की रात पूरी गांव के पास करीब 11 बजे मार्ग से गुजर रहे लोगों ने पुलिस को सूचना दी थी कि एक कार में भीषण आग लगी है। रात में जब पुलिस मौके पर पहुंची, तब कार में कोई नजर नहीं आया। गुरुवार सुबह कार में सफर कर रहे सिकदार परिवार के परिजनों ने पुलिस से संपर्क किया और बताया कि कार में समीर सिकदार (29 वर्ष), उनकी पत्नी जया (26 वर्ष) और दो बच्चे दीप (7 वर्ष) व कृतिका (4 वर्ष) सवार थे। पुलिस ने चारों की तलाश शुरू की, फॉरेंसिक टीम भी मौके पर बुलाई गई, जिसने जांच के बाद कार में शव के अवशेष नहीं होने की जानकारी दी। जिसके बाद से अब तक चारों का कोई पता नहीं चल सका है। वे न तो अब तक घर पहुंचे हैं और न तो फोन द्वारा किसी भी रिश्तेदार से संपर्क ही किया है। समीर सिकदार 4 लाख से अधिक रकम लेकर धमतरी के व्यापारी के पास से निकले थे। वो पोल्ट्री व्यवसायी हैं और उनका खुद का पोल्ट्री फार्म है। इस बात के मद्देनजर पुलिस अपहरण से लेकर सभी एंगल पर जांच कर रही है, लेकिन अब तक कोई सफलता हाथ नहीं लगी है। पुलिस ने शुक्रवार को जगदलपुर से भी फॉरेंसिक टीम बुलाई है, जो एक बार फिर जली हुई कार की जांच करेगी।

एक नजर

## 4 मार्च की सुबह व शाम सम्पूर्ण शहर में पेयजल आपूर्ति बाधित

**राजनांदगांव 3 मार्च।** नगर निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि राजनांदगांव क्षेत्रांतर्गत मोहारा जल संयंत्र गृह के 27 एमएलडी एवं 17 एमएलडी जल परिशोधन गृह के राईजिंग मेन पाईप लाईन का इंटर कनेक्शन कार्य किया जाना है। इंटरकनेक्शन कार्य ग्रीष्मकाल के पूर्व कराया जाना आवश्यक है, ताकि ग्रीष्म ऋतु में पर्याप्त पेयजल उपलब्ध हो सके। आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी ने कहा कि इंटरकनेक्शन कार्य कराये जाने के कारण शहर की सम्पूर्ण टंकियों नहीं भर पायेगी जिसके कारण दिनांक 3 मार्च 2023 दिन शुक्रवार की शाम एवं दिनांक 4 मार्च 2023 दिन शनिवार को सुबह एवं शाम इस प्रकार कुल 3 समय नगर के सम्पूर्ण क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी। दिनांक 5 मार्च 2023 दिन रविवार सुबह से पेयजल सप्लाई यथावत रहेगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि उपरोक्त कार्य दिवस के लिये आवश्यक पेयजल संग्रहित कर लेवें, ताकि पेयजल सप्लाई न होने की स्थिति में किसी भी प्रकार की कठिनाई उत्पन्न न हो। उन्होंने नागरिकों से असुविधा के लिये खेद व्यक्त करते हुये सहयोग करने की अपील की है।

## 1 अप्रैल को उत्कल एकता दिवस मनाया जाएगा

**रायपुर, 3 मार्च।** उत्कल विकास मंच एवं मधुसूदनदास फाउडेंशन द्वारा 1 अप्रैल को उत्कल एकता दिवस मनाये जाने का निर्णय लिया गया है। उक्ताशय की जानकारी प्रेस को जारी करते हुए उत्कल विकास मंच के कार्यवाहक अध्यक्ष गोपाल बाघ एवं सांस्कृतिक सचिव सत्यानंद ताण्डी ने बताया कि उत्कल विकास मंच एवं मधुसूदन दास फाउडेंशन के संयुक्त तत्वावधान में 1 अप्रैल को उत्कल एकता दिवस मनाया जावेगा साथ ही इस समारोह में उत्कल सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा।

## रायपुर नगर निगम की मेयर इन काउंसिल की बैठक 6 मार्च को

**रायपुर 3 मार्च।** रायपुर नगर पालिक निगम की मेयर इन काउंसिल (एमआईसी) की बैठक महापौर श्री एजाज ढेबर के आदेशानुसार नगर निगम सचिवालय द्वारा नगर निगम मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन के तृतीय तल पर स्थित सभाकक्ष में सोमवार दिनांक 6 मार्च 2023 को दोपहर 2 बजे आहुत की गयी है। उक्त जानकारी नगर पालिक निगम रायपुर के सचिव श्री विनोद पाण्डेय ने दी है।

## अचीवर्स अवार्ड कार्यक्रम 4 को

**रायपुर,3 मार्च।** शुकंतला फाउंडेशन द्वारा छत्तीसगढ़ अचीवर्स अवार्ड सीजन दो का आयोजन चचार मार्च को शाम चार बजे से वृंदावन हॉल सिविल लाइंस में किया जाएगा। इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के देने वाले शख्सियतों का सम्मान किया जाएगा। यह जानकारी आयोजनकर्ता स्मिता सिंह ने दी है।

## एएससीआई और फ्यूचरब्रांड्स का 'वील्डिंग इंफ्लूएंस नर्चरिंग ट्रस्ट' स्टडी रिपोर्ट लॉन्च



**रायपुर 3 मार्च।** द एडवर्टाइजिंग स्टैंडर्ड्स काउंसिल ऑफ इंडिया ने फ्यूचरब्रांड्स के साथ साझेदारी में मुंबई में आयोजित एएससीआई ब्रांड इंफ्लूएंसर समिट 2023 में 'वील्डिंग इंफ्लूएंस, नर्चरिंग ट्रस्ट' रिपोर्ट पेश किया। इस समिट को उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के सचिव रोहित कुमार सिंह ने संबोधित किया। इसमें टॉप इंफ्लूएंसर्स ट्रांस आइकॉन और इंफ्लूएंसर सुशांत दिवगिकर , ग्लोबल इंडियन फैशन आइकॉन मासूम मीनावाला, डिजिटल क्रियेटर और भारत की कल्चरल एम्बेसेडर कामिया जानी, फूड राइटर और एक्टर कुणाल विजयकर, डिजिटल कंटेन्ट क्रियेटर विराज घेलानी, युवा 'फिनफ्लूएंसर' अनुष्का राठौड़ और भारत की पहली स्किन-पॉजिटिव इंफ्लूएंसर प्रबलीन कौर ने मेजबानी की। जाने-माने कॉमेडियन, एक्टर और संगीतकार वीर दास ने पत्रकार अनुराधा सेनगुप्ता के साथ अपने अनोखे व्यंग्यात्मक वन-लाइनर्स से दर्शकों को रोमांचित किया।

## कुरुद एवं भखारा के अस्पताल में की गई प्रसव सुविधा की मांग

**अंवरी 3 मार्च।** भरत नाहर जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष एवं पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत भखारा द्वारा कलेक्टर से सिविल अस्पताल कुरुद एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भखारा में प्रसव सुविधा की मांग किया गया7 उन्होंने ने बताया की सिविल अस्पताल कुरुद एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भखारा में प्रसव सुविधा नहीं है जिसके चलते प्रसव के लिए निजी अस्पताल में जाना पड़ता है जिससे अत्यधिक पैसा खर्च हो जाता है।अगर इन अस्पतालो में प्रसव की सुविधा अच्छा हो तो परेशानियो का सामना नहीं करना पड़ेगा।



## अमृत सरोवर का भूमिपूजन हुआ

**अंवरी 3 मार्च।** नगर पंचायत भखारा से लगे ग्राम पंचायत सिहाद में आज अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत नवीन तालाब का भूमि पूजन हुआ जिसमें मुख्य रुप से जनपद सदस्य कुरुद के श्री संतोष कुमार साहू ,सरपंच श्री कोमल ध्रुव ,पंचगण काशी राम, टेमन पाल ,टेकराम पटेल, पर्वती पटेल, हेमकली कुर्रे, बसंती कुर्रे, मीना पटेल ,सुनीता बैस ,एवं ग्रामीण मनरेगा मजदूरों अशोक साहू ,लक्ष्मण साहू ,साहू जीवन साहू, अश्वनी साहू , एवं रोजगार सहायक उत्तम पटेल , एवं भृत्य मेघनाथ साहू ,उपस्थित थे।



# ऑटो में निर्धारित संख्या से अधिक सवारी बैठाने पर होगी कार्रवाई

### दो पहिया वाहनों को मोडिफाइड कर माल-वाहक बने वाहन होंगे जब्त



**रायपुर 3 मार्च।** कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर भुरे ने शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर करने के लिए आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अधिकारियों के साथ बैठक कर गहन विचार -विमर्श किया। कलेक्टर ने शहर में चल रहे सवारी ऑटो में ओवर लोडिंग पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। शहर में ऑटो और छोटे सार्वजनिक परिवहन के वाहनों में क्षमता से अधिक सवारी बैठाने पर चालानी कार्रवाई करने के साथ-साथ चालक के ड्राइविंग लाइसेंस सस्पेंड करने के निर्देश भी कलेक्टर ने बैठक में दिए। उन्होंने व्यक्तिगत् परिवहन के लिए उपयोग की जाने वाली स्कूटर-मोटरसाइकिलों और मोपेड जैसे दो-पहिया वाहनों को मॉडिफाइड कर मालवाहक के रूप में उपयोग को भी रोकने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने ऐसे मॉडिफाइड वाहनों को जब्त करने और उनके मालिकों तथा चालकों के विरूद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने दुकान के बाहर पाटा लगाकर समान लगाने, ठेला खोमचा लगाकर यातायात बाधित करने वालों को हटाने के निर्देश दिए। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत अग्रवाल, सभी अपर कलेक्टर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एस.डी.एम सहित यातायात प्रभारी और राष्ट्रीय राजमार्ग विकास प्राधिकरण के प्रतिनिधि, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी भी शामिल हुए। बैठक में कलेक्टर ने फाफाडीह चौक, अवंती बाई चौक पर स्थित बिजली के ट्रांसफारमरों को हटाने का काम तेजी से करने के निर्देश दिए। उन्होंने पचपेड़ी नाका, भाठागांव और संतोषी नगर ब्रिजो की सर्विस रोडों पर विद्युत खंबों को हटाकर अंडरग्राउंड केबलिंग के काम की भी अद्यतन जानकारी अधिकारियों से ली। विद्युत विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस काम के लिए निविदा बुलाई गई है। निविदा प्रक्रिया का पालन करते हुए जल्द ही इसके लिए कार्य एजेंसी तय कर दी जाएगी। बैठक में कलेक्टर ने एक्सप्रेस वे फुण्डहर चौक से वी.आई.पी रोड के बीच भारी वाहनों की आवाजाही बढ़ने से दुर्घटनाओं की आशंका जताई। कलेक्टर ने कहा कि इस सड़क पर भारी वाहन चलने से सड़क भी जल्द ही खराब होगी। एक्सप्रेस वे फुण्डहर चौक से वी.आई.पी रोड के बीच भारी वाहनों को रोकने के लिए सड़क पर हाईगेज बेरियर लगाने पर बैठक में सहमति हुई। इसके साथ ही अवंती बाई चौक से क्रिस्टल आरकेड तक डिवाइडर बनाने की भी सहमति बैठक में हुई। कलेक्टर ने शहर में 9 और राष्ट्रीय राजमार्ग पर 15 नए चिन्हांकित किए गए ब्लैक स्पॉट को सुधारने के लिए रोड सेफ्टी इंजीनियरों के साथ संयुक्त निरीक्षण कर सुधारात्मक उपाय सुझाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

## गुणवत्तापूर्ण मच्छर उन्मूलन पर विशेष फोकस करने के निर्देश

**रायपुर 3 मार्च।** आज नगर पालिक निगम रायपुर के मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन के सामने नगर निगम मुख्यालय स्वास्थ्य विभाग द्वारा पेस्ट कंट्रोल कार्य से सम्बंधित विषय विशेषज्ञ की विशेष उपस्थिति में सभी जोन स्वास्थ्य अधिकारियों सहित कार्य से सम्बंधित लगभग 150 सफाई कर्मचारियों को महापौर श्री एजाज ढेबर, सभापति श्री प्रमोद दुबे, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष श्री नागभूषण राव, आयुक्त श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार राजधानी शहर रायपुर के सभी 10 जोनों के समस्त 70 वार्डों में जनहित में जनस्वास्थ्य सुरक्षा हेतु मच्छर उन्मूलन अभियान का द्वितीय चरण प्रभावी तौर पर गुणवत्तायुक्त तरीके से चलाये जाने के सम्बन्ध में विशेष प्रशिक्षण दिया गया. सभी जोन स्वास्थ्य अधिकारियों सहित सम्बंधित सफाई कर्मचारियों को राजधानी शहर रायपुर के सभी 70 वार्डों में गुणवत्तापूर्ण मच्छर उन्मूलन अभियान चलाये जाने विशेष फोकस करने के निर्देश दिये गये है। पेस्ट कण्ट्रोल कार्य विषय विशेषज्ञ ने सभी सफाई कर्मचारियों को मच्छर उन्मूलन अभियान के तहत सभी 70 वार्डों में एन्टी लार्वा ट्रीटमेंट, एन्टी एडल्ट, फागिंग अभियान गुणवत्तापूर्ण तरीके से प्रभावी तौर पर चलाने पदार्थ की मात्रा सहित सभी आवश्यक जानकारी प्रायौगिक तरीके से दी।

# बिना अनुमति बनाई गई10 दुकानों का नोटिस के बाद भी नियमितीकरण नहीं करवाने पर किया सील




**रायपुर 3 मार्च।** नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर सभी 10 जोनों में बिना अनुमति निर्मित कराई गयी दुकानों पर जोनों के नगर निवेश विभाग द्वारा जोन कमिश्नरों के नेतृत्व में अभियान चलाकर कार्यवाही तेजी के साथ की जा रही है। इस क्रम में आज नगर निगम जोन क्रमांक 8 के नगर निवेश विभाग की ओर से जोन कमिश्नर श्री अरुण ध्रुव के नेतृत्व, कार्यपालन अभियन्ता श्री संजय शर्मा, सहायक अभियंता श्री ईश्वर लाल टावरे, नगर निवेश विभाग की उप अभियन्ता सुश्री रुचिका मिश्रा, श्री अक्षय भारद्वाज एवं सम्बंधित कर्मचारियों की उपस्थिति में निगम जोन क्रमांक 8 के पंडित जवाहर लाल नेहरू वार्ड क्रमांक 2 के कबीर नगर एवं शहीद भगत सिंह वार्ड क्रमांक 21 के हीरापुर रोड बाजार क्षेत्र में अभियान चलाकर वार्ड क्रमांक 2 के कबीर नगर बाजार क्षेत्र में नगर निगम जोन 8 के नगर निवेश विभाग की बिना अनुमति निर्मित कराई गयी 4 दुकानों बलराम साहू, शिव कुमार देवांगन, राजू साहू, नितिन अग्रवाल की दुकानों एवं वार्ड क्रमांक 21 के हीरापुर रोड़ बाजार क्षेत्र में सुरेश मिश्रेकर, विजय चक्रधारी, मोहित मुकेश, कुलदीप श्रीवास्तव, गिरीश कुमार, ओम श्रीवास्तव की 6 दुकानों को सम्बंधित दुकानदारों द्वारा नोटिस देने के उपरांत भी नियमितीकरण करवाने हेतु नगर निगम में आवेदन नहीं देने पर सीलबंद करने की कड़ी कार्यवाही की है. साथ ही बिना अनुमति निर्मित कराई गयी सम्बंधित 10 दुकानों के संचालकों को अपनी दुकानों का नियमानुसार नियमितीकरण करवाने शीघ्र आवेदन देने कहा गया है, अन्यथा की स्थिति में विधि अनुरूप कड़ी कार्यवाही करने की स्पष्ट चेतावनी निगम जोन 8 नगर निवेश विभाग के अभियंताओं ने सम्बंधित दुकानदारों को दी है। जोन कमिश्नर ने कहा कि जिन दुकानदारों ने रायपुर नगर पालिक निगम के नगर निवेश विभाग की बिना अनुमति दुकानों का निर्माण कराया है, वे स्वतः अपनी दुकानों का नियमानुसार नियमितीकरण करवाने हेतु आवेदन शीघ्र जोन कार्यालय के नगर निवेश विभाग में दे देवें, अन्यथा की स्थिति में अभियान चलाकर निगम जोन नगर निवेश विभाग द्वारा नियमितीकरण नहीं करवाये जाने पर सीलबंद करने की कड़ी कार्यवाही की जायेगी। इसी प्रकार आज निगम जोन 7 कमिश्नर श्री विनोद पाण्डेय के निर्देश पर जोन नगर निवेश विभाग के सहायक अभियंता श्री शरद देशमुख, उपअभियंता सुश्री सपना एवं संबंधितों की उपस्थिति में जोन के तहत शहीद मनमोहन सिंह बख्शी वार्ड क्रमांक 23 के कोटा रामनगर मार्ग में 6 दुकानदारों राजेश मोटवानी, गोपाल अग्रवाल, शैलेन्द्र गोयंका, अपूर्वा अग्रवाल, रैनी सिंग चावला, कंचन पवार की दुकानों को निगम जोन 7 नगर निवेश विभाग की बिना अनुमति निर्माण कराये जाने पर सील बंद करने की कडी कार्यवाही की गई है। वहीं जोन 4 के प्रभारी जोन कमिश्नर श्री हेमंत शर्मा के निर्देश पर कार्यपालन अभियंता श्री लोकेश चंद्रवंशी , सहायक अभियंता श्री दीपक देवांगन, जोन नगर निवेश विभाग की उपअभियंता सुश्री मनीषा निराला, श्री नवीन वर्मा एवं संबंधित कर्मचारियों ने जोन के तहत पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड क्रमांक 35 के क्षेत्र में शुभम के मार्ट की 3 दुकानों, अभिनंदन टावर्स, मोहे मान्यवर सहित 10 बडी दुकानों के संचालकों को अगले 24 घंटे के भीतर नियमानुसार नियमितिकरण आवेदन जोन 4 कार्यालय में जमा करने नोटिस दी है।

## महापौर हेमा देशमुख ने ली उद्योगपतियों की बैठक

**राजनांदगांव 3 मार्च।** महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने आज अपने कक्ष में निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी की उपस्थिति में शहर के उद्योगपतियों की बैठक लेकर नगर सौदर्यीकरण के तहत जी.ई.रोड के दोनों ओर सौदर्यीकरण कर अपने फर्म का विज्ञापन कर उसकी देख रेख करने की अपील की। महापौर श्रीमती देखमुख ने बैठक में कहा कि बड़े शहरों की तर्ज पर संस्कारधानी नगरी राजनांदगांव का सौदर्यीकरण आप सबके सहयोग से करना है, प्रथम चरण में जी.ई.रोड के दोनों ओर रिक्त स्थल पर आप लोग आकर्षक विद्युत सौदर्यीकरण कर अपने फर्म का विज्ञापन एलईडी लाईट के माध्यम से कर सकते है, इससे उक्त स्थल का सौदर्यीकरण होकर अच्छे से देख रेख हो जायेगी और आप लोग के फर्म का विज्ञापन भी हो जायेगा। आप लोग अपनी सुविधा के अनुसार स्थल का चयन कर सकते है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पहल प्रदेश के बड़े शहर रायपुर बिलासपुर में हो चुकी है, इसी प्रकार संस्कारधानी राजनांदगांव में भी करनी है।

## त्रिपुरा,नागालैंड में भाजपा की जीत मोदी मॉडल का नतीजा:अरुण साव

**रायपुर 3 मार्च।** छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सांसद अरुण साव ने त्रिपुरा और नगालैंड में भारतीय जनता पार्टी की शानदार जीत और मेघालय में भी अच्छे नतीजों पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विकास मॉडल की जीत बताते हुए कहा है कि कांग्रेस तीनों राज्यों में बुरी तरह पिट गई। यह साबित हो गया है कि देश कांग्रेस मुक्त भारत की तरफ बढ़ गया है। छत्तीसगढ़ में भी कांग्रेस अपने सफाए के लिए तैयार रहे। देश की जनता कांग्रेस के कर्मों और नीतियों की वजह से इस पार्टी से नफरत करने लगी है। उन्होंने कहा कि इन राज्यों के चुनाव में हमारी जीत ने फिर जाहिर कर दिया कि देश की जनता की पसंद केवल भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। त्रिपुरा नागालैंड में भाजपा को समर्थन देकर जनता ने साफ संदेश दिया है कि उसे भ्रष्टाचार मुक्त विकास की राजनीति करने वाली भाजपा ही पसंद है। कांग्रेस को एक बार फिर नकार दिया गया है। तीनों राज्यों में कांग्रेस का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सांसद अरुण साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ के कई नेता भी वहां कांग्रेस के तथाकथित भूपेश मॉडल की बात कर रहे थे। जनता ने पहले की तरह फिर से एक बार कांग्रेस का भ्रष्ट मॉडल ठुकरा दिया है। कांग्रेस की हार कांग्रेस मुक्त भारत की तरफ एक और बड़ा कदम है। कांग्रेस के लिए जैसे निराशाजनक परिणाम त्रिपुरा, नागालैंड और मेघालय में आये हैं वैसे ही छत्तीसगढ़ में भी आने वाले हैं। जनता ने तय कर लिया है कि वह भ्रष्टाचार मुक्त और विकास की राजनीति करने वाली सरकार चाहती है। और, यह तो जनता जानती है कि न भय न भूख न भ्रष्टाचार, भाजपा ही दे सकती है अच्छी सरकार।

## सेमरा में मनाई गई शिवजयंती




**अंवरी 3 मार्च।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय भखारा द्वारा महाशिवरात्रि के पावन पर्व के उपलक्ष में 87वीं त्रिमूर्ति शिवजयंती महोत्सव का आयोजन ग्राम सेमरा में रखा गया था। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बी.के. अनीता ,बी.के.कीर्ति ,बी.के. करुणा बहन जी (भखारा उपसेवा केंद्र संचालिका) साथ में विशिष्ट अतिथि के रूप में हुमेंद्र गजेंद्र (जनपद सदस्य कुरूद), मोतीलाल सिन्हा (पूर्व जनपद सदस्य), श्रीमान जगदीश साहू जी (पूर्व जनपद सदस्य ),श्री राजेंद्र साहू ग्राम पटेल, कन्हैया लाल साहू (पूर्व सरपंच), श्री भागवत राम सिन्हा (पूर्व उपसरपंच) ,श्री माधव राम साहू (ग्रामीण अध्यक्ष ),श्री जगतपाल साहू, दीनदयाल साहू ,दूज राम साहू ,मुक्ति राम साहू, तथा अन्य बी.के.परिवार उपस्थित रहे। सर्वप्रथम स्वागत सम्मान के बाद दीप जलाकर सभी ने शिव पिता का ध्वजारोहण किया गया। केक कटिंग किया गया उसके पश्चात श्रीमान जगदीश साहू जी ने अपना विचार रखा। इस पावन पर्व के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बी.के. करुणा ने शिवरात्रि का आध्यात्मिक रहस्य और आत्मा परमात्मा का परिचय देते हुए कहा निराकार परमात्मा शिव को सभी धर्म के लोगों ने स्वीकार किया है चाहे किसी भी रूप में माने पर मानते सभी है,परमात्मा के बारे में जानने के लिए पांच बातें जानना बहुत जरूरी है। परमात्मा वह जो सर्वोच्च हो, सर्वपरी हो, सर्वज्ञ हो ,सर्व गुणों में अनंत हो, और सर्व धर्म मान्य हो , जिसको सभी धर्म के लोगों ने स्वीकार किया है। अंत में सभी ने ब्रह्मा भोज स्वीकार किया।

## विपक्ष के अहम प्रस्ताव पर चर्चा से भागना जनता का अपमान: चंदेल

**रायपुर 3 मार्च।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने विधानसभा में नक्सली हिंसा में भाजपा कार्यकर्ताओं के मारे जाने के संबंध में चर्चा कराए जाने की मांग को लेकर स्थगन प्रस्ताव के संदर्भ में सरकार के आचरण को दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए कहा कि सरकार चर्चा से भाग रही है। नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि जिस तरह की वारदात हो रही हैं, नक्सली वारदात में पिछले एक माह में हमारे 4 कार्यकर्ताओं की शहादत हुई है, लगातार हमारे जवान भी मारे जा रहे हैं, धर्मांतरण दुर्भाग्यपूर्ण है, आम आदमी भय से ग्रस्त है। इस पर आज भारतीय जनता पार्टी विधायक दल ने विधानसभा में स्थगन प्रस्ताव रखा। हम लोगों ने बोलना शुरू किया लेकिन दुर्भाग्य है कि छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने इस महत्वपूर्ण प्रस्ताव की चर्चा से इनकार कर दिया। चर्चा करने से भाग गई। विपक्ष के प्रस्ताव को अहमियत नहीं दी गई और परिस्थितियां विधानसभा में यह बनी कि छत्तीसगढ़ सरकार के मंत्री सदन को बाधित करते हैं। चर्चा नहीं होने देते। विपक्ष को बोलने नहीं दिया जा रहा। यह लोकतंत्र का सीधा अपमान है। लोकतांत्रिक व्यवस्था से खिलवाड़ है। छत्तीसगढ़ की विधानसभा में सदन में चर्चा नहीं करेंगे तो कहां करेंगे। चर्चा से रोका जाता है। सरकार चर्चा से पलायन करती है। यह सरकार चर्चा करने से कतराती है। आज छत्तीसगढ़ विधानसभा का अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण दिन था। हम चर्चा चाहते थे। हम आज भी चर्चा चाहते हैं। हम महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सदन में चर्चा करना चाहते हैं। कांग्रेस सरकार से जवाब चाहते हैं लेकिन कांग्रेस संसदीय मर्यादाओं का अपमान कर रही है और जनता के मुद्दों से भाग रही है।

## नेशनल पोकर सीरीज के लिए तैयार है भारत, 29 मार्च से शुरू होगा टूर्नामेंट

**रायपुर 3 मार्च।** भारत की प्रतिष्ठित पोकर सीरीज ने 'अब इंडिया खेलेगा ग्लोरी के लिए' टैगलाइन के साथ अपने 2023 के प्रचार कैंपेन को लॉन्च किया है 25 करोड़ रुपये की ईनामी राशि के साथ 300 से अधिक पदक दिए जाएंगे सीरीज 29 मार्च से 16 अप्रैल 2023 तक होस्?ट प्?लेटफॉर्म पोकरबाजी पर टूर्नामेंट का आयोजन करेगी 02 मार्च, 2023~ पोकरबाजी पर आयोजित भारत के सबसे प्रतिष्ठित पोकर टूर्नामेंट, नेशनल पोकर सीरीज इंडिया (एनपीएस) ने अपने नए कैंपेन अब इंडिया खेलेगा ग्लोरी के लिए के साथ अपने 2023 संस्करण की घोषणा कर दी है।इस वर्ष के संस्करण में कुल 107 टूर्नामेंटों में शीर्ष तीन विजेताओं को स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक दिया जाएगा और उच्चतम पदक संख्या के साथ तीन एनपीएस पदक जीतने वाले विजेता को एनपीएस इंडिया 2023 चैंपियन का ताज पहनाया जाएगा।

# लोकरंजनी ने विश्व वन्यजीव दिवस पर लोगों को किया जागरूक

**रायपुर 3 मार्च।** आज विश्व वन्यजीव दिवस के अवसर पर लोकरंजनी लोककला सांस्कृतिक समिति, बोड़रा, आरंग, रायपुर द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं वन्य जीव संरक्षण विषय पर ज्ञानवर्धक एवं बहुत सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुत किये। वन्य जीव संरक्षण पर लोकरंजनी के संचालक डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर द्वारा आज सीलतरा एवं आरंग, में जन जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत किया गया। इस अवसर पर लोकरंजनी लोककला सांस्कृतिक समिति द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर ने कहा कि विश्व वन्यजीव दिवस प्रत्येक वर्ष 3 मार्च को मनाया जाता है। यह एक ऐसा दिन है जिसका लक्ष्य आम जनता को दुनिया में पौधों और जंगली जानवरों के बारे में जानकारी देना है। इस दिन को मनाने के लिए आप कई चीजें कर सकते हैं,



मैं कुछ मूल 10 शीर्षक बताता हु और एक अंतिम जो आपको आज के दिन करना ही चाहिए हर साल विश्व वन्यजीव दिवस की एक थीम होती है। फिर कुछ शोध करें और पता करें कि वर्ष के लिए विषय क्या है, और जब आप विश्व वन्यजीव दिवस मनाते हैं तो इस विषय को ध्यान में रखें। 2 अपने आस-पास के पौधों और जंगली जानवरों के बारे में जानें।

स्थानीय वन्यजीवन के बारे में कुछ शोध करें। आप इन पौधों और जंगली जानवरों के लिए कुछ अच्छे गुणों के बारे में या खतरों के बारे में भी शोध कर सकते हैं। 3 देशी पेड़, झाड़ी और फूलों की प्रजातियों के साथ एक बगीचा लगाएं ।

ये जंगली जानवरों को एक ऐसी जगह प्रदान करने में मदद कर सकते हैं जहाँ वे अपने परिवार, भोजन और आश्रय को सामान्य रूप से पाल सकें। बस उन पेड़ों, झाड़ियों और फूलों पर पहले से कुछ शोध करें जो आपके क्षेत्र के मूल निवासी हैं और जहां वे सबसे अच्छे रूप में बढ़ेंगे, फिर उसी के अनुसार पौधे लगाएं।

यदि आपके पास आगे या पीछे का यार्ड नहीं है, तो आप एक कंटेनर गार्डन शुरू करने पर भी विचार कर सकते हैं।

आप अपने क्षेत्र के मूल निवासी होने पर कुछ फूलों के पौधे लगाने पर भी विचार कर सकते हैं, क्योंकि इससे तितलियों के लिए मदद मिल सकती है। 4 कीटनाशकों के प्रयोग से बचें। कीटनाशक कभी-कभी बहुत धीरे-धीरे नष्ट हो जाते हैं, जिससे मिट्टी में उनका स्तर बढ़ जाता है। नतीजतन, वे खाद्य श्रृंखला में समाप्त हो जाते हैं।

# आयुष्मान कार्ड पंजीयन के लिए शिविर नहीं लगाया तो होगी च्वॉइस सेंटर की आईडी निरस्त

**राजनांदगांव 3 मार्च।** कलेक्टर श्री डोमन सिंह के निर्देशानुसार में जिले के छूटे पात्र राशन कार्डधारी परिवारों के सभी सदस्यों का शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड पंजीयन किया जा रहा है। जिले में संचालित सभी च्वॉइस सेंटर संचालकों को आयुष्मान कार्ड पंजीयन हेतु वार्डवार एवं ग्रामवार व पंचायतवार शिविर लगाये जाने हेतु कार्य-योजना तैयार कर प्रदाय किया गया था। किन्तु च्वॉइस सेंटर संचालकों द्वारा शिविर लगाये जाने में रूचि नहीं ली गई और अपने च्वॉइस सेंटर में आयुष्मान कार्ड पंजीयन किए जाने की सहमति दी गई। जिला राजनांदगांव में आयुष्मान कार्ड पंजीयन के लिए निर्धारित लक्ष्य कुल पात्र राशन कार्डधारी हितग्राही 9 लाख 26 हजार 276 में से 6 लाख 49 हजार 93 पात्र हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड के लिए पंजीयन किया गया है। जो निर्धारत लक्ष्य के विरूद्ध का 70.10 प्रतिशत है।

कलेक्टर श्री डोमन सिंह ने समय-सीमा की बठैक में आयुष्मान कार्ड पंजीयन की धीमी गति पर असंतोष जाहिर किया है। उन्होंने जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को विकासखण्ड के सभी च्वॉईस सेंटर व वीएलई संचालकों की बैठक तत्काल लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से कार्य-योजना तैयार कर वार्डवार, ग्रामवार व पंचायतवार शिविर लगाकर घर-घर जाकर छूटे पात्र राशन कार्डधारी हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड पंजीयन करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही आयुष्मान पंजीयन के लिए स्वास्थ्य कार्यकर्ता, ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, मितानिन की ड्यूटी लगाने कहा गया है। यदि किसी च्वॉईस सेंटर व वीएलई संचालकों द्वारा निर्धारित कार्य-योजना अनुसार कार्य किये जाने से मना किया जाता है, तो ऐसी स्थिति में संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा संबंधित च्वॉईस सेंटर व वीएलई संचालक की आईडी निरस्त करने की कार्रवाई करने के निर्देशित किया गया है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एके बसोड ने बताया कि च्वॉइस सेंटर संचालकों द्वारा वर्तमान में राजनांदगांव नगरीय निकाय अंतर्गत छूटे सभी पात्र हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड पंजीयन 24 फरवरी 2023 से 15 मार्च 2023 तक वार्डवार शिविर लगाकर निश्शुल्क आयुष्मान कार्ड पंजीयन किया जा रहा हैं। आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु राशन कार्ड एवं आधार कार्ड लेकर आना आवश्यक है। परिवार के सभी सदस्यों का अलग-अलग आयुष्मान भारत कार्ड बनाया जाएगा। परिवार के सभी सदस्यों के साथ अपने क्षेत्र के नजदीकी च्वॉईस सेंटर एवं समस्त शासकीय अस्पताल में जाकर आयुष्मान भारत कार्ड बनवा सकते हैं। ऐसे हितग्राही जिनका आधार कार्ड अपडेट नहीं हुआ है, वे आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए नजदीकी के च्वॉइस सेंटर में जाकर तुरंत आधार कार्ड अपडेट कराएं। जिससे भविष्य में आयुष्मान कार्ड का पंजीयन किया जा सके।

## क्राइम थ्रिलर सीरीज-एक्सप्लोसिव के प्रीमियर की घोषणा की

**रायपुर 3 मार्च।** भारत की अग्रणी कंटेंट वितरण कंपनी - डिश टीवी इंडिया लिमिटेड द्वारा प्रदान किए गए सबसे तेजी से बढ़ते ओटीटी प्लेटफार्मो में से एक - वॉचो ने आज ओरिजिनल क्राइम थ्रिलर सीरीज- एक्सप्लोसिव के प्रीमियर की घोषणा की। इस शो का पेचीदा कथानक और इसके सम्मोहक चरित्र इसे रहस्य, असमंजस, नाटकीयता और रोमांच का आदर्श मिश्रण बनाते हैं जो क्राइम थ्रिलर शैली को पसंद करने वाले दर्शकों को बहुत रास आएगा। मुंबई की गलियों पर आधारित एक्सप्लोसिव, एक चरित्र के चारों ओर घूमने वाली क्राइम थ्रिलर सीरीज़ है, जो अंततः अप्रत्याशित लेकिन संतोषजनक निष्कर्ष पर पहुंचती है। इसकी कहानी किरण नाम की एक लड़की के इर्द-गिर्द बुनी गई है।

### मोर जमीन-मोर मकान योजना के तहत आवास निर्माण समय सीमा में करने दिये निर्देश

# प्रधानमंत्री आवास योजना की महापौर ने की समीक्षा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 3 मार्च।** महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने आज अपने कक्ष में निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना के अधिकारियों तथा वास्तुवित व सर्वेयर की टीम के साथ सयुक्त बैठक ली। बैठक में मोर जमीन मोर मकान योजना के तहत हितग्राहियें के आवास निर्माण बिना किसी शिकायत के समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आवास योजना में अनियमितता या किसी हितग्राही द्वारा पैसा लेनदेन की शिकायत पर कडी कार्यवाही की जावेगी।महापौर श्रीमती देशमुख ने बैठक में मोर जमीन मोर मकान के तहत सभी स्वीकृत आवासों को जल्द से जल्द प्रारंभ करने एवं जिन आवासों के कार्य प्रगतिरत है, उन आवासों के लिये स्तरबंद्ध जीओ टैकिंग कर जल्द भुगतान करने के निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा कि वे वास्तुवित जिनके द्वारा हितग्राही मूलक इस योजना में किसी प्रकार की कोई पैसे लेनदेन की शिकायत प्राप्त होती है, तो उस वास्तुवित का अनुबंध निकाय स्तर पर रद्द करने के लिये, योजना के नोडल एंव सहायक नोडल अधिकारी को स्पष्ट रूप से निर्देशित किये। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव निकाय के विभिन्न वार्डो में योजनांतर्गत, आवासों का निर्माण करने वाले हितग्राहियो को आवास प्रारंभ करने के पूर्व ही नियमानुसार निर्धारित 30 वर्गमीटर कार्पेट क्षेत्र में निर्माण करने की जानकारी संबंधित वास्तुवित आवश्यक रूप से देवे। जानकारी देने के उपरांत भी अतिरिक्त निर्माण करने वाले हितग्राहियों को भवन अनुज्ञा शुल्क जमा करने की जानकारी उपलब्ध करावे। वार्ड में अगर ठेकेदार के द्वारा किसी प्रकार के पैसे लेन देन की बात संज्ञान में आती है तो हितग्राही को जानकारी देवे, की निकाय के द्वारा कोई भी ठेकेदार इस आवास योजना हेतु निगम द्वारा मनोनीत नहीं है। हितग्राही स्वयं से अपना आवास निर्माण कर सकते है। वास्तुवित केवल स्थतरबद्ध भुगतान हेतु जीओ टैकिंग करने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि शासन की योजना का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही को समय सीमा में मिले, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये। अपालन या किसी भी प्रकार की शिकायत पर संबंधित के विरूद्ध कडी कार्यवाही की जावेगी। आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी ने कहा कि योजन के तहत निर्माणाधीन आवास समय सीमा में पूर्ण करे, अप्रारंभ कार्य तत्काल प्रारंभ करे। उन्होंने कहा कि अतिरिक्त निर्माण पर भवन अनुज्ञा के लिये संबंधित हितग्राही को निगम में स्वयं सम्पर्क कर प्रक्रिया करने जानकारी देवे। इस संबंध में किसी प्रकार की अनियमितता की शिकायत प्राप्त होने पर कडी कार्यवाही की जावेगी। उन्होंने आवास योजना के संबंधित अधिकारियो को मानिटरिंग करने व संमय समय पर समीक्षा करनें के निर्देश दिये।

## संपादकीय

# बदमाश डरें तो जनता को अच्छा लगता है

राज्य का मुख्यमंत्री ऐसा होना चाहिए जिससे गुंडे,बदमाश व माफिया डरे। जनता अपने आपको सुरक्षित महसूस करे। देश के ज्यादातर राज्यों में कानून व्यवस्था की स्थिति बहुत अच्छी नहीं कही जा सकती क्योंकि वहां अपराधी में सरकार का डर नहीं है, वह बेखौफ अपराध करते हैं। देश में यूपी ही ऐसा राज्य है जहां मापिया सरकार व सीम से डरते है। इतना डर तो माफिया में होना ही चाहिए। ज्यादातर राज्यों में वैसी स्थिति है जैसी कभू यूपी में थी। माफिया को सरकार का संरक्षण मिलता है। क्योंकि वह किसी न किसी राजनीतिक दल से जुड़े रहते हैं। सरकार की छाया में फलते फूलते हैं। चुनाव में राजनीतिक दलों का सहयोग कते हैं। ऐसे ही राज्यों में राजनीति का अपराधीकरण हुआ है तथा खूब हुआ है। यूपी विधानसभा में सीएम योगी आदित्यनाथ ने जिसे दृढ़ता से कहा कि वह माफिया को मिट्टी में मिला देंगे वैसा कोई मुख्यमंत्री आज तक कह नहीं पाया है ।कम से कम यूपी के विधानसभा में तो किसी सीएम ने ऐसा कहा नहीं है क्योंकि यूपी में मफिया को उन्होंने पालपोस कर इतना बड़ा बना दि कि शासन प्रशासन सहित जनता को भी उनसे डरना पड़ता था। किसी सरकार को माफिया के कैसा व्यवहार करना चाहए यह राज्यों के सीएम को योगी आदित्यनाथ से सीखना चाहिए। यह योगी आदित्यनाथ की बड़ी सफलता है कि जनता को उन पर भरोसा है कि वह उनकी रक्षा कर सकते हैं तो माफिया में उतना ही ज्यादा डर है कि योगी से पंगा नहीं लेना है, वह कहते हैं मिट्टी में मिला दूंगा तो मिला भी देते हैं। एक हत्याकांड के गवाह की हत्या हुई तो यूपी सीएम ने जैसी कार्रवाई की वैसी कार्रवाई दूसेर सीएम करेने की हिम्मेत नहीं कर पाते हैं, अतीक अहमद को जो गुर्गा हत्या में शामिल था, उसे ढूंढकर मार दिया गया है तथा उसेक मकान पर बुलडोजर चला दिया गया है। योगी आदित्यनाथ के इस रौद्र रूप से यूपी का माफिया जिससे पूरा यूपी डरता था आज वह सीएम योगी आदित्नाथ से डरा हुआ है। इतना डरा हुआ है कि वह यूपी आना ही नहीं चाहता है, उसने सुप्रीम कोर्ट से मांग की है कि उससे यदि यूपी पुलिस को पूछत्ाछ करनी है तो गुजरात में ही की जाए। क्योंकि उसे डर है कि उसे गुजरात से यूपी ले जाते वक्त एनकाऊंटर कर मार दिया जाएगा। उसने सुप्रीम कोर्ट से यह मांग भी की है कि उसे यूपी की किसी जेल में भी न भेजा जाए अगर ऐसा किया जाता है तो उस पर रोक लगाई जाए क्योंकि यूपी में उन्हें मार दिया जाएगा। कभी अतीक अहमद से लोग इतना डरते थे कि वह किसी को भी कहीं भी , कभी भी मार सकता है। पहले अतीक अहमद के कारण लोगों मौत का खौफ होता था आज अतीक अहमद में यूपी में मार दिए जो का खौफ है। माफिया में सरकार का इतना और ऐसा ही खौफ होना चाहिए।तब ही राज्य की कानून व्यवस्था अच्छी बनी रहती है, अपराधी अपराध करते हुए डरते हैं। हमारे छत्तीसगढ़ में कानूव व्यवस्था का हाल बहतु अच्छा नहीं कहा जा सकता। सरकार का इतना डर नहीं है कि अपराधी अपराध करते हुए डरे। पुलिस व सरकार का खौफ न होने के कारण ही राज्य में आए दिन चाबूबाजी होती है, माफिया लोगों को मारपीट कर डराते रहते हैं, कल ही समता कालोनी में एक छात्र की कैंची मारकर हत्याकर दी गई।नक्सली आए दिन हिंसा करत रहते हैं। लोग उनकी शिकायत करने से डरते हैं। राज्य में रेत माफिया पर किसी तरह का अंकुश न होने के कारण लोगों को महंगी रेत खरीदनी पड़ती है। हाल में एक भाजयुमों नेता पर रेत माफिया ने हमला कर उसके दोनों पैर तोड़कर अपना आंतक फैला दिया है। सरकार व शासन ऐसे माफिया के खिलाफ यदि कोई कड़ी कार्रवाई नही करती है तो इसका असर तो यह होगा कि राज्य में माफिया अपना आतंक राज्य कायम कर लेंगे तथा वही करेंगे जो वह करना चाहते हैं। सरकार का काम जनता को सुरक्षित माहौल देना है, ताकि जनता रात को घर से बाहर निकलते वक्त सुरक्षित रहे। किसी भी राज्य में जब अपराध बढ़ जाते हैं तो उसका सबसे ज्यादा असर जनता पर ही पड़ता है। वह घर से बाहर निकलने में डरती है। कभी यूपी में भी यही हाल था, वहां भी लोग शाम होते ही घर से बाहर निकलने में डरते थे, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने गुंडों बदमासों व माफिया पर निरंतर कड़ी कार्रवाई कर सबको सुधार दिया है। बड़े से बड़ा माफिया आज यूपी में कुछ करते हुए डरता है। हर राज्य के सीएम ऐसा कर सकते हैं जब यूपी के सीएम कर सकते हैं तो बाकी सीएम भी कर सकतेहैं,उन्हें जरूर करना चाहिए।

## आज का राशिफल

**मेष : (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**-आज आपका दिन सामान्य रहेगा। किसी महत्वपूर्ण संस्था के साथ जुड़ने का आपको मौका मिल सकता है। जो कि आपके लिए बहुत ही फायदेमंद साबित होगा। आपका मान-सम्मान भी बढ़ेगा। बच्चों के लिए समय अवश्य निकालें। इस समय प्राकृतिक चीजों पर अपना अधिक से अधिक समय व्यतीत करें। इससे आपको मानसिक व आत्मिक शांति महसूस होगी।

**वृष : (ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)**-आज मान प्रतिष्ठा बढ़ेगी। रुके हुए कार्य पूर्ण होंगे। इस समय दूरदराज की व्यवसायिक पार्टियों से संपर्क स्थापित करें। आपको बाहरी गतिविधियों से महत्वपूर्ण ऑर्डर मिलने के योग बन रहे हैं। इनकम के सोर्स भी अभी कमजोर रहेंगे। ऑफिस में किसी नए प्रोजेक्ट को हाथ में लेने से पहले उसके बारे में पूरी जांच-पड़ताल अवश्य करें। स्वास्थ्य सही रहेगा।

**मिथुन : (का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, हा)**-आज आपका दिन उत्तम रहेगा। इस समय ग्रह स्थितियां और भाग्य दोनों ही आपके पक्ष में काम कर रहे हैं। समय का भरपूर सदुपयोग करें। संतान के कैरियर संबंधी प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता मिलने से खुशी भरा माहौल रहेगा। अगर संपत्ति संबंधी कोई मसला चल रहा है तो आज किसी की मध्यस्थता से हल हो सकता है। स्वास्थ्य लाभ होगा।

**कर्क : (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)**-आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। पारिवारिक सुख मिलेगा। इस समय बिजनेस संबंधी किसी भी काम में पैसा लगाने से परहेज करें। क्योंकि अभी परिस्थितियां अनुकूल नहीं है। इस समय वर्तमान गतिविधियों पर ही अपना ध्यान केंद्रित रखें। कुछ नया करने का प्लान अभी स्थगित कर दें। स्वास्थ्य सुधार होगा।

**सिंह : (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)**-आज किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति से मुलाकात आपको जीवन की एक नई दिशा प्रदान करेगी। और आप अपने कार्य संबंधी योजनाओं को बेहतरीन तरीके से अंजाम दे पाएंगे। पैतृक प्रॉपर्टी संबंधी मामले सुलझाने के लिए आज समय उचित है। खुद के लिए समय अवश्य निकालें। स्वास्थ्य बढ़िया रहेगा।

**कन्या : (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**-आज जनसंपर्क आपके लिए फायदेमंद साबित होंगे। आत्मविश्वास तथा आत्मबल को मजबूत बनाकर रखें। इस समय आपको कोई ऑर्डर तथा अनुबंध हासिल होने वाले हैं। ऑफिस में भी आपके उचित कार्यों की वजह से कोई अथॉरिटी मिल सकती है। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**तुला : (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)**-आज आपका दिन मनोहारी रहेगा। बस इस समय भावनाओं के बजाय चतुराई और विवेक से काम लेना स्थितियों को आपके पक्ष में करेगा। संतान प्राप्ति संबंधी भी कोई शुभ सूचना मिल सकती है। जिससे पारिवारिक प्रसन्नता बनी रहेगी। कोई रुका हुआ कार्य भी पूरा करने के लिए यह उचित समय है। स्वास्थ्य बेहतर रहेगा।

**वृश्चिक : (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)**-आज आपका दिन मनोनुकूल होगा। व्यवसायिक स्थिति अब बेहतर हो रही है। थोड़ी बहुत परेशानियां आएंगी लेकिन इनकी वजह से कोई भी काम नहीं रुकेगा। कार्यक्षेत्र की आंतरिक गतिविधियों पर ध्यान रखना जरूरी है। सामाजिक दायरा मान सम्मान देगा। स्वास्थ्य सही रहेगा।

**धनु : (ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)**-आज आपका समय सावधान रहने का है। कार्यालय अथवा दुकान के स्टाफ पर कड़ी नजर अवश्य रखें, इनकी मिली भगत आपके लिए नुकसानदायक हो सकती है। अपने महत्वपूर्ण कागजात तथा दस्तावेजों को संभालकर रखें। ऑफिस में भी कुछ राजनीतिक वातावरण जैसा बना रहेगा। स्वास्थ्य लाभ निश्चित है।

**मकर : (भो, जा, जी, खी, खू, खा, खो, गा, गी)**-आज आप अपनी किसी नकारात्मक आदत को छोड़ने का संकल्प करेंगे। इस कार्य में घर के बड़े बुजुर्गों का भी आशीर्वाद व सहयोग रहेगा। विद्यार्थियों को भी कैरियर संबंधी किसी समस्या का समाधान मिलने से बहुत अधिक राहत और सुकून प्राप्त होगा। स्वास्थ्य बेहतर रहेगा।

**कुंभ : (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)**-आज आपका समय मेहनत वाला रहेगा। व्यवसायिक गतिविधियों के लिए आपने जो लक्ष्य निर्धारित किया है, उसके लिए अभी और अधिक मेहनत की जरूरत है। दूरदराज के अपने संपर्क सूत्रों में और अधिक मजबूती लाने की जरूरत है। सरकारी सेवा वाले लोगों का काम ज्यादा रहेगा। स्वास्थ्य सही रहेगा।

**मीन : (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)**-आज घर परिवर्तन या यात्रा संबंधी कोई योजना बन रही है तो उसे अंजाम देने के लिए उचित समय है। किसी भी काम में घर के वरिष्ठ लोगों की सलाह अवश्य लें और उस पर अमल भी करें। आपके लिए यह बहुत ही लाभदायक रहेगा। सामाजिक दायरा बढ़ेगा। स्वास्थ्य सुधार होगा।

# मानव जीवन व प्रकृति के रक्षक की भूमिका में वन्यजीव

## विश्व वन्यजीव दिवस

**डॉ. प्रितम भि. गेडाम**



हर साल 3 मार्च को ÷विश्व वन्यजीव दिवस÷ दुनियाभर में जैवविविधता और वन्यजीवों के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। इस साल की थीम ÷वन्यजीव संरक्षण के लिए साझेदारी÷ यह है। बड़े-बड़े जानवरों से लेकर किट-पतंगों तक, पृथ्वी पर जीवन की विशाल विविधता मानव जीवन और कल्याण में बहुत अधिक योगदान देती है। 50,000 जंगली प्रजातियां दुनियाभर में अरबों जनसंख्या की जरूरतों को पूरा करती हैं। दुनिया में हर 5 में से 1 व्यक्ति आय और भोजन के लिए जंगली प्रजातियों पर निर्भर है, जबकि आज भी 2.4 अरब लोग खाना पकाने के लिए लकड़ी के ईंधन पर निर्भर हैं। अनेक गुणकारी पेड़-पौधे भी लुप्तप्राय प्रजातियों के समूह में आ गए हैं। पिछले 40 वर्षों में, वन्यप्रजातियों की आबादी में औसतन 60 प्रतिशत की गिरावट देखी गयी है। वर्तमान में 10 लाख से ज्यादा प्रजातियां खतरे में हैं। सभी को वर्तमान में मौजूद वन्यजीव, प्रजातियों और जलीय जीवन के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना जरुरी है। पृथ्वी पर मानवी जीवन का अस्तित्व बनाए रखने के लिए वन्यजीवों का संरक्षण बेहद आवश्यक है।

**मनुष्य की लालसा चरम पर :-** जैसा कि हम सब जानते है कि दुनिया में मनुष्य से ज्यादा खुखार, धूर्त, लालची जानवर अन्य कोई नहीं है। आज प्रत्येक मनुष्य खुद के फायदे के लिए जद्दोजहद में लगा हुआ नजर आता है, चाहे उसके स्वार्थ के कारण अनेक मासूमों की जिंदगी तबाह क्यों न हो जाये। गांव उजड़ते जा रहे है, शहरों की ओर तेजी से पलायन जारी है, शहर महानगरों का स्वरुप धारण कर रहे है। शहरों के आसपास के गांवों की उपजाऊ खेती में फसल की जगह अब बड़ी-बड़ी आलिशान इमारतें बनायीं जा रही है। प्रदूषण, मिलावटखोरी, जंगल कटाई, यांत्रिक साधनों का अत्यधिक प्रयोग, नैसर्गिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन पर्यावरण के चक्र को बिगाड़ रहा है। आज व्यक्ति को अपने घर-आँगन में खुली जगह या पेड़-पौधे नहीं बल्कि अधिक से अधिक कांक्रीट के कमरे चाहिए, चाहे इसके लिए दूसरों की जगह पर अतिक्रमण ही क्यों न करना पड़े। आज का स्वार्थी मानव अपनी गलती की सजा पुरे पर्यावरण और सजीव वर्ग को दे रहा है, जिसका सीधा असर इकोसिस्टम पर पड़ता है। प्रकृति के साथ छेड़छाड़ करने के कारण ग्लोबल वार्मिंग, ओजोन लेयर की समस्या, बढ़ता तापमान, खाद्यसुरक्षा की कमी, बाढ़ और सूखा, प्राकृतिक आपदा, बढ़ती गंभीर बीमारियां ऐसे ही लोगो की गलती की देन है। उदाहरण के लिए देखा जाए तो दुनिया में उतने लोग नहीं है जितने उनके लिए मोबाइल बनाये गए है, लेकिन जरूरत के बाद ये करोड़ों की संख्या में मोबाइल का सौ प्रतिशत योग्य व्यवस्थापन (रीसायकल) पर्यावरण को कोई भी हानि न पहुंचाते हुए किया जाता है?

**मानवी जीवन वन्यजीवों पर आधारित :-** आज के इस आधुनिक युग को देख कर तो ये लगता है कि मानव जीवनदायिनी प्रकृति के भक्षक और वन्यजीव प्रकृति के अनादिकाल से रक्षक की भूमिका में तत्परता से लगे हुए है। प्रत्येक मनुष्य को पता है कि जीवित रहने के लिए सबसे जरुरी शुद्ध प्राणवायु, जल और अन्न ये प्रकृति की देन है, इसके बगैर मानवीय अस्तित्व खत्म है। फिर भी लोग सुन्दर जीवनदायिनी प्रकृति को बचाने के बजाय उसी को नुकसान पहुंचाने पर लगे रहते है। वन्यजीव जलवायु परिवर्तन की सुरक्षा करके पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य स्त्रोत बनाये रखने में अहम् भूमिका निभाते है जिससे जैवविविधतापूर्ण इकोसिस्टम बेहतर ढंग से काम करता है। मृदा की गुणवत्ता और उर्वरता में सुधार होता है। वनौषधि, दवा, व्यवसाय हेतु कच्चा माल, शुद्ध हवा, पानी मिलता है। सभी वन्यजीव पर्यावरण के सुधार में मूल्यवान भूमिका निभाते है। कोरोना में लॉकडाउन के दौरान जब दुनिया में मानव निर्मित संसाधन पूरी तरह से थम गए थे, मानवी हस्तक्षेप पूरी तरह से रुक गया था, तब यही जीवनदायिनी प्रकृति वन्यजीवों के बदौलत अपनेआप को तेजी से बेहतर बना रही थी, अर्थात मानव जीवन के लिए आवश्यक नए आयाम बन रहे थे। सुन्दर प्रकृति का अलौकिक नजारा उस समय देखा गया जो हमारी जिंदगी के लिए सबसे मूल्यवान है।

आजकल अक्सर अखबारों में वन्यजीव दुर्घटना, वन्यजीव व मानव संघर्ष, लगातार मृत्यु की खबरें मिलती है। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण अनुसार, देश में इस वर्ष 2023 के पहले दो महीनों में बाघों की मृत्यु की उच्च संख्या 30 पहुंच गई है, जो बेहद चिंताजनक है, यह है देश के राष्ट्रीय पशु की स्थिति। हर साल जंगल का क्षेत्रफल सिकुड़कर मानवी आवासीय क्षेत्रफल तेजी से बढ़ रहा है। गर्मियों के मौसम में अनेक बार सर्वसुविधाओं से परिपूर्ण बुद्धिमान प्राणी ÷मनुष्य÷ भी शुद्ध जल और हरियाली के लिए दूर-दूर तक भटकता नजर आता है। मनुष्य के कल्याण और उनकी समस्याओं के निवारण के लिए जनप्रतिनिधि, मीडिया, प्रशासन, मंत्रालय, न्यायालय जैसी व्यवस्था है, फिर भी अनेक परिस्थिति में मनुष्य हताश नजर आता है। वन्यजीवों की जरूरतें मनुष्य की भांति असीमित नहीं होती है।

जंगली क्षेत्र में बढ़ता मानवीय हस्तक्षेप सबसे बड़ी समस्या है वन्यजीवों के लिए। आज लोगों को जंगलों में, प्रकृति की गोद में जीवन के आरामदायक पल बिताने के लिए फार्महाउस चाहिए, परन्तु उस जीवनदायिनी प्रकृति के संरक्षण की जिम्मेदारी नहीं चाहिए। अगर वन्यजीवों को उनके भूख, प्यास की समस्या का निवारण और उनके नैसर्गिक आवास को नुकसान न पहुंचाए तो वे भी अपने अधिवास क्षेत्र में प्राकृतिक रूप से जी सकेंगे। प्रकृति से मानव ने उतना ही लेना चाहिए जितने की उसे जरुरत हो और वक्त के साथ उसे फिर मानव ने प्रकृति को लौटाते हुए चलना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ी भी पृथ्वी पर खुलकर जी सकें। प्रकृति के आगे हम सब शून्य है, वन्यजीवों का अंत अर्थात मानव जीवन का अंत है। जिंदगी के लिए प्रकृति जीवनदायिनी है और प्रकृति के रक्षा के लिए वन्यजीव सृष्टि आवश्यक है, इसलिए मानव ने अपना अस्तित्व बचाने के लिए वन्यजीवों को बचाना होगा।

# मातृभाषा शिक्षा की आधारशिला

## भाषा-बोली

**धर्मेंद्र प्रधान**

भारत एक बहुभाषी देश है। इसके विभिन्न भागों में ढेर सारी भाषाएं बोली जाती हैं। संविधान की आठवीं अनुसूची में वर्णित बाईस भाषाओं और दस हजार से अधिक वक्ताओं द्वारा बोली जाने वाली निन्यानबे भाषाओं के अलावा, कई अन्य ऐसी भाषाएं एवं मातृभाषाएं हैं जो छोटे भाषाई समुदायों के बीच बोली जाती हैं। यह भारतीय सामाजिक व्यवस्था का एक अंतर्निहित गुण है कि हम कई भाषाओं का उपयोग करते हैं और उसका आनंद लेते हैं। भाषाएं हमें जोड़े रखती हैं। हमारी सारी विविधताएं केवल बाहर से दिखाई देती हैं, लेकिन वास्तव में हम एक हैं। इस विविधता का उत्सव हम एकता में मनाते हैं।

21 फरवरी को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के इस वर्ष के संस्करण में 'बहुभाषी शिक्षा-शिक्षा में बदलाव की जरूरत' विषय पर ध्यान केन्द्रित किया गया। यूनेस्को की नीति के अनुरूप, हम मातृभाषाओं के उपयोग को बढ़ावा देने के प्रति अपने दृढ़ विश्वास को दोहराते हैं। यह न सिर्फ सभी स्तरों पर शिक्षा को आगे बढ़ाने में मदद करेगा, बल्कि हमारे देश की समृद्ध भाषाई, सांस्कृतिक एवं ज्ञान परंपराओं के बारे में संपूर्ण जागरूकता को भी विकसित करेगा।

जैसाकि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने मातृभाषा में शिक्षा देने पर जोर दिया है, हम बच्चों को उनकी मातृभाषा में शिक्षा के अधिकार का समर्थन करते हैं और इसकी सुविधा प्रदान करते हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा है, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सामने आने के बाद, इस बात पर बहुत चर्चा हुई है कि शिक्षा देने की भाषा क्या होगी। यहां हमें एक वैज्ञानिक तथ्य को समझना होगा कि भाषा शिक्षा का माध्यम होती है, वह संपूर्ण शिक्षा नहीं है।

बहुत अधिक किताबी ज्ञान में फंसे लोग अक्सर इस अंतर को समझने में विफल रहते हैं। बच्चा जिस भी भाषा में आसानी से सीख सके, उस भाषा को ही शिक्षा का माध्यम होना चाहिए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 बहुभाषावाद को बढ़ावा देने की वकालत करती है और शिक्षण एवं सीखने की प्रक्रिया में भाषा की शक्ति पर प्रकाश डालती है। यह नीति मातृभाषा के उपयोग को शामिल करके आजीवन एक समान शिक्षा सुनिश्चित करने के प्रयासों में तेजी ला सकती है क्योंकि मातृभाषा पर आधारित बहुभाषी शिक्षा को हमारी शिक्षा प्रणाली का एक प्रमुख घटक होना चाहिए। हम पाठ्यक्रमों और कक्षाओं में मातृभाषाओं के उपयोग को प्रोत्साहित करने के महत्व पर बल देते हैं। लंबे समय तक उपनिवेशीकरण के कारण, हमने भारतीय भाषाओं और उनकी समृद्ध भाषाई परंपराओं की उपेक्षा की है। हमें अपने मन को गुलामी से मुक्त करना होगा, अपने गुलामी के रवैये से छुटकारा पाना होगा और अधिक से अधिक ऊंचाइयों को हासिल करने के लिए अपना रास्ता खुद बनाना होगा। एनईपी 2020 प्रारंभिक बचपन की देखभाल व शिक्षा के सार्वभौमिकरण और सभी भारतीय भाषाओं में सीखने पर जोर देता है।

मातृभाषा संवाद का सच्चा साधन है, जोकि हमारी पहचान का मूल आधार है व हमारे व्यक्तित्व का एक अविभाज्य अंग है और हमें इसे कभी नहीं खोना चाहिए क्योंकि यह हमारे अस्तित्व के समृद्ध सांस्कृतिक ताने-बाने को वहन करता है। आजीवन सीखने के परिपेक्ष्य में और विभिन्न संदर्भों में शिक्षा को बदलने की दृष्टि से बहुभाषावाद की क्षमता अच्छी तरह से स्थापित है। अपनी मातृभाषा में ज्ञान और जानकारी का उपयोग कर पाने या उस तक पहुंच सकने में सक्षम न हो पाना व्यक्तित्व के विकास और बौद्धिक स्वतंत्रता को सीमित कर सकता है। हमें माता-पिता, देखभाल करने वालों और शिक्षकों को अपने बच्चों को मातृभाषा में सीखने की प्रक्रिया में सहायता करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए ताकि उनकी मातृभाषा स्कूल की अन्य भाषाओं के साथ-साथ विकसित हो। यह न सिर्फ शिक्षार्थियों को उनकी अपनी भाषा में अकादमिक साक्षरता विकसित करने में सहायता करेगा बल्कि विभिन्न अवधारणाओं को समझने और अन्य भाषाओं को सीखने में भी समर्थ बनाएगा।

भारत की बहुभाषी प्रकृति की दृष्टि से स्कूली शिक्षा के पाठ्यक्रमों में कई भाषाओं को शामिल करना जरूरी है। विभिन्न अध्ययनों से यह पता चलता है कि स्कूल के पाठ्यक्रमों में कई भाषाओं को शामिल करने को अतिरिक्त भार नहीं माना जाता है। कई अध्ययनों ने यह दर्शाया है कि मातृभाषा के माध्यम से दी गई प्राथमिक शिक्षा बच्चे की संज्ञानात्मक क्षमताओं को सबसे बेहतर तरीके से विकासित करती है और बुनियादी साक्षरता कौशल को अर्जित करने एवं जटिल अवधारणाओं की समझने की प्रक्रिया को सरल बनाती है। दूसरे शब्दों में, अपनी मातृभाषा में प्राथमिक शिक्षा प्राप्त करने वाले बच्चे अपने शैक्षिक आधार का निर्माण दूसरी भाषा के माध्यम से शिक्षा प्राप्त करने वाले बच्चों की तुलना में बेहतर तरीके से करते हैं। शिक्षा के माध्यम के रूप में सिर्फ किसी एक खास भाषा का उपयोग न सिर्फ कई बच्चों को उनकी अपनी मातृभाषा के मामले में निरक्षर बनाता है, बल्कि यह उस खास भाषा में भी निम्नतर स्तर की उपलब्धि को बढ़ावा देता है। स्कूल की पढ़ाई बीच में ही छोड़ देने और शिक्षा में ठहराव आने के मामले में भी भाषा एक प्रमुख कारक है।

हमारे देश के जटिल भाषाई परिदृश्य को स्वीकार करते हुए, हम कक्षा एवं शिक्षार्थियों की भाषा के मामले में प्रवीणता और शिक्षण में उच्च स्तर के कौशल पर ध्यान केन्द्रित करते हुए मातृभाषा-आधारित बहुभाषी शिक्षा व्यवस्था को लागू करने जा रहे हैं। मातृभाषा पर खास जोर देते हुए बच्चों को विभिन्न भाषाओं से परिचित कराया जाएगा, जिसकी शुरुआत बुनियादी स्तर से होगी। संवैधानिक प्रावधानों और लोगों, क्षेत्रों एवं संघ की आकांक्षाओं तथा बहुभाषी शिक्षा एवं राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने की जरूरत को ध्यान में रखते हुए, त्रि-भाषा नीति को लागू किया जाना जारी रहेगा। ये तीन भाषाएं, जिनमें मातृभाषाएं और स्थानीय/क्षेत्रीय भाषाएं शामिल होंगी, छात्रों, क्षेत्रों और राज्यों की पसंद पर आधारित होंगी। स्कूली विषयों सहित उच्च गुणवत्ता वाली पाठ्यपुस्तकें मातृभाषाओं में उपलब्ध कराई जायेंगी और यह सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास किए जायेंगे कि मातृभाषा के माध्यम से दी जाने वाली शिक्षा 'आकांक्षी' बने।

बच्चों के लिए दूसरी भारतीय भाषाओं को सीखना आसान है क्योंकि सभी भारतीय भाषाएं भारतीय भाषा परिवार नाम की एक ही भाषा-परिवार से जुड़ी हैं। भारत की शास्त्रीय भाषाओं को सीखने से साहित्य और भारतीय ज्ञान प्रणालियों के समृद्ध भंडार तक पहुंच संभव हो सकेगी। भारतीय भाषा माध्यम से सीखने की प्रक्रिया से न सिर्फ भारत में शिक्षा की जड़ें मजबूत होंगी, बल्कि भारत की सांस्कृतिक एकता भी मजबूत होगी क्योंकि संस्कृति और भाषा अविभाज्य हैं। मातृभाषा-माध्यम वाली शिक्षा को गति देने और भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करना एक भारत, श्रेष्ठ भारत के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में एक उत्प्रेरक साबित होगा। हम भारत की मातृभाषाओं के माध्यम से शिक्षा को समर्थन देने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

# अशिक्षा, अज्ञानता, अंधविश्वास राष्ट्रीय विकास के लिए घातक

## चिंतन

**संजीव ठाकुर**

अशिक्षा और अज्ञानता ने अंधविश्वास तथा धार्मिक कट्टरता को भारत में फैलाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रखी हैद्य यदि अशिक्षित मनुष्य धार्मिक अंधविश्वास को मानता है तो यह बात कुछ थोड़ी देर के लिए समझ में आती है किंतु इस वैज्ञानिक युग में अत्यंत शिक्षित एवं पढ़े-लिखे लोग भी अंधविश्वास तथा धार्मिक कट्टरता के पीछे भागने लगे तो यह समाज और देश के लिए दुर्भाग्य की बात हैद्य यह तो तय है की शिक्षा, ज्ञान अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर के विवेकपूर्ण विचारों को सोचने की शक्ति प्रदान करता है और इसके पश्चात ही मनुष्य वैज्ञानिक आधार पर तर्क रखकर अपनी बात को मानना शुरू करता है। पूर्व में हम मानते थे कि पृथ्वी चपटी है किंतु वैज्ञानिक प्रयोगों तथा वैज्ञानिक अनुसंधान के अनुसार यह सिद्ध हो गया कि पृथ्वी गोल है अब लोगों ने लॉजिक और वैज्ञानिक प्रमाण के आधार पर यह मान लिया है की पृथ्वी गोल ही हैद्य

शहीद भगत सिंह ने आजादी के लिए एक संगठन नौजवान भारत सभा का गठन किया और उसके घोषणा पत्र में कहा था कि धार्मिक अंधविश्वास और कट्टरता हमारी प्रगति के बहुत बड़े बाधक है, वह हमारे रास्ते की बाधा साबित हुए हैं उनसे हमें हर हाल में छुटकारा पा लेना चाहिए जोकि आजाद विचारों को बर्दाश्त नहीं कर सकती उसे समाप्त हो जाना चाहिए इसी प्रकार अन्य बहुत सारी कमजोरियां भी हैं जिन पर हमें विजय प्राप्त करना होगा ,इस कार्य के लिए सभी समुदाय के क्रांतिकारी उत्साह रखने वाले नई सोच के नौजवानों की आवश्यकता हैद्य उन्होंने बिल्कुल सही कहा था क्योंकि युवा शक्ति ही देश में नए विचारों की क्रांति ला सकती और अंधविश्वास को समूल नष्ट करने में इनकी ऊर्जा इस कार्य के लिए लगाई जा सकती है,पर दूसरी तरफ शिक्षा का प्रचार प्रसार होना भी नितांत आवश्यक हैद्य शिक्षा ही ऐसा मूल मंत्र है जिससे अंधविश्वास एवं आडंबर की पोल खोली जा सकती शिक्षा से हमारा तात्पर्य विज्ञान से भी है विज्ञान ने अनेक अंधविश्वास को जन सूचियों में अविश्वास के रूप में में स्थापित किया है और शिक्षा तथा विज्ञान तकनीकी ऐसे मार्ग हैं जिन से चलकर हम न सिर्फ चांद पर पहुंचे हैं बल्कि सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से पूरी दुनिया एक परिवार की तरह एक दूसरे के एकदम करीब आ चुकी है ऐसे में अंधविश्वास, धार्मिक कट्टरता एवं संप्रदायवाद की जगह कहाँ बच जाती है भला ? शिक्षा का स्तर ईतना ऊंचा हो जाना चाहिए की इन अंधविश्वासी बातों और मिथकों का अस्तित्व ही मूल रूप से विस्मृत किया जाना चाहिएद्य बिल्ली के रास्ता काटने से काम रुक जाता है,किसी की छींक देने से अशुभ संकेत स्थापित होने लगते हैं यदि कौवा बोलता है तो मेहमान आने का संकेत माना जाना इन सब बातों की कोई तार्किक अथवा वैज्ञानिक पृष्ठभूमि नहीं है और जनमानस द्वारा अपने दिमाग का प्रयोग कर ऐसी अतार्किक और वैज्ञानिक बातों में विश्वास करना भी अंधविश्वास को सामाजिक स्तर पर मान्यता प्रदान करता है। यह भी अशिक्षा का एक बहुत बड़ा परिणाम है। शिक्षा विज्ञान तथा तकनीकी ज्ञान समाज में तर्कसंगत बातों का विश्वास करने पर भरोसा दिलाता है और धीरे धीरे अंधविश्वास तथा धार्मिक कट्टरता से मनुष्य को परे ले जाता है। मूलतः अंधविश्वास को दूर करने के लिए हमें शिक्षा जैसे अस्त्र का इस्तेमाल तीव्र गति से किया जाना चाहिए।

अंधविश्वास, तंत्र मंत्र के अधीन होकर पशुओं की बलि देना भी एक प्रकार से अंधविश्वास को बढ़ावा देना ही है, तंत्र मंत्र के विश्वास में आकर मानव न केवल पशुओं की बलि देते बल्कि बच्चों की बलि देने से भी नहीं परहेज करता है। समाज में व्याप्त अंधविश्वास तथा कट्टरपंथ का लाभ समाज के कुछ चालबाज तथा धोखेबाज लोग उठाते हैं और यही लोग इन अंधविश्वासी लोगों को भूत, प्रेत ,राहु केतु,काल सर्प दोष इत्यादि का भय दिखाकर पूजा पाठ तंत्र मंत्र के नाम से हजारों रुपए लूट लेते हैं।

यह सिर्फ गांव में ही नहीं हो रहा है यह शहरों में भी बुरी तरह व्याप्त है तंत्र मंत्र तथा भूत प्रेत से छुटकारा भारत के कस्बों तथा गांव में एक व्यवसाय के रूप में विकसित हो गया है जो देश के लिए एक बड़ी विसंगति और विडंबना है। ऐसे तंत्र मंत्र और भविष्य के दर्शन कराने वाले तांत्रिकों का विज्ञापन न सिर्फ बड़े-बड़े अखबारों में बल्कि स्थापित टीवी चैनलों में भी खुल कर दिया जाता है जिससे न सिर्फ अनपढ़, अंधविश्वासी बल्कि शिक्षित लोग भी झांसे में आकर बड़ी धनराशि से हाथ धो बैठते हैं। विकसित यूरोपीय देशों में अमेरिका, ब्रिटेन, आयरलैंड, फ्रांस, इजरायल तथा अन्य देशों में भी अंधविश्वास व्याप्त है किंतु भारत में अशिक्षा के कारण इसकी जड़ें थोड़ी गहरी व्याप्त हैं। शिक्षा के प्रचार-प्रसार तथा मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से अंधविश्वास को जनमानस तथा देर से दूर किया जा सकता है किंतु मूल रूप से प्राथमिक शिक्षा को एक सशक्त माध्यम रखकर अंधविश्वास एवं धार्मिक कट्टरता के विरोध में बातें रखी जाए तो देश एक अंधविश्वास मुक्त राष्ट्र बन सकता है।

## सेहत

# घर पर खुशबूदार परफ्यूम बनाने के लिए अपनाएं ये 5 तरीके

परफ्यूम रोजाना इस्तेमाल करने वाले जरूरी उत्पादों में से एक है। इसे लगाने से मूड अच्छा रहता है और इसकी महक से आप दिन भर तरोताजा महसूस कर सकते हैं। कुछ लोग तो परफ्यूम के इतने शौकीन होते हैं कि महंगे से महंगे परफ्यूम खरीद लेते हैं। हालांकि, ऐसा हर कोई नहीं कर सकता है। ऐसे में घर पर ही परफ्यूम बनाना एक बढ़िया विकल्प है। आइए आज 5 खुशबूदार परफ्यूम बनाने के तरीके जानते हैं।



**फूलों का परफ्यूम** -सबसे पहले फूलों की पंखुड़ियों को धोकर रात भर कपड़े में रखकर पानी में भिगोकर रखें। अब एक पैन पर फूलों की थैली को अच्छे से निचोड़ें। इसके बाद इस पानी को आधा होने तक धीमी आंच पर उबालें। अब इस फूल वाले पानी में ठंडा पानी डालें और फिर इसे बोतल में स्टोर कर लें। इसे सेट होने के लिए रातभर के लिए रख दें। अब आपका फूलों वाला परफ्यूम तैयार है।

**साइट्रस परफ्यूम** -इस परफ्यूम को बनाने के लिए एक कटोरे में जोजोबा ऑयल और अल्कोहल डालें। अब इसमें 10 बूंदें अंगूर, 10 बूंदें संतरे के रस और 5 बूंदें लैवेंडर ऑयल की डाल दें। इसके बाद इसमें उबला हुआ पानी मिलाएं। इन सभी सामग्रियों को अच्छी तरह से मिलाने के बाद एक कांच की बोतल में डाल दें। करीब 48 घंटे तक इसे सेट होने के लिए रखें और फिर इस्तेमाल करें।

**वैनिला बीन परफ्यूम बनाने का तरीका** -सबसे पहले वैनिला बीन पाउडर को उसे एक बोतल में भरकर रख दें। अब इसमें सूरजमुखी का तेल डाल दें और बोतल को बंद करके दो हफ्ते तक ठंडी और अंधेरे वाली जगह पर रखें। इसके बाद एक कांच की स्प्रे बोतल में बरगामोट, सेडरवुड ऑयल और सौंफ का एसेंशियल ऑयल डालें। अब वैनिला बीन वाले मिश्रण को स्प्रे बोतल में डालकर अच्छे से मिला लें। यह परफ्यूम इस्तेमाल करने के लिए तैयार है।

**नारियल के तेल की मदद से बनाएं परफ्यूम** -इस परफ्यूम को बनाने के लिए सबसे पहले एक कांच के जार में नारियल का तेल और मोम डालें। अब एक पैन में थोड़ा सा पानी उबालें और फिर इस पर जार को रख दें। जब मोम अच्छे से पिघल जाए तो इसे गैस से उतारकर 5 मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद इसमें अपना मनपसंदीदा एसेंशियल ऑयल डालकर अच्छे से मिला लें। अब यह तैयार है, इसे एक परफ्यूम बोतल में भरकर इस्तेमाल करें।

**गुलाब का परफ्यूम** -इसे बनाने के लिए सबसे पहले गुलाब की पंखुड़ियों को कांच के जार पर रखकर उसमें वोडका डालें। अब एक दिन के लिए इस जार को ढककर रखें। इसके बाद पंखुड़ियों को चम्मच की मदद से कुचल दें और फिर इसमें उबला हुआ पानी और एसेंशियल ऑयल डालें। अब दोबारा इसे ढककर 1 हफ्ते के लिए छोड़ दें। इसके बाद इसे स्प्रे की बोतल में छान लें और फिर इस्तेमाल करें।

## एक नजर

### कार्यों में लापरवाही पर दो रोजगार सहायक की सेवा समाप्त

**बीजापुर 3 मार्च।** महात्मा गांधी नरेगा के कार्यों में लापरवाही बरतने पर जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री रवि साहू ने ग्राम पंचायत चिन्नाकवाली के रोजगार सहायक श्री रमेश कोर्राम और मिरतुर के सुकमन कडती को एक माह का वेतन देते हुए सेवा समाप्त कर दी है। सहायक परियोजना अधिकारी श्री नारायण बंजारा ने बताया कि यह कार्रवाई जनपद सीईओ से प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर की गई दोनों रोजगार सहायक योजना को जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन करने में लापरवाही कर रहे थे। मिरतुर के रोजगार सहायक सुकमन कडती बिना किसी पूर्व सूचना के लम्बे समय से अपने कार्यों में अनुपस्थित रहने के कारण सेवा समाप्ति की कारवाई की गई। चिन्नाकवाली के रोजगार सहायक रमेश कोर्राम पर योजनाओं के क्रियान्वन में लापरवाही के साथ जनपद स्तर पर योजना की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में निरंतर अनुपस्थित रहने एवं कार्यों में लापरवाही बरतने के कारण सेवा से पृथक किया गया। विगत 3 माह में यह तीसरी कार्रवाई है, इससे पहले मुरदण्डा के रोजगार सहायक दुर्गा रत्नम की सेवा समाप्त की गई है।

### सेल्फी अभियान के तहत पीएम आवास लाभार्थी महिलाओ से भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ममता गुप्ता ने की मुलाकात



**गीदम, 3 मार्च।** जिले के गीदम क्षेत्र में गुरुवार को भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ममता गुप्ता ने पीएम आवास लाभार्थी महिलाओ से सेल्फी अभियान के तहत मुलाकात की और उनका हाल जाना । इस दौरान पीएम आवास लाभार्थी महिलाओ ने केंद्र सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार की महत्वकांक्षी योजना पीएम आवास से गरीबो का सपना साकार हो रहा है जिन महिलाओ के पास पक्की छत नही थी वह केंद्र सरकार की योजना का लाभ लेकर अब पक्के मकान के नीचे अपना जीवन यापन कर रहे है , इस दौरान पीएम आवास लाभार्थी महिलाओ ने केंद्र सरकार को सेल्फी के जरिये धन्यवाद भी ज्ञापित किया । इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा के अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी मौजूद रहे ।

### गुमड़ा में लकड़ी माफिया के ठिकानों पर वन विभाग की दबिश



**गीदम 3 मार्च।** जिले में इन दिनों लकड़ी माफियाओं पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। वनमण्डलाधिकारी डॉक्टर जाधव सागर रामचंद्र के मार्गदर्शन में वन विभाग की उड़नदस्ता टीम लगातार लकड़ी माफियाओं पर कार्यवाही कर रही है। इसी कड़ी में गीदम वन परिक्षेत्र के गुमड़ा के नाकापारा में मुखबीर की सूचना पर उड़नदस्ता की टीम ने दबिश दी। उड़नदस्ता की गाड़ी देख लकड़ी माफिया तो जंगल की ओर भाग खड़े हुए किंतु उस स्थान से 0.390 घनमीटर लकड़ी चिरान, टंगिया, आरी आदि सामग्री जप्त किया गया। आवश्यक कारवाई हेतु जप्त लकड़ी चिरान को वन काष्ठागार दंतेवाड़ा लाया गया। जप्त चिरान की कीमत 30000 रुपए से अधिक बताई जा रही है। उड़नदस्ता टीम द्वारा किये जा रहे कारवाई से लकड़ी माफियाओं में खौफ़ का माहौल देखा जा रहा है। साथ ही विभाग द्वारा लगातार माफियाओं को टारगेट करते हुए उन पर कार्यवाही की जा रही है।

### विकास खंड स्तरीय पेंशन निदान शिविर से लोगों की समस्याओं का हो रहा त्वरित समाधान



**बीजापुर 3 मार्च।** कलेक्टर श्री राजेंद्र कुमार कटारा के निर्देशानुसार जिला बीजापुर के प्रत्येक विकासखंड में विकासखंड स्तरीय पेंशन निदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक एवं डिप्टी कलेक्टर श्री मनोज कुमार बंजारे के द्वारा अवगत कराया गया कि इसी कड़ी में आज दिनांक 2 मार्च 2023 को बीजापुर जिले के विकासखंड उसूर के ग्राम बासागुड़ा एवं विकास खंड भोपालपटनम के ग्राम पामगल में विकासखंड स्तरीय पेंशन निदान शिविर का आयोजन किया गया। इस पेंशन निदान शिविर में करारोपण अधिकारी के द्वारा हितग्राहियों का पंजीयन एवं सत्यापन, नवीन पेंशन के आवेदन एवं सहायक उपकरण के लिए आवेदन जमा करने का कार्य किया जा रहा है। खाद्य निरीक्षक के द्वारा निशक्तजन राशन कार्ड बनाया जा रहा है।आधार ऑपरेटर के द्वारा आधार कार्ड एवं वीएलई के द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। एडीओ के द्वारा बैंक सखी के माध्यम से बैंक खाता खोलने एवं पेंशन धारियों को नगद पेंशन का भुगतान किया जा रहा है। बासागुड़ा शिविर में 32 नवीन पेंशन आवेदन,79 दिव्यांग राशन कार्ड ,07 नवीन बैंक खाता, 115 आधार कार्ड ,30आयुष्मान कार्ड बनाया गया। तथा बैंक सखी के माध्यम से ?35500 पेंशन राशि का भुगतान किया गया। पामगल शिविर में 16 नवीन पेंशन आवेदन, 15 आधार कार्ड एवं 22 निशक्त राशन कार्ड बनाए गए। शिविर में नोडल अधिकारी तहसीलदार, करारोपण अधिकारी, खाद्य निरीक्षक, एडीईओ, ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर,आधार ऑपरेटर, वीएलई, बैंक सखी सचिव एवं पटवारी सहित मैदानी कर्मचारी उपस्थित थे।

# किसानों को विभागीय योजनाओं का मिल रहा लाभ

## लघुधान्य फसल रागी की खेती से आयतुराम की आर्थिक स्थिति हो रही सुदृढ़

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 5 मार्च।** संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा मिलेट्स महत्व के दृष्टिगत वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। छ.ग. शासन द्वारा कोदो, कुटकी, रागी जैसी लघुधान्य फसलों को बढ़ावा देने इनकी खरीदी समर्थन मूल्य पर की जा रही है। शासन द्वारा लघु धान्य की खेती को बढ़ावा देने के लिए धान्य फसल कोदो 3 हजार रूपए, कुटकी 3 हजार 100 रू. रागी 3 हजार 570 रु. प्रति क्विंटल की दर से न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है। आज के व्यस्त जीवन में लोगों को कई स्वास्थ्यगत समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जिसके कारण औषधीय गुणों वाले खाद्य उत्पादों की मांग समय के साथ प्रतिदिन बढ़ रही है। इसमें रागी प्रमुख है, छोटे-छोटे लाल रंग के रागी इम्यून सिस्टम को



मजबूत करते है, जिन लोगों में खून की कमी है, उनके लिए काफी स्वास्थ्यवर्धक है। रागी के सेवन से हडिडयां मजबूत, वजन कम करने, कब्ज की समस्या, पाचन शक्ति को बढ़ाकर पेट की सेहत को दुरूस्त रखता है। बस्तर संभाग में रागी की खेती परम्परागत रूप से कई वर्षों से कि जाती रही है। जिले के उन्नतशील कृषक श्री आयतु राम भारती, जो कि बकावंड विकासखंड के ग्राम तारापुर के रहने वाले है। वे बताते है कि विगत कई वर्षो से खेती करते रहें है। पूर्व में वे धान की फसल लिया करते थे, किन्तु धान के फसल में कीट बीमारियों के प्रकोप एवं अधिक देखरेख होने के कारण उचित आय प्राप्त नहीं हो पाती थी। कृषक द्वारा कृषि विभाग के अधिकारियों ने उसे रागी फसल लेने की समझाइश दी। श्री आयतु राम ने रागी की फसल लेने का निर्णय लिया और रागी की फसल लगायी। धान की तुलना में रागी में कम लागत और देखरेख कम होने के कारण श्री आयतु राम को अधिक लाभ प्राप्त होने लगा। विगत दो वर्षों से कृषक द्वारा धान के बदले रागी की खेती की जा रही है। जहां कृषक को एक एकड़ भूमि में धान की खेती से 15 क्विंटल उपज प्राप्त होती थी, जिसके समर्थन मूल्य 2 हजार 500 रू. प्रति क्विंटल के हिसाब से कृषक 37 हजार 500 रूपये की प्राप्त होते थे, वही रागी की फसल से कृषक को एक एकड़ भूमि में 12 क्विंटल की उपज प्राप्त हो रही है। जिसके समर्थन मूल्य 3578 रु. के हिसाब से कृषक को 42 हजार 936 रू. की आय प्राप्त हो रही है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कृषक श्री आयतु राम को विभागीय शाकम्भरी योजना से वर्ष 2021 में स्प्रेयर एवं सिंचाई पंप प्रदाय किया गया। जिससे कृषक द्वारा अतिरिक्त आय प्राप्त कर आर्थिक स्थिति सुदृढ हो रही है।

### ब्लाकों में जन्म-मृत्यु सूदृढ़ीकरण संबंधी प्रशिक्षण आयोजित

**उत्तर बस्तर कांकेर 3 मार्च।** जिला रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) एवं जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी एके साय पैंकरा के निर्देशानुसार जन्म-मृत्यु पंजीयन सुदृढ़ीकरण प्रशिक्षण जिले के सभी विकासखंडों में जन्म-मृत्यु पंजीयन सुदृढ़ीकरण प्रशिक्षण 20 फरवरी से 02 मार्च तक जनपद पंचायतों के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। उक्त प्रशिक्षण में सहायक संचालक श्रीमती सीमा पाठक द्वारा पंजीयन संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने समस्त विकासखंड के ग्राम पंचायत सचिव एवं रजिस्ट्रार, संस्थागत पंजीयन इकाई जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र के जन्म-मृत्यु पंजीयन प्रभारियों तथा नगरपालिका परिषद, नगर पंचायत के जन्म-मृत्यु पंजीयन प्रभारियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में जन्म पंजीयन के लाभ जैसे- स्कूल में प्रवेश, पासपोर्ट बनाना, आधार कार्ड बनाना, वोटर आईडी, पैन कार्ड, शासकीय सेवाओं के साथ विभिन्न कार्यों में उपयोग होता है, साथ ही मृत्यु पंजीयन से पैतृक सम्पति, मुआवजा, बीमा, बैंक संबंधी, निराश्रित पेंशन इत्यादि कार्यों में उपयोग सहायक होता है।

# कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष ने ली समीक्षा बैठक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 3 मार्च।** बीजापुर जिले के एक दिवसीय प्रवास पर पहुचे कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र शर्मा ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कृषि विभाग से संबधित विभागों की समीक्षा बैठक लेते हुए जिले के किसानों से उनके आयमूलक गतिविधियों को जानकर खुशी जाहिर की वहीं उपाध्यक्ष श्री महेन्द्र चन्द्राकर ने किसानों के आय बढ़ाने जिले के भौगोलिक वातावरण के अनुसार फसलो का चयन करने की बात कही। कृषक कन्याण परिषद के अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र शर्मा ने कहा छत्तीसगढ़ राज्य मूल रूप से किसानों का राज्य है कृषि का तात्पर्य केवल धान के फसल तक सीमित नहीं है बल्कि बस्तर संभाग के भौगोलिक वातावरण के आधार पर चाय, काफी, रेशम, कोसा, लाख उत्पादन, मत्स्य पालन सहित बटेर, कड़कनाथ, बकरी पालन, अंडा उत्पादन जैसे अन्य गतिविधियों के माध्यम से किसानों और महिला स्वसहायता समूह, गौठान समिति एवं ग्रामीणों को आजिविका उपलब्ध कराकर, उनके आमदनी में निरंतर बढ़ोतरी की जा सकती है, प्रदेश के मुखिया श्री भूपेश बघेल के मंशानुसार किसानों को भौगोलिक क्षेत्रों के अनुरूप जिस भी फसल की उत्पादन जहां भी होता है। वहॉ के किसानों को अनुकूल फसल लेने उनके आय में वृद्धि करने का प्रयास विभागीय अधिकारियों के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। जिसका सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिला। बैठक में जिले भर के कृषि उद्यानिकी, मत्स्य पालक किसानों ने बैठक में भाग लेकर विभागीय योजनाओं से प्राप्त लाभ एवं आजिविकामूलक गतिविधियों से अवगत कराया और अपनी छोटी-बड़ी मांग एवं समस्या को भी रखा। कुछ किसानों की सिंचाई तो किसी ने प्रशिक्षण, चेकडेम, कुऑ निर्माण जैसे मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया गया। वहीं श्री शर्मा ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना, मत्स्य विभाग द्वारा बनाये जाने वाले निजी तालाब, अन्य योजनाएं, स्प्रिंकलर, मल्चिंग वितरण, पशु बधियाकरण, पशु टीकारण, गौठानों, आजिविकामूलक गतिविधियों की जानकारी लेते हुऐ, पशु बधियाकरण लक्ष्य से अधिक करने, नया फिश हैचरी निर्माण कर मत्स्य कृषकों को मछली बीज प्रदाय करने, सामूहिक बाड़ी से किसानों की आर्थिक गति मिलने जैसे विभिन्न योजनाओं की प्रशंसा करते हुऐ अधिकारियों का उत्साहवर्धन कर कृषि के क्षेत्रों में विकास और किसानों को सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं से जोड़ने के निर्देश दिए। वहीं कृषि विज्ञान केन्द्र को जिले में अत्यधिक मांग होने की स्थिति के कारण बटेर उत्पादन एवं कड़कनाथ मुर्गा का उत्पादन के निर्देश दिए। वहीं उपाध्यक्ष श्री महेन्द्र चंद्राकर ने कोसम वृक्ष की बहुतायत को देखते हुए लाख उत्पादन को भी प्रोत्साहन देने के निर्देश दिए विभाग वार कृषि संबंधित विभागों नरवा, गरवा, घुरवा एवं बाड़ी, उद्यानिकी, मत्स्य विभाग, कृषि विभाग कृषि विज्ञान केन्द्र, में संचालित योजनाओं की प्रगति लाभान्वित किसानों की स्थिति से अवगत हुए। इस दौरान कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा ने कृषि विज्ञान केन्द्र से तैयार हर्बल गुलाल अतिथियों को भेंटकर होली की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुऐ बैठक में प्राप्त निर्देश एवं मार्गदर्शन के अनुरूप कृषि के क्षेत्र में हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। वहीं डीएफओ श्री अशोक पटेल एवं सीईओ जिला पंचायत श्री रवि कुमार साहू ने विभागवार योजनाओं की प्रगति के बारे में विस्तार से बताया। अतिथियों सहित जिले भर के आए कृषकों एवं अधिकारी-कर्मचारियों को जनसंपर्क विभाग से प्रकाशित छत्तीसगढ़ शासन के महत्वाकांक्षी योजनाओं पर आधारित पुस्तक, ब्राउसर, कैलेण्डर एवं मासिक पत्रिका, जनमन का वितरण किया गया। इस अवसर पर संयुक्त संचालक कृषि श्री विनोद वर्मा, एसडीएम बीजापुर श्री पवन कुमार प्रेमी, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती सुमन राज सहित कृषि विभाग के उप संचालक श्री पीएस कुसरे, मत्स्य विभाग के सहायक संचालक श्री मंगीलाल बकोदिया, सहित पुशधन, उद्यानिकी छत्तीसगढ़ राज्य कंपनी के कार्यपालन अभियंता डीआर उर्वसा सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### भूपेश सरकार के चार वर्षो का कार्यकाल प्रदेश का स्वर्णकाल:सुखदेव नाग

**बीजापुर 3 मार्च।** ज़िला कांग्रेस कमेटी बीजापुर के महामंत्री सुखदेव नाग ने बीजापुर के दौरे पर आये छ.ग. जनता कांग्रेस (जे.) के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी के बयानों पर पलटवार करते हुए प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि अमित जोगी और उनकी पार्टी छ.ग. जनता कांग्रेस (जे.) मूल रूप से भाजपा के ब्रटीम के रूप में अस्तित्व में आई है इस पार्टी का एक ही मक़सद है कि किसी भी तरह भाजपा को लाभ पहुँचाया जाये, अमित जोगी को यह पता है कि उनका बस्तर और प्रदेश में कोई जनाधार ही नहीं है बावजूद इसके वे भाजपा के इशारे पर मीडिया में बने रहने मात्र के लिए प्रदेश सरकार पर झूठे और मनगढ़ंत आरोप लगाने में लगे हुए है इनके कथनी और करनी को सभी जानते है। सुखदेव ने अपने विज्ञप्ति में आगे कहा कि प्रदेश की भूपेश बघेल जी के बीते चार वर्ष प्रदेश और बस्तर के लिए स्वर्णिमकाल रहा है। साथ ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने पूरे देश में सर्वोत्तम राज्य सरकार की छवि गढ़ने में कामयाब रहे है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सरकार बनने के दो घंटे के भीतर प्रदेश के किसानों के क़र्ज़ माफ़ करने के साथ ही 26 सौ 40 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदने, सिंचाई कर माफ करने जैसे वादे को पूरा किया है हाट बाजार क्लीनिक योजना, मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना, श्री धन्वंतरी योजना जैसी योजनाओं के माध्यम से लोगों को बेहद सस्ती दर पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं दी जा रही है। हाफ बिजली बिल योजना से लोगों की आर्थिक बचत हो रही है। वहीं स्वामी आत्मानंद स्कूल जैसी क्रांतिकारी योजना से बच्चों को उत्कृष्ट स्तर की शिक्षा दी जा रही है। भूपेश सरकार ने चार साल के कार्यकाल में हर वर्ग को सौगातें ही सौगातें दी है। राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना जैसी योजनाओं से किसानों, मजदूरों, ग्रामीणों की आर्थिक समृद्धि के द्वार खुले हैं। आदिवासियों को तेंदूपत्ता संग्रहण दर 2500 रुपए मानक बोरा से बढ़ाकर 4000 रुपए मानक बोरा करने और समर्थन मूल्य पर खरीदे जाने वाले लघु वनोपजों की संख्या बढ़ाने से आदिवासियों के जीवन में खुशहाली आई है।सुखदेव नाग ने अपने विज्ञप्ति में कहा कि छत्तीसगढ़ की आम जनता को चार साल में आर्थिक रूप से मजबूत करने के साथ-साथ छत्तीसगढ़ की संस्कृति एवं अस्मिता को पहचान दिलाने के जो कार्य किए हैं वह निश्चित ही बेमिसाल है।

### कार्यशाला में किसानों को जैविक खेती की विस्तार से दी गई जानकारी

**गीदम 3 मार्च।** कृषि विज्ञान केंद्र गीदम में जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के



रूप में प्रदेश महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा, जनपद पंचायत गीदम अध्यक्ष अंति वेक उपस्थित रहे। सुलोचना कर्मा द्वारा दंतेवाड़ा के कृषकों को जैविक कृषि की बारीकियों एवं लाभ के बारे में विस्तारपुर्वक बताया गया। जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला के आयोजन में मुख्य अतिथि सुलोचना कर्मा द्वारा उपस्थित किसान बंधुओं को जैविक कृषि व जैविक खाद के बारे में विस्तार से बताया। जैविक कृषि की बारीकियों को समझाते हुए कार्यशाला में दंतेवाड़ा जिला को शत् प्रतिशत जैविक जिला बनाने के लिए जैविक कृषि से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों के बारे में बताया गया। एक दिवसीय विशेष कार्यशाला में जिले के किसान जो अपने खेतों में रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के उपयोग से होने वाले दुष्परिणाम एवं रासायनिक उत्पाद के उपयोग से होने वाले बीमारियों एवं अन्य समस्याओं के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया रासायनिक खादों से आस पास किसानों की भूमि में असर पड़ता है, उत्पन्न अनाज से स्वास्थ्य पर असर पड़ते है। सुलोचना कर्मा ने अपने उद्बोधन में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की किसान हितैषी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया एवम गौठान समूहों के माध्यम से बन रहे वर्मी कंपोस्ट खाद का उपयोग कर जिले को शत प्रतिशत जैविक जिला बनाने की अपील की। इस दौरान जनपद पंचायत गीदम अध्यक्ष अंति वेक कृषि विज्ञान केंद्र के सभी अधिकारी कर्मचारी व बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित रहे।

### बाल वैज्ञानिक व शिक्षक सम्मानित

**गीदम 3 मार्च।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर भारतीय वैज्ञानिकों के योगदान और कार्यों को स्मरण करते हुए जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा



विभाग दंतेवाड़ा द्वारा आर्सेलरमित्तल निप्पन स्टील इंडिया लिमिटेड किरंदुल के सहयोग से जिला स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी आयोजित किया गया। राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत छत्तीसगढ़ शासन, समग्र शिक्षा आभियान एवं स्कूल शिक्षा विभाग दंतेवाड़ा द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित किया गया। विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में माध्यमिक कक्षा 9वी से 10वी एवं उच्च माध्यमिक कक्षा 11वी से 12वी के विद्यार्थियों दो वर्ग में 84 मॉडल पर 200 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में गीदम विकासखंड के एजुकेशन सिटी जावंगा स्थित आस्था विद्या मंदिर इंग्लिश मीडियम स्कूल के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने भी हिस्सा लिया। व्याख्याता अमुजुरी विश्वनाथ एवं हेमंत साहू के मार्गदर्शन में हर्ष गुप्ता एवं नारायण मौर्य द्वारा बनाई गई मल्टीडाईमेंशनल एप्लीकेशंस ऑफ कार्बन टेक्नोलॉजी मॉडल को प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिसे 5000 रुपए नगद राशि का चेक व मोमेंटो देकर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। भारत के पहले हाइब्रिड रॉकेट डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल मिशन तमिलनाडु के चेन्नई के पास पट्टीपुलम में लाइव लॉन्चिंग किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा से 11 सहभागी शामिल हुए। प्रतिभागियों को जिला प्रशासन दंतेवाड़ा के ओर से प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में गीदम विकासखंड की टीम में आस्था विद्या मंदिर जावंगा के अमित नाग एवं शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय बारसूर के दिव्या प्रधान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर कलेक्टर विनीत नंदनवार, एसडीएम श्रीकुमार बिश्वरंजन, जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद ठाकुर, जिला मिशन समन्वयक श्यामलाल सोरी, आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया लिमिटेड किरंदुल जेनरल मैनेजर वाईवी राघवलु, सहायक प्रबंधक डॉ तेजप्रकाश, अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर गीदम विकास खंड शिक्षा अधिकारी शेख़ रफीक, सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी भवानी पूनेम, आस्था विद्या मंदिर प्राचार्य गोपाल पांडे, रविप्रकाश ठाकुर, कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारीयों, सर्व संकुल समन्व्ययक, सर्व शिक्षक और कर्मचारियो ने बधाई व शुभकामनाएं दी।

### युवा उत्सव के विजेता खिलाड़ियों को किया जायेगा सम्मानित

**उत्तर बस्तर कांकेर 3 मार्च ।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक प्रतियोगिता 2022-23 का आयोजन रायपुर में 08 से 10 जनवरी तक किया गया। जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों को सम्मान किया जायेगा। छत्तीसगढ़िया पारम्परिक खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पहली बार छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक खेलों का आयोजन छः चरणों में किया गया, जिसमें प्रथम चरण राजीव युवा मितान क्लब स्तर से लेकर अंतिम चरण राज्य स्तर का आयोजन किया गया। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला के मार्गदर्शन में कांकेर जिले से सबसे अधिक प्रतिभागियों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी खेल प्रतिभा को प्रदर्शन किया। जिले के प्रतिभागियों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पूरे राज्य में सर्वाधिक पदक हासिल करते हुए कांकेर जिले का नाम पूरे प्रदेश में रौशन किया है।

# एनएमडीसी की खानों को आईबीएम से प्राप्त हुई पांच सितारा रेटिंग

**हैदराबाद 3 मार्च।** एनएमडीसी की लौह अयस्कथ खानों, किरंदुल निक्षेप-14 एमजेड, किरंदुल निक्षेप-14 एनएमजेड तथा बचेली निक्षेप-5 को भारतीय खान ब्यीरो (आईबीएम) ने बुधवार को नागपुर में आयोजित समारोह में पांच सितारा रेटिंग प्रदान की। माननीय संसदीय कार्य, कोयला एवं खान मंत्री श्री प्रहलाद जोशी ने ये अवार्ड एनएमडीसी के निदेशक (उत्पायदन) श्री दिलीप कुमार मोहंती को प्रदान किए। एनएमडीसी की खानों को देश के सर्वोत्तकम खनन पट्टों में गिना जाता है तथा उन्हेंर भारतीय खान ब्यूपरो, खान मंत्रालय की स्टांर रेटिंग प्रणाली में निरंतर पांच सितारा रेटिंग प्राप्त होती रही हैं। खानों का मूल्यां कन सतत विकास फ्रेम वर्क (एसडीएफ) के कार्यान्वंयन में की गई पहलों क? आधार पर किया जाता है। मूल्योंकन मानदण्डोंक में वैज्ञानिक तथा प्रभावशाली खनन के द्वारा प्रभाव प्रबंधन; पुनर्वास एवं पुनर्स्थ़ा।पना के सामाजिक




प्रभावों का समाधान; स्थाकनीय समुदायों के साथ जुड़ाव एवं कल्यांणकारी कार्यक्रम; प्रगतिशील तथा अंतिम खान बंदी तथा अंतर्राष्ट्रींय मानकों को अपनाना शामिल हैं। श्री दिलीप कुमार मोहंती ने एनएमडीसी टीम को बधाई देते हुए कहा कि, भारत के सबसे बड़े लौह अयस्कन उत्पाददक के रूप में एनएमडीसी का यह उत्त रदायित्व। है कि टिकाऊ, प्रभावशाली एवं पर्यावरण हितैषी खनन पद्धतियों को अपनाया जाए। हम राष्ट्री के पर्यावरण हितैषी खनिक होने के साथ-साथ अपनी उत्पा दन प्रक्रिया को नवोन्मेौषी एवं डिजिटल बनाना जारी रखेंगे।

एनएमडीसी ने भारतीय खान ब्यू रो (आईबीएम) के 75वें स्था,पना दिवस के उपलक्ष्यद में नागपुर में आयोजित विशेष खनन प्रदर्शनी में हिस्साा लिया। श्री विवेक भारद्वाज, सचिव, खान मंत्रालय ने एनएमडीसी पेवेलियन का उद्घाटन किया जिसमें कंपनी तथा भारत के खनन क्षेत्र की प्रगति? तथा नई पहलों को प्रदर्शित किया गया।

# सूचना शिविर से लोगों को मिल रही योजनाओं की जानकारी

- सूचना शिविर मे शासन की योजनाओं को जानने दिनभर लोगो का लगा रहा भीड़
- शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं को जानने और समझने सूचना शिविर आवश्यक है -सुरेश अवलम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 3 मार्च।** जनसंपर्क विभाग बीजापुर द्वारा जिला एवं विभिन्न ब्लाक मुख्यालय के हाट-बाजारों में राज्य शासन के चार वर्ष की उपलब्धि एवं महत्वपूर्ण योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर लोगों को योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। जिसमें जिला जनसंपर्क कार्यालय के टीम द्वारा लोगों को योजनाओं से लाभ लेने के लिए प्रेरित कर योजनाओं से जुड़े विभिन्न प्रकार के प्रचार-प्रसार ब्रोसर, पाम्पलेट, मासिक पत्रिका जनमन,



कैलेंडर, सहित विभिन्न प्रचार सामग्री का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। 02 मार्च दिन गुरुवार को बीजापुर मुख्यालय के नया बस स्टैंड मे शिविर का आयोजन किया गया जिसमें दिनभर लोगो का शिविर में आना-जाना लगा रहा लोगों ने बढ़-चढ़कर शासन की योजनाओं की जानकारी लेने मे उत्सुकता दिखाई, जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित शिविर की प्रशंसा भी किए कि बड़ी आसानी से सूचना बोर्ड एवं प्रचार सामग्री से सभी विभागों की जानकारी मिल रही है शिविर का प्रशंसा करते हुए श्री सुरेश अवलम ने कहा कि इस तरह का शिविर बहुत ही जरूरी और फायदेमंद है जिससे आम नागरिक कुछ समय शिविर में बिता कर छत्तीसगढ़ शासन की समस्त योजनाओं की जानकारी ले सकता है। वही प्रचार सामग्री को पढ़कर अपने आस-पास के लोगो को भी शासन की योजनाओं से लाभ लेने प्रेरित कर सकता है इसी तरह संजू तेलम, विवेक मट्टी, संतोष मरकाम, आसमन पेरमा जैसे कई गणमान्य नागरिको ने शिविर को आवश्यक और महत्वपूर्ण बताया।

### राष्ट्रीय जनसभा पार्टी की मासिक बैठक 7 मार्च को

**कोंडागांव 3 मार्च।** राष्ट्रीय जनसभा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री रामप्रसाद कोसले ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 7 मार्च मंगलवार को राष्ट्रीय जनसभा पार्टी का प्रदेश स्तरीय मासिक बैठक एवं



वर्ष 2023 का आम चुनाव की तैयारी के सम्बंध में आवश्यक बैठक रखा गया है, जिसमे छत्तीसगढ़ के 90 विधानसभा क्षेत्र के उम्मीदवारो का चयन कर अग्रीम घोषणा किये जानें का निर्णय दल के द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने समस्त प्रदेश, जिला, ब्लाक कमेटी के पदाधिकारियों से अपील किया है यह बैठक अति आवश्यक है, इस बैठक में विधानसभा चुनाव 2023 के उम्मीदवार नाम के लिस्ट व उम्मीदवार के साथ सभी को आना अनिवार्य है व दल का प्रत्याशी फार्म लेकर भरना है , आवेदन फ़ार्म का शुल्क 2500 रूपये निर्धारित है, समस्त पदाधिकारी गण और कार्यकर्ताओं से अपील है।

### 28 फरवरी से 31 मार्च तक विशेष अभियान, बाल विवाह रोकथाम की दी जा रही जानकारी

# सड़क पर रहने वाले बच्चों के चिन्हांकन एवं पुनर्वास के लिए चलाया जा रहा अभियान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 3 मार्च।** राज्य शासन के निर्देश और कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा के मार्गदर्शन में जिले में स्ट्रीट चिल्ड्रन, बाल श्रमिक, अपशिष्ट संग्राहक, भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों के रेस्क्यू एवं पुर्नवास हेतु अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री लुपेन्द्र महिनाग द्वारा इस अभियान की क्रियान्वयन की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई इस अभियान के तहत ऐसे बच्चे जो बिना किसी सहारे सड़को पर रहते है और रात में निकट के झुग्गी झोपड़ी बस्तियो में रहने वाले अपने परिवारो के पास वापस आ जाते है, ऐसे श्रेणी के बच्चे अपनी उत्तर जीविका भोजन, वस्त्र, आश्रय एवं संरक्षण हेतु प्रतिदिन विभिन्न प्रकार संघर्षो एवं




चुनौतियो का सामना करते है उन बच्चों का चिन्हांकन कर उनका संरक्षण प्रदान करने शिक्षा एवं अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने उनके परिवारो को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाते हुए उनके प्रशिक्षण एवं उनके रोजगार की व्यवस्था हेतु विभिन्न विभाग के समन्वय से कार्य योजना अनुसार 28 फरवरी से 31 मार्च 2023 तक अभियान चलाया जा रहा है। अभियान अंतर्गत सड़क में रहने/अपशिष्ट संग्राहक/बाल भिक्षावृति/भटके हुए बच्चों के चिन्हांकन हेतु रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है। इस पर रेस्क्यू टीम द्वारा जिले में सतत रूप से निरीक्षण किया जा रहा है, ताकि कोई भी ऐसे बच्चों का चिन्हांकन होने की दशा पर तत्काल उस पर पुर्नवास की प्रक्रिया किया जाए। सड़क में रहने वाले बच्चो के रेस्क्यू हेतु जिला बाल संरक्षण इकाई एवं श्रम विभाग के संयुक्त टीम द्वारा सभी विकासखण्डो में सर्वेक्षण का काम करेंगे। एवं पंचायत स्तर पर भी सर्वेक्षण का कार्य किया जावेगा, जिससे की जिले में किसी भी स्थिति में ऐसे बच्चों के चिन्हांकन होने पर तत्काल कार्यवाही कर बच्चों के सर्वोत्तम हित को ध्यान में रखते हुए बालक कल्याण समिति को प्रस्तुत कर, पुर्नवास की कार्यवाही एवं शिक्षा से जोडने का कार्य भी किया जावेगा। सुश्री नगीना लेखाम, परामर्शदाता श्री प्रांजल पटेल श्रम कल्याण अधिकारी श्री राजकुमार निषाद सामाजिक कार्यकर्ता, श्रीमति सत्या लाटकर, श्री आत्रम धरम्मैया आउटरीच वर्कर द्वारा बीजापुर का निरीक्षण किया गया।

## एक नजर

### आक्रोशित कर्मचारी संगठन पूरे प्रदेश में मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपेगा



**राजिम, 3 मार्च।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा विगत दिनों लंबित डी ए एवं गृह भाड़ा भत्ता सहित अन्य मांगों को लेकर क्रमिक हड़ताल की गई थी । जिसके पश्चात प्रदेश सरकार ने कुछ मांगों को पूर्ण करते हुये शीघ्र शेष मांग पर विचार करने का आश्वासन दिया था । जिसे लेकर संगठन समय समय पर मुख्यमंत्री एवं अधिकारियों से चर्चा करते आ रही है किन्तु लगातार उदासीनता से आक्रोशित कर्मचारी संगठन द्वारा पूरे प्रदेश में आज मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव को ज्ञापन सौपा जाएगा । संगठन की मुख्य मांग लंबित महंगाई भत्ता, गृह भाड़ा भत्ता, पुरानी पेंशन योजना का निर्धारण नियुक्ति तिथि के आधार पर किया जाए एवं पदोन्नति शामिल है । राजिम फिंगेश्वर के विकासखंड संयोजक यशवंत साहू ने समस्त संगठनों के अधिकारियों कर्मचारियों को अनुविभागीय अधिकारी राजिम कार्यालय में उपस्थित होकर आंदोलन को सफल बनाने की अपील की है ।

### आजीविका विकास कार्यक्रम के तहत इलेक्ट्रिकल बोर्ड का प्रशिक्षण

**गरियाबंद, 3 मार्च।** लाईवलीहुड कॉलेज गरियाबंद के द्वारा आजीविका विकास कार्यक्रम अंतर्गत कोर्स इलेक्ट्रिकल बोर्ड बनाने में रूचि रखने वाले एवं आजीविका हेतु स्वरोजगार स्थापित करने के इच्छुक जिले के बेरोजगार युवाओं को 15 दिवसीय निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। लाईवलीहुउ कॉलेज के सहायक परियोजना अधिकारी से मिली जानकारी अनुसार 10 मार्च शुक्रवार को सुबह 11 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक काउंसलिंग रखा गया है। उक्त कोर्स/कार्य में रूचि रखने वाले इच्छुक हितग्राही अपना पासपोर्ट साईज फोटो, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, जाति - निवास प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड की छायाप्रति के साथ लाईवलीहुड कॉलेज डीपीआरसी भवन, जिला पंचायत के पीछे में उपस्थिति होकर आवेदन कर सकते है।

### प्राकृतिक आपदा के तीन प्रकरण में 12 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत

**गरियाबंद, 3 मार्च।** कलेक्टर गरियाबँद ने प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के तीन प्रकरण में मृतक के परिजनों को 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृति की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गरियाबंद तहसील के ग्राम खुर्शीपार निवासी 5 माह का विवान ध्रुव की 09 अगस्त 2022 को सर्पदंश से मृत्यु हो जाने के कारण उनके पिता द्वारिका प्रसाद को 4 लाख । ग्राम जंगल धवलपुर निवासी 15 वर्षीय मोनिका नेताम की 3 अप्रैल को बांध के पानी में गिरकर डुबने से मृत्यु हो जाने के कारण उनके पिता बिसाहू नेताम को 4 लाख की आर्थिक सहायता । इसी तरह ग्राम अमलीपदर निवासी 40 वर्षीय हीरासिंग की 22 दिसम्बर को कुएं के पानी में डुबने से मृत्यु हो जाने के कारण उनकी पत्नी पदमनी को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### प्रयास आवासीय विद्यालय में 9 वीं में प्रवेश के लिए 29 तक आवेदन

**गरियाबंद, 3 मार्च।** राजीव गांधी बाल भविष्य योजना अंतर्गत राज्य शासन द्वारा प्रदेश के अधिसूचित क्षेत्रों, आदिवासी उपयोजना क्षेत्र तथा नक्सल पीड़ित/प्रभावित क्षेत्रों के शालाओं में अध्ययनरत प्रतिभावान विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल एवं इंजीनियरिंग की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने हेतु सघन तैयारी कराई जाती है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु प्रयास आवासीय विद्यालय स्थापित किये गए है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग बद्रीश सुखदेवे से मिली जानकारी अनुसार वर्ष 2023-24 में इन विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश के संबंध में आनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 29 मार्च 2023 तक निर्धारित की गई है। ऑनलाइन भरे गये आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार 30 मार्च से 03 अप्रैल 2023 तक, प्रवेश हेतु प्राक्रयन परीक्षा तिथि 30 अप्रैल 2023 दिन रविवार प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक, ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने हेतु लिंक

में जाकर आवेदन भर सकते है। योजना के संबंध में विस्तृत विवरण आदिम जाति कल्याण विभाग के वेबसाईट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डाट ट्रायबल डाट सीजी डाट जीओवी डाट इन पर उपलब्ध है।

### एकलव्य आवासीय विद्यालय 6वीं में प्रवेश के लिए आवेदन 20 तक

**गरियाबंद, 3 मार्च।** राज्य शासन द्वारा जिले में वर्ष 2023-24 में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयां कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाईन के माध्यम से आवेदन 20 मार्च 2023 तक आमंत्रित किये गये है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग बद्रीश सुखदेवे के अनुसार ऑनलाइन भरे गये आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार 21 मार्च से 27 अप्रैल 2023 तक, प्रवेश हेतु प्राक्रयन परीक्षा तिथि 23 अप्रैल 2023 दिन रविवार प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित किया जायेगा। ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने हेतु लिंक

में जाकर आवेदन भर सकते है। योजना के संबंध में विस्तृत विवरण आदिम जाति कल्याण विभाग के वेबसाईट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डाट ट्रायबल डाट सीजी डाट जीओवी डाट इन पर उपलब्ध है।

# अजय रोहरा भारत-तिब्बत सहयोग युवा मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए गए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गरियाबंद, 3 मार्च।** भारत-तिब्बत सहयोग मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंद्रशेखर साहू की अनुशंसा एवं राष्ट्रीय महामंत्री अरपीत मुदगल के निर्देश पर अजय रोहरा को भारत-तिब्बत सहयोग मंच के युवा विभाग का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए गए हैं।

तिब्बत की आजादी भारत की सुरक्षा के उद्देश्य व तिब्बती शरणार्थी के सहयोग के लिए भारत-तिब्बत सहयोग मंच का गठन किया गया है। बौद्ध गुरु दलाई लामा और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पूर्व सरसंघ चालक सुदर्शन के आशीर्वाद, इंद्रेश कुमार के मार्गदर्शन तथा डॉ कुलदीप चंद अग्निहोत्री के संरक्षण में बनाया गया यह मंच तिब्बती समाज की आवाज बना हुआ है। उनके आंदोलन को काफी हद तक विश्व पटल पर लाने में सफल रहा है।तिब्बत को आजाद कराने की बात हो या कैलाश मानसरोवर की मुक्ति की बात को भारत-तिब्बत सहयोग मंच ने हर स्तर पर प्रमुखता से उठाया है।अपनी नियुक्ति के बाद अजय रोहरा ने कहा यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी उन्हें प्रदान की गई है जिसके लिए वे संगठन के समस्त लोगों के प्रति आभार व्यक्त करते हैं साथ ही विशेष रूप से पूर्व सांसद चंद्रशेखर साहू के प्रति।साथ ही वे विश्वास दिलाते हैं कि अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएंगे भारत तिब्बत मैत्री लगातार प्रगाढ़ हो और एक दूसरों के दुख दर्द को वे अधिक से अधिक दूर करने का प्रयास करेंगेइस नियुक्ति पर अनिल चन्द्राकर, आशीष शर्मा, मुरलीधर सिन्हा, गफ्फू मेमन, प्रकाश रोहरा, सुरेंद्र सोनटेके, जीवन एस साहू, राधेश्याम सोनवानी, सागर मयानी, धनन्जय नेताम, फ़ारुख चौधरी, शेषनारायण गजभिए, वंशगोपाल सिन्हा, रितेश यादव, धनराज विश्वकर्मा, आनन्द ठाकुर, सेवक निषाद, विनोद नेताम, लोकेश सिन्हा, गब्बू सिन्हा सहित अनेक लोगों ने बधाई दी है।

## कौर हॉस्पिटल के एक वर्ष पूर्ण होने पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित



**राजिम, 3 मार्च।** कौर हॉस्पिटल राजिम का हुवा एक साल पूर्ण विदित हो कि कौर हॉस्पिटल पूर्व में सोनी एंड कौर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल राजिम के नाम से संचालित था वर्तमान में कौर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के नाम से गरियाबंद रोड पथर्रा मोड़ राजिम में संचालित है जिसका एक वर्ष पूर्ण होने के खुसी में गर्भवती माताओ के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किये गए थे जिसमें डिस्काउंट के साथ सोनोग्राफी व निःशुक्ल सिकलिंग परीक्षण किये जिसमें 32 माताओ ने अपनी स्वास्थ्य परीक्षण करवाई जिसमें 14 सोनोग्राफी डिकाउंड में किया गया । गर्भवती माताओ के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किये गए जिसमें स्वास्थ्य माता का पुरस्कार दिया गया व सुंदर माता के लिए पूजा ठाकुर को पुरस्कृत किया गया व लक्ष्मी माता के लिए शांति कश्यप को चुना गया ,,हैप्पी माता के लिए अफ्रिम को सूचना गया सभी विजेता माताओं को आकर्षक पुरुस्कार हॉस्पिटल द्वारा दिया गए ज्ञात हो कि कौर हॉस्पिटल राजिम पूरे छत्तीसगढ़ के एक मात्रा ऐसे हॉस्पिटल है।

### 16 परीक्षा केन्द्रों में बोर्ड परीक्षा प्रारंभ

**सुकमा,3 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित वर्ष 2023 की हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी स्कूल की मुख्य परीक्षा 1 मार्च से 31 मार्च 2023 तक संचालित होगी। सुकमा जिले में 16 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। अंदरूनी इलाकों के बच्चों की परेशानियों को देखते हुए इस बार 3 नये परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। इस वर्ष हायर सेकेण्डरी परीक्षा में नियमित 1705 और स्वाध्यायी 48 कुल 1753 छात्र - छात्राएं तथा हाईस्कूल परीक्षा में नियमित 1823 और स्वाध्यायी 24 कुल 1847 छात्र छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं। परीक्षा प्रातः 9 बजे से प्रारंभ हुई। पहले दिन 1 मार्च को 12वीं कक्षा की हिन्दी की परीक्षा सम्पन्न हुई।

### 8 मार्च को होली के दिन शुष्क दिवस घोषित

**सुकमा,3 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री हरिस एस. द्वारा आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 62 तथा छत्तीसगढ़ आबकारी देशी व विदेशी मदिरा लायसेंस शर्त की कंडिका-1 7 के तहत् 8 मार्च 2023 होली (जिस दिन रंग खेला जाएगा) को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। यह आदेश 7 मार्च के रात्रि 10 बजे से 8 मार्च 2023 रात्रि 10 बजे तक प्रभावशील रहेगा।

**संकीर्तन**



### संकीर्तन में उमड़े श्रद्धालु

**सुकमा, 3 मार्च।** दो दिवसीय अष्टम प्रहर महानाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। हजारों की संख्या में भक्तों ने कीर्तन का आनंद उठाया। अष्टम प्रहर महा नाम का आयोजन वगीय समाज कुम्हार रास ने किया।

## प्रदर्शनी के माध्यम से किसानों को दी गई विभिन्न कृषि उपकरणों की जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा, 3 मार्च।** कृषि विभाग के संयुक्त तत्वाधान में कृषि विज्ञान केन्द्र मुरतोंडा में आयोजित किसान मेला के दूसरे दिन ट्रांसफॉर्मिंग रूरल इंडिया फाउंडेशन के सदस्यों ने किसानों को जैविक कृषि और कड़कनाथ के पालन से होने वाले लाभों से अवगत कराया गया। साथ ही किसानों को पशुपालन, कुकुट पालन और दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र को बढ़ावा देने तथा खरीफ फसलों के साथ साथ रबि फसलों का उत्पादन कर आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। मेला में श्री जेकब ने कोदो, कुटकी और रागी के फसलों की अधिक उपज लेने के संबंध में तकनीकी जानकारियां साझा की। किसानों को जैविक खेती और मिलेट मिशन सहित जीवामृत जैविक खाद से फसल, शाक सब्जी सहित उद्यानिकी फसलों के लिए होने वाले लाभों से अवगत कराते हुए जीवामृत जैविक खाद बनाने की विधियों को विस्तार से बताया। मेला में किसानों को 'मिलेट्स मिशन को अपनाना है, किसान को खुशहाल बनाना है' नारा के तहत कोदो, कुटकी और रागी जैसे लघु उत्पाद के बारे में विस्तार से जानकारियां दी गई। किसान मेला में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी से किसानों ने कृषि कार्य में सहायक उपकरणों, पशुओं और कुकुट को बीमारियों से रोकथाम के संबंध में जानकारियां प्राप्त की।

आगामी दिनों में होली के त्यौहार को केमिकल मुक्त मनाने के उद्देश्य से किसान मेले में हर्बल गुलाल बनाने की जानकारी आमजनों को दी गई। प्रशिक्षण प्राप्त समूह की महिलाओं ने बताया की बंध गोभी, चुकुंदर और हल्दी जैसे जैविक सामग्रियों से निर्मित हर्बल गुलाल केमिकल गुलाल से कई गुना बेहतर है। साथ ही इसके उपयोग से मानव स्वास्थ्य और त्वचा पर किसी प्रकार का हानिकारक प्रभाव नहीं पड़ता है।

अतिथि सुश्री अदिती ने मिलेट्स के बारे में विस्तार से लोगों को बताई। उन्होंने मिलेट्स से होने वाले फायदे के बारे में बताई। उन्होंने कहा कि मिलेट्स के उपयोग हमारे लिए तो फायदेमंद है, जो लोगों को एनीमिया, कुपोषण से लड़ने के लिए वरदान साबित हो रही है। इसके साथ ही मिलेट्स पर्यावरण में हो रहे मूलभुत परिवर्तन को कम करने में भी सहायक है। इस अवसर पर श्री सौरभ कुमार फेलो सुकमा एवम अन्य कृषि अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम, 17 पान दुकानों के खिलाफ चालानी कार्रवाई

**महासमुंद।** राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसआर बंजारे के निर्देशन, जिला कार्यक्रम प्रबंधक रोहित वर्मा के मार्गदर्शन व नोडल अधिकारी एनटीपीसी डॉ. छत्रपाल चंद्राकर के सहयोग से महासमुन्द विकासखण्ड के विकासखण्ड स्त्रोत समन्वय केन्द्र में शिक्षकों को तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत कोटपा एक्ट 2003 के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान बताया गया कि 100 मीटर के दूरी में संचालित पान दुकानों द्वारा तंबाकू सिगरेट अन्य तंबाकू उत्पाद के विक्रय को कार्यवाही करने एवं राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के बेहतर संचालन के लिए राज्य स्तर से संचालित टोबैको मॉनिटरिंग एप्प के बारे में प्रशिक्षण के दौरान पंजीयन कराते हुए प्रशिक्षित किया गया।जिले के शैक्षणिक संस्थानों के 100 मीटर की दूरी में संचालित पान दुकानों में तंबाकू, सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद आदि के सेवन व बिक्री पर रोक लगाये ।

## मनुष्य के जीवन को नष्ट करने के लिए काफी है एक ही व्यसन :असंग साहेब

### मधुमक्खी से सीखे प्रेम और विवेक का पाठ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**महासमुंद।** उसी के जीवन में चमक आनी शुरू होती है जो अपने जीवन में प्रेम को प्राथमिकता देते है। प्रेम पशु-पक्षी, मकान,वस्तुओं से भी करे। यदि मकान से प्रेम नही करेंगे तो वह नष्ट हो जाएगा। इसलिए सभी के साथ प्रेमभरा व्यवहार होना चाहिए। प्रेम आपस में एक-दूसरे से हो, पति का पत्नी के प्रति, पत्नी का पति के प्रति, भाई, मां-बाप सब के प्रति प्रेमभाव, आदर भाव हो और एक दूसरे का याल रखे तो समझ लेना वह परिवार सुखी, समृद्ध परिवार है और वह घर स्वर्ग बन जाता है। सत्संग प्रेमियों को असंग साहेब ने प्रवचन करते हुए उक्त बातें कही। स्थानीय बीटीआई रोड के पास स्थित मैदान में दो दिवसीय असंग साहेब का सत्संग आयोजित था। प्रवचन के दूसरे दिन उन्होंने कहा कि अपने माता-पिता के प्रति आदर स मान प्रत्येक व्यक्ति में होना चाहिए। कोई साधु बन जाए तो अपने माता-पिता को भक्ति मार्ग में जोडने से उनका सतलोक सुधर जाता है। प्रवचन का लाभ लेने काफी सं या में आसपास के गांवों से लोग पहुंचे थे। उन्होंने विवेकवान बनने की समझाइस देते हुए कहा कि प्रेम और विवेक का भाव मधुमक्खियों से सीखों, मधुमक्खी अपने छत्ते में कितने प्रेम से रहते है यह देखो, और कितने विवेकवान है यह समझों वह केवल फूलों में बैठकर वापस अपने छत्ते में चला आता है। इसलिए मधुमक्खी के झूठे शहद सभी खा लेते है लेकिन मक्खी जिस भोजन पर बैठती है उसे खाना कोई पसंद नही करता क्योंकि वह कहीं पर भी बैठ जाती है। इसलिए मनुष्य को भी अपने विवेक का परिचय देना चाहिए और उन्हीं लोगों से मोलजोल रहे जो अच्छे और सत्संगी हो। इसी तरह खान-पान पर बोलते हुए असंग साहेब ने एक उदाहरण देते हुए कहा कि एक स्पेशल शराब पीने का आफर देते हुए जाम बढ़ाया तो उस व्यक्ति ने उसे जमीन में गिरा दिया इस पर उसने कहा कि बहुत महंगी शराब को तुमने जमीन पर गिरा दिया। जबाव देते हुए उन्होंने कहा कि यदि मै पी लेता तो मै मिट्टी में मिल जाता इसलिए मैने इसे मिट्टी में मिला दिया। कहने का आशय यह है कि एक भी व्यसन मनुष्य के जीवन को नष्ट कर देता है। इसलिए गुरू के चरणों में अपने व्यसनों को अर्पित कर सतमार्ग का रास्ता चुने। प्रवचन लाभ लेने संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर व नपाध्यक्ष राशि महिलांग भी पहुंची थी। उन्होंने नगरवासियों की ओर से असंग साहेब का आभार व्यक्त किया व कहा कि भविष्य में जब भी उनका यहां आयोजन होगा वह इससे भी भव्य होगा। आयोजन में मिले सहयोग के लिए आयोजन समिति की ओर से नंदकुमार साहू, आनंद साहू, गौकरण साहू ने नगरवासियों व सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। सत्संग समारोह में प्रमुख रूप से नगर पुरोहित पंकज तिवारी, पूर्व नपाध्यक्ष पवन पटेल, पार्षद मनीष शर्मा, दाऊलाल चंद्राकर, सेवनलाल चंद्राकर, संजय शर्मा, तहसीलदार प्रेमूलाल साहू, मोती साहू, कपिल साहू, मुन्ना साहू, रामचरण साहू समेत आसपास से काफी सं या में कबीर पंथ से जुड़े साधुवृंद भी प्रवचन लाभ पहुंचे थे।

## समाचार संक्षेप

### स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ दिलाने आमजनों का बनाया जा रहा आयुष्मान कार्ड

**सुकमा,3 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** कलेक्टर श्री हरिस एस. द्वारा मंगलवार को आयोजित बैठक में आयुष्मान कार्ड निर्माण संबंधी गतिविधियों पर विस्तार से समीक्षा की गई थी। उन्होंने आम जनों को स्वास्थ्य संबंधी सुविधओं का लाभ दिलाने के लिए फोकस करते हुए संबंधित अधिकारियों को शतप्रतिशत कार्ड पंजीयन करने के निर्देश दिए थे। साथ ही नोडल अधिकारियों को निर्देशित करते हुए ग्रामों में मुहिम चलाकर की जा रही कार्ड निर्माण कार्य की प्रतिदिन प्रगति रिपोर्ट मांगी गई थी ।कलेक्टर के निर्देश के परिपालन में ग्राम कुकानार, चिंगतागुफा, आरगट्टा, गोरली, झापरा, तोंगपाल, ओलेर, दोरनापाल सहित अन्य ग्रामों में मुहिम चलाकर आमजनों का आयुष्मान कार्ड पंजीयन किया जा रहा है। इस प्रकार विभिन्न ग्रामों में आयोजित शिविर के माध्यम से हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड पंजीयन कर कार्ड प्रदान किया गया। इस योजना के तहत लाभार्थी को 5 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलती है। साथ ही योजना के तहत अस्पतालों में इलाज के दौरान हुए खर्च का वहन सरकार द्वारा किया जाता है।1 मार्च से 15 मार्च तक मुहिम चलाकर जिले के तीनों विकासखण्ड के 20 ग्राम पंचायत में शिविर के माध्यम से पंजीयन कार्य किया जा रहा है। जिसमें छिन्दगढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत लेदा, पेरमारास, गोरली, आलेर, कोकावाड़ा, कुकाकोलेंग, तालनार, तोंगपाल, कोण्टा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत डब्बाकोण्टा, आरगट्टा, एर्राबोर, मराईगुड़ा, नागलगुण्डा, पोलमपल्ली और सुकमा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत गादीरास, केरलापाल, मानकापाल, सोनाकुकानार, कुकानार तथा सुकमा शहरी क्षेत्र शामिल है। शिविर के प्रथम दिवस में विभिन्न ग्रामों के हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड पंजीयन कर कार्ड प्रदान किया गया।

### कक्षा 9वीं में प्रवेश चयन परीक्षा के लिए आवेदन 29 मार्च तक

**सुकमा,3 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** प्रयास बालक और कन्या आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2023-24 में कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 30 अप्रैल 2023 रविवार को प्रातः 11 बजे से आयोजित की जाएगी। इस चयन परीक्षा में शामिल होने के लिए इच्छुक विद्यार्थी एकलव्य आदर्श विद्यालय की वेबसाइट

पर 29 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।वहीं ऑनलाइन भरे गए आवेदनों में त्रुटि सुधार की कार्यवाही 30 मार्च से 3 अप्रैल तक कर सकते हैं। प्रयास आवासीय विद्यालय में चयन परीक्षा के लिए मापदण्ड के अन्तर्गत शैक्षणिक वर्ष 2022-23 में विद्यार्थी को अनुसूचित क्षेत्र के शासकीय व अशासकीय विद्यालय से कक्षा 8वीं में प्रथम श्रेणी व समकक्ष ग्रेड में उत्तीर्ण हो, नक्सल हिंसा से पीड़ित परिवार के बच्चों के लिए चयन परीक्षा में शिथिलता प्रदान करते हुए सीधे प्रवेश की पात्रता होगी। इसके लिए जिले के पुलिस अधीक्षक से जारी निर्धारित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास सुकमा श्री गणेश सोरी ने विकास खण्ड शिक्षा अधिकारियों को उनके अधीनस्थ क्षेत्र में संचालित माध्यमिक शालाओं से अधिक से अधिक पात्र बच्चों को कक्षा 9वीं की प्रवेश चयन परीक्षा में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करने कहा है। अधिक जानकारी के लिए एकलव्य आदर्श विद्यालय की वेबसाइट का अवलोकन कर सकते हैं।चयन परीक्षा में कक्षा आठवीं स्तर के बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे जिसमें 100 अंक के विभिन्न विषय से संबंधित प्रश्न पूछे जाएंगे। इसमें विज्ञान, गणित और सामाजिक विज्ञान विषय से 20-20 अंक मानसिक योग्यता, हिंदी, अंग्रेजी व छत्तीसगढ़ का सामान्य ज्ञान से 10-10 अंक के प्रश्न होंगे।


### अमृत सरोवर के कार्यों को अप्रैल माह तक पूर्ण करने के निर्देश

**सुकमा,3 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** कलेक्टर श्री हरिस एस. ने समय सीमा की बैठक में अमृत सरोवर योजना के तहत जिले में किये जा रहे कार्यों की भौतिक प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इन कार्यों को अप्रैल माह तक पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए। अमृत सरोवर के तहत नये तालाबों का निर्माण, गहरीकरण और मेड़ों में वृक्षारोपण आदि सौंदर्यीकरण का काम किया जा रहा है। वर्षा जल के संरक्षण और भू-जल स्तर बढ़ाने के लिए यह प्रयास किया जा रहा है। इस योजना में सुकमा जनपद के अंतर्गत 21, छिन्दगढ़ में 28 और कोन्टा जनपद के अंतर्गत 33 अमृत सरोवर बनाये जा रहे हैं। इस प्रकार जिले में कुल 82 तालाब चिन्हित किए गए है।कलेक्टर श्री हरिस एस. ने बैठक में आयुष्मान कार्ड निर्माण कार्य की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने आयुष्मान कार्ड निर्माण की धीमी गति पर संबधित अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य पर फोकस करने की बात कही और प्रतिदिन रिपोर्टिंग करने के निर्देश दिए। उनके द्वारा आयुष्मान कार्ड निर्माण के संबंध में लक्ष्य पूर्ण करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया को एक अभियान के रूप में कार्य करने की बात कही।



**दुकानवार खाद्यान्न आबंटन, भंडारण, वितरण और राशन कार्ड की जानकारी बनाने के निर्देश**-समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने नजूल सर्वे और डायवर्सन के भू पाटक वसूली की जानकारी प्राप्त की। गोधन न्याय योजना के तहत गोबर खरीदी और भुगतान के संबंध में जानकारी प्राप्त की। वर्मी कंपोस्ट की खरीदी बिक्री की जानकारी ली। कोन्टा विकासखंड के 40 ग्रामों के वन अधिकार मान्यता प्रमाण पत्र तथा सामुदायिक वन संसाधन अधिकार के संबंध में जानकारी प्राप्त की। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान हाट बाजार और मलेरिया के केसो की जानकारी मलेरिया रोकथाम के लिए दवा छिड़काव के निर्देश दिए। जिले में संचालित पीडीएस दुकानों में खाद्यान्न आबंटन, भंडारण व वितरण की जानकारी लेते हुए खाद्य अधिकारी को दुकानवार खाद्यान्न आबंटन, भंडारण, वितरण और राशन कार्ड की जानकारी बनाने के निर्देश दिए।

### जन्मदिन पर कट्टा से फायर करना पड़ा महंगा



**भिलाई,3 मार्च।** भिलाई अपने जन्म दिन में भिलाई तीन में एक युवक ने देशी कट्टा से हवाई फायर करना उसे महंगा पड़ गया इस फायर का वीडियों सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद दुर्ग पुलिस ने इसे गंभीरता लेते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया भिलाई तीन टीआई मनीष शर्मा ने बताया कि एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को अवैध हथियार रखने वालों, बेचने वाले संदेहियों पर पैनी नजर रखने निर्देश दिया है पुलिस को फायरिंग वाला वीडियों देवबलोदा भिलाई 3 निवासी गौतम 29 वर्ष का है। गौतम देशी कट्टा से फायर करता वीडियों में दिख रहा है। इसके अलावा युवक देशी कट्टा अपने पास रखा करता है। गौतम ने उसने अपने जन्मदिन की पार्टी में दोस्तो के साथ देशी कट्टे से हवाई फायरिंग किया था वीडियों मिलने के बाद पुलिस आरोपी के घर पहुंची और उसे गिरफ्तार किया गया । पुलिस पूछताछ में युवक ने बताया कि जन्म दिन पर मोबाइल से हवाई फायरिंग का रिकार्डिंग किया गया था देशी कट्टा को 30 हजार रुपए में अनिल सोनी उर्फ गुड़वा से खरीदा था गौरतलब हो कि जिले में बढ़ रहे अपराध को लेकर एसपी डॉ अभिषेक पल्लव ने जिले में अवैध रुप से हथियार रख वीडियों वायरल करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने थाना प्रभारियों को निर्देशित किया है लगातार इस तरह के युवकों को पुलिस पकड़ रही है उक्त कार्यवाही में एसीसीयू से सउनि शमित मिश्रा, प्र.आर.सत्येन्द्र मढ़रिया, आरक्षक अमित दूबे, रिंकू सोनी, भावेष पटेल, राकेष अन्ना, राकेष चौधरी, डी.प्रकाष, नितिन सिंह, अरविंद मिश्रा एवं थाना पुरानी भिलाई से प्र.आर.राजेष तिवारी की उल्लेखनीय भूमिका रही

## एक नजर

### आयुष्मान कार्ड बनाने आज से मेगा शिविर, एसडीम ने ली बैठक



**बलौदाबाजार, 3 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** व्यक्तियों को स्वास्थ्य सुविधा हेतु शासन द्वारा आयुष्मान कार्ड एवं खुबचंद बघेल कार्ड पंजीयन हेतु शेष व्यक्तियों के घर–घर जाकर 02 मार्च से 07 मार्च तक पलारी विकासखण्ड के चिन्हित 52 ग्राम पंचायतों में मेगा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के सफलता पूर्वक संचालन और प्रत्येक व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड पंजीयन सुनिश्चित करने के लिए आज जनपद पंचायत पलारी के सभागार में एसडीएम बलौदाबाजार आईएएस रोमा श्रीवास्तव ने सम्बंधित अधिकारियों कर्मचारियों एवं मैदानी अमलो कि बैठक लेकर आयोजन के संबंध में महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए है। उक्त बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित नायक, बीएमओ, डॉ.बी.एस ध्रुव, जिला सलाहकार आयुष्यमान भारत विनय मिश्रा, जिला प्रबंधक कामन सेवा केन्द्र अंकित, बीपीएम. एन.एच.एम. राजेश डहरिया, विभागीय अधिकारी सहित ग्राम पंचायतों के सचिव एवं वीएलई उपस्थित थे। एस.डी.एम ने बैंठक मे समस्त सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, मितानिन, सक्रिय महिला, राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों एवं वी.एल ई को घर घर जाकर आयुष्मान कार्ड एवं खुबचंद बघेल कार्ड बनाने के निर्देश दियें एवं आदेश जारी किया। बैठक के पश्चात् एसडीएम रोमा श्रीवास्तव ने ग्रामीण औघोगिक पार्क रीपा हरिनभटठा एवं गिर्रा का निरीक्षण कर कार्य में गति लाने का निर्देश दिया साथ ही ग्राम लटेरा में पारधी जनजातियों के पारंपरिक कार्य छिंद के पत्ते से झाड़ू और चटाई निर्माण कार्य का अवलोकन किया तथा झाड़ु खरीदा तथा इस कार्य को प्रोत्साहित करने हेतु सीईओ को निर्देशित किया है।

### जिले के 6 हॉस्पिटलों में ई.टी.पी. प्लांट प्रारंभ सीजीएमएससी के कार्यों में आई तेजी



**बलौदाबाजार, 3 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग के निर्माण एजेंसी सीजीएमएससी द्वारा जिले में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों में तेजी आयी है। इसके तहत सिविल हॉस्पिटल भाटापारा, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लवन, पलारी, सिमगा, कसडोल, बिलाईगढ़ में ई टी पी प्लांट (इफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट) प्रारंभ कर दी गई है। इससे हॉस्पिटल के गंदे पानी का शुध्दिकरण कर उपयोग लायक बना दी जाती है। ई टी पी प्लांट के तहत अस्पताल व नाली का गंदे पानी को चार स्टेज में बैक्टीरिया की मदद से सेकेंडरी उपयोग के लायक गंदे पानी की समस्या को हमेशा के लिए सुलझा लिया गया है। जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के निर्माण एजेंसी सीजीएमएससी लिमिटेड द्वारा निर्माण किया गया है, अस्पताल से निकले गंदे पानी को प्लांट में दाने अलग अलग टंकियों में चरणबद्ध तरीके से बायोकल्चर की मदद से फिल्टर किया गया है। अस्पताल का गंदा पानी एमबीबीआर से युक्त पहले एरिगेशन टैंक में पहुंचता है तत्पश्चात बायोकल्चर से युक्त एरिगेशन टैंक नंबर 2 में जाता है। गंदे पानी का शुद्धीकरण स्टेप बाय स्टेप आगे बढ़ते हुए चौथे नंबर के क्लियर टैंक तक पहुंचता है। फिल्टर सिलेंडर के माध्यम से पानी शुद्ध होकर आखरी ट्रीटमेंट टैंक पहुंचकर स्टोर हो जाता है। फिल्टर सिलेंडर हाइपोक्लोराइड टैंक का कनेक्शन जुड़ा रहता है इस तरह गंदा पानी सेकेंडरी उपयोग के लिए शुद्ध हो जाता है। उक्त कार्य में उप अभियंता शिवम गुप्ता, सहायक अभियंता अजय कापसे विशेष योगदान रहा है।

### प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में बड़ा खेला :जनपद सदस्य

# कच्ची सड़क के नाम पर मरम्मत के लिए राशि जारी करवाने का लगाया आरोप

## जाँच के लिए कलेक्टर को आवेदन करने की कही बात

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**देवभोग, 3 मार्च।** जनपद सदस्य मीना वैष्णव ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में बड़ा खेला करने का आरोप विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों पर लगाया है। जनपद सदस्य के आरोप के मुताबिक करलागुड़ा से धुंगियामुड़ा पहुँच मार्ग में 25 लाख 18 हजार की स्वीकृति का मरम्मत का कार्य किया जाना है। वहीं बोर्ड पर ठेकेदार ने करलागुड़ा से धुंगियामुड़ा पहुँच मार्ग में मरम्मत का काम किये जाने का उल्लेख तो किया है। लेकिन लिखे गए जगह पर काम ना करवाकर जगह बदलकर जामगॉव से मुरलीगुड़ा पहुँच मार्ग पर काम शुरू करवा दिया गया है। वहीं कार्यस्थल का जगह बदले जाने के बाद जनपद सदस्य ने विरोध का स्वर तेज कर दिया है। जनपद सदस्य के मुताबिक ज़ब करलागुड़ा से धुंगियामुड़ा पहुँच मार्ग में कभी पीएम सड़क बनी ही नहीं है। और यह सड़क कई दशकों से कच्ची सड़क है। तो इस सड़क के नाम पर मरम्मत के लिए राशि कैसे जारी हो सकता है। जनपद सदस्य ने कहा कि इस बात को जनपद के सामान्य सभा के बैठक में भी रखा जा चुका है। वहां विभाग के सब इंजीनियर ने जवाब भी दिया। लेकिन जनपद सदस्य उनके जवाब से संतुष्ट नहीं हुई। उन्होंने मामले की शिकायत कलेक्टर से करते हुए उच्च स्तरीय जाँच करवाने की बात भी कही है।



### कही कोई गलत काम नहीं हो रहा

मामले में विभाग के सब इंजीनियर सौरभ दास ने कहा कि सड़क का ऑनलाइन एंट्री करलागुड़ा से धुंगियामुड़ा पहुँच मार्ग के रूप में है। एक ही सड़क दो नाम से है। जामगॉव से मुरलीगुड़ा पहुँच मार्ग और करलागुड़ा से धुंगियामुड़ा पहुँच मार्ग। ये दोनों एक ही सड़क है। . विभाग कही कोई गलत काम नहीं कर रहा है। जिस सड़क पर मरम्मत के लिए राशि स्वीकृत हुआ है, वहीं काम किया जा रहा है।

### कच्ची सड़क के लिए मरम्मत की राशि कैसे हुई जारी



जनपद सदस्य मीना वैष्णव ने कहा कि चलो मान लेते है कि विभाग के सब इंजीनियर साहब ठीक बोल रहे है। कि एक ही सड़क का दो नाम है। लेकिन उनका तर्क ही कई तरह के सवालों को जन्म दे रहा है कि कच्ची सड़क करलागुड़ा से धुंगियामुड़ा तक और पीएम सड़क की पक्की सड़क जामगॉव से मुरलीगुड़ा तक क्या ये दोनों सड़क एक ही है। यदि ऑनलाइन एंट्री किया गया तो क्या विभाग के अधिकारियों ने कच्ची सड़क का फोटो डाला. और मरम्मत की मांग कच्ची सड़क के लिए किया। जनपद सदस्य ने कहा कि कई तरह के सवाल है। जिसका जवाब हमें मिल नहीं पाया है। इसीलिए उच्च स्तर से जाँच करवाकर सारे सवालों के जवाब हम चाहते है।

## समाचार संक्षेप

### प्रधान आरक्षक संजीव एवं पुष्पा राठौर पदोन्नत होकर बने सहायक उपनिरीक्षक



**बलौदाबाजार, 3 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 3 मार्च को पुलिस कार्यालय में 02 प्रधान आरक्षकों के सहायक उपनिरीक्षक के पद पर विभागीय पदोन्नति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधान आरक्षक संजीव सिंह एवं पुष्पा राठौर सहायक उपनिरीक्षक के पद पर पदोन्नत हुए हैं। कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सचिंद्र चौबे एवं उपस्थित इनके परिजनों द्वारा दोनों प्रधान आरक्षकों के कंधे पर एक स्टार लगाकर एवं कैप पहना कर सहायक उप निरीक्षक पदोन्नति की प्रक्रिया पूर्ण की गई। वर्तमान में सहायक उपनिरीक्षक संजीव सिंह थाना पलारी एवं पुष्पा राठौर थाना सुहेला में पदस्थ है।

### दिव्यांगजन चिकित्सीय प्रमाण पत्र बनाने शिविर का आयोजन

**बलौदाबाजार, 3 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश पर दिव्यांगजन प्रमाणीकरण एवं चिकित्सीय प्रमाण पत्र बनाने शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विकासखण्ड सिमगा अंतर्गत ग्राम पंचायत हिरमी में कलस्टर अनुसार शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में 87 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया, शिविर में दिव्यांगजनों के साथ उनके परिजन भी उपस्थित थे। जिसमें 21 मेडिकल प्रमाण पत्र, 42 यू.डी.आई.डी, 3 पेंशन एवं 1 दिव्यांग छात्रवृत्ति शामिल है। इस अवसर पर उप संचालक समाज कल्याण अरविंद गेड़ाम, जनप्रतिनिधि, समाज शिक्षा संगठक अधिकारी सरपंच, सचिव एवं विभागीय कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# गौसेवा ही ईश्वर की सेवा: सुशील शर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 3 मार्च।** अपने निर्धारित दौरे में आज मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ग्राम पौसरी, खिलोरा, बनसंकरा से खेरघट पहुँचे, ग्राम खेरघट में मंडी अध्यक्ष ने इंद्रमण गोशाला का उद्घाटन कर शतचण्डी महायज्ञ के मुख्यपुरोहित बलदेव शास्त्री से आशीर्वाद लेकर उपस्थित ग्रामीण जनो को सम्बोधित करते हुये कहा कि यज्ञ करने से मानव जीवन में आने वाले दुःखों का निवारण होता है मानव के मन को शीतलता प्राप्त होती है तथा मन शांतचित होकर नयी ऊर्जा और उत्साह के साथ कार्य करने को तैयार रहता है आज के युग में हम सब को येसे महा यज्ञ में भाग लेने के साथ समय समय पर येसे महायज्ञ का आयोजन भी करना चाहिये, ग्रामीण जनो की माँग पर मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने ग्राम खेरघट में किसान कुटीर निर्माण करने की घोषणा की साथ है साथ नदी में पचरी निर्माण कराने हेतु प्रयास करने की बात कही, ग्राम खेरघट पहुँचने पर मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा का स्वागत गाजेबाज़े और आतिशबाज़ी कर ग्रामीण जनो ने किया। कार्यक्रम में प्रमुखरूप से पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी सुनील महेस्वरी, किसान कांग्रेस अध्यक्ष रामविलास साहू, सेवादल अध्यक्ष कुंजराम साहू, पूरण देवाँगन, देव चरण मरकंडे, जितु बंजारे, गंगा ओगरे, बिल्ला टोंडे, सरपंच लक्ष्मी वर्मा सहित सेकडो ग्रामीण जन उपस्तिथ थे।



### बाइक सवार युवक की दुर्घटना में मौत

**डोंगरगढ़, 3 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अंडरब्रिज के पार मंदिर जाने वाले रोड पर बाइक सवार युवक की दुर्घटना होने से मौके पर ही मौत हो गई. पुलिस से मिली जानकारी अनुसार डोंगरगढ़ समीपस्थ ग्राम राजकट्टा निवासी भोजराम मंडावी पिता शेखर मंडावी उम्र लगभग 25 वर्ष घरेलु कार्य से डोंगरगढ़ आ रहा था कि अंडरब्रिज के पास वाली सीसी रोड में मोटर साइकल अनियंत्रित हो गिर गई व सिर पर गंभीर चोट आने की वजह से युवक की मौकास्थल पर ही मौत हो गई. बताया जा रहा था कि युवक की मोटर साइकल में घरेलू कुत्ता भी सवार था और हादसे में उसकी भी मौत हो गई. पुलिस ने मर्ग कायम कर जाँच कर रही है।


**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202303092200017/202303092200017**

विषय:- ब- 121
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन्:- 2022-2023

बधियाटोला प.ह.न. 00023 [ ( हे. ) ]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- शैलेन्द्र पंचम,
अनावेदक पक्षकार-

**//ईश्तहार//**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शैलेन्द्र पंचम पिता विक्टर पंचम जाति ईसाई निवासी ग्राम कोहका पो. बिरवा जिला बालाघाट कृषक ग्राम बधियाटोला तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम बधियाटोला प.ह.न. 23 तहसील डोंगरगढ़ स्थित खाता क्रमांक 971 में ख.न. 61/1 रकबा 0.028हे. कृषि भूमि राजस्व अभिलेख में शैलेन्द्र पंचम पिता विक्टर पंचम जाति ईसाई सा. बधियाटोला के नाम पर दर्ज व स्थित है। उक्त कृषि भूमि का मूल ऋण पुस्तिका कही गुम हो गई है, जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस थाना डोंगरगढ़ में दर्ज किया गया है। अतः उक्त भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने बाबत आवेदन पत्र मय बी-1, थाना में सूचना की प्रति, आदेय प्रमाण पत्र आदि की छायाप्रति संलग्न है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 22.03.2023 के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02/03/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर | तहसीलदार डोंगरगढ़

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202303092200022/202303092200022**

विषय:- अ-6
मामले की श्रेणी :- राजस्व
सन:-2022-2023

डोंगरगढ़ प.ह.न. 00025 [ ( हे. ) ]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार - मनोहर सिंह गोंड,
अनावेदक पक्षकार -

**//ईश्तहार//**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनोहर सिंह गोंड पिता दुलार सिंह निवासी ग्राम गाजमर्रा व कृषक ग्राम डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम डोंगरगढ़ प.ह.नं. 25 में स्थित खसरा नम्बर 533 रकबा 0.004 हे. भूमि दुलार सिंह पिता सगुन गोड़ के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी दुलार सिंह पिता सगुन में गोड की मृत्यु दिनांक 21.01.2004 को ग्राम पनियाजोब में हो चुकी है। अतः आवेदक मनोहर सिंह गोंड पिता दुलार सिंह निवासी ग्राम गाजमर्रा व कृषक ग्राम डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा उक्त भूमि से मृतक का नाम विलोपित कर उनके वैध वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु निवदेन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 22.03.2023 के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02/03/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर | तहसीलदार डोंगरगढ़


### अपर कलेक्टर ने किया जल जीवन मिशन के तहत हुए कार्यों का निरीक्षण

# मौके में मिली कई खामियां, पीएचई ईई, एसडीओ को नोटिस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 3 मार्च।** जल जीवन मिशन के कार्यो में मिल रही लगातार शिकायतों एवं निर्माण कार्यो की धीमी प्रगति को लेकर कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश पर आज अपर कलेक्टर राजेंद्र गुप्ता ने मिशन के तहत हुए कार्यो का जायजा लेने विभिन्न गांव पहुंचे।

इस दौरान उन्होनें बलौदाबाजार विकासखंड के ग्राम भाटागांव (देवरी) एवं सलौनी में पहुंचकर निर्माणाधीन पानी टंकी, क्लोरीनेटर कक्ष, रनिंग वाटर सप्लाई, शासकीय भवनों में रनिंग वाटर सप्लाई, घरों में रनिंग वाटर सप्लाई सहित कार्य की गुणवत्ता का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान गुप्ता ने निर्माण कार्यो की धीमी गति, शासकीय भवनों जैसे आंगनबाड़ी, स्कूल, ग्राम पंचायतों में रनिंग वाटर की सप्लाई का अभाव पाया गया। इसके साथ मुख्य वाल्व चेंबर का अपूर्ण निर्माण एवं क्लोरीनेटर कक्ष में मशीनों की स्थापना नहीं की गई है। जिसके चलते आज कलेक्टर ने जांच प्रतिवेदन के आधार पर पीएचई के ईई मनोज ठाकुर एवं बलौदाबाजार डिविजन के एसडीओ रामकुमार ध्रुव को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए 3 दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने कहा गया है। निरीक्षण के दौरान ठाकुर ने बताया कि भाटागांव पानी टंकी 45 कि.ली. क्षमता का बनाया गया है। जिससे 143 घरों को पानी पहुंचाया जाना निर्धारित है पर संबंधित ठेकेदार द्वारा क्लोरीनेटर कक्ष में मशीनों की स्थापना नहीं की गई है। साथ ही वाल्व संबंधित निर्माण कार्य 10 दिनों का कार्य शेष है जिसके चलते पानी टंकी का प्रारंभ नहीं किया जा सका है।

उक्त निरीक्षण के दौरान डिप्टी कलेक्टर अंशुल वर्मा, ईई मनोज ठाकुर एवं एसडीओ रामकुमार ध्रुव सम्बंधित ठेकेदार सहित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि गण उपस्थित थे।




**कार्यालय कार्यपालन अभियंता (जिला निर्माण समिति) ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग जगदलपुर**

दूरभाष नम्बर 07782-222865 ई-मेल eeresjagdalpur@gmail.com

**अल्प निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक/472/एस.ए.सी./ग्रां.यां.से./2022-23 जगदलपुर, दिनांक 27/02/2023

| क्र. | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | जिला बस्तर अंतर्गत सभी विकासखण्डों के विभिन्न शालाओं में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य (ग्रुप क्र.-1 से ग्रुप क्र.-39) | 13.29 लाख (प्रति कार्य) | 10.03.2023 |

टीप:-
1. अन्य विवरण एवं शर्तें कार्यालयीन दिवस में नोडल अधिकारी, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग जगदलपुर के कार्यालय में देखी जा सकती है।

कलेक्टर
जिला निर्माण समिति
जिला बस्तर

नोडल अधिकारी
(जिला निर्माण समिति)
कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग-जगदलपुर

जी-98997/3


# भागने की फिराक में थे, लोगों के कहने पर पहुंचाया अस्पताल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कसडोल, 3 मार्च।** बलौदाबाजार जिला के आरटीओ विभाग के कर्मचारियों का अमानवीय चेहरा सामने आया है जहां चेकिंग के दौरान ट्रक और टाटा गाड़ी में हुई टक्कर के बाद गंभीर रूप से घायल हुए टाटा गाड़ी के चालक को तड़पते देख आरटीओ विभाग के कर्मचारी मदद करने के बजाए भागने लगे थे। राहगीरों व ट्रक चालक के बोलने पर आरटीओ विभाग के कर्मचारियों ने गंभीर रूप से घायल ट्रक चालक को इलाज के लिए लवन अस्पताल ले जाया गया।

प्रदत्त जानकारी के अनुसार मुंडा में आरटीओ विभाग द्वारा किराए का मकान लेकर पिछले साल भर से वाहनों की चेकिंग किया जा रहा है। बुधवार को तड़के सुबह से ही आरटीओ विभाग के कर्मचारियों के द्वारा वाहनों की चेकिंग किया जा रहा था, इसी दरमियान सुबह 6 और 7 बजे के बीच लवन की ओर से आ रहे ट्रक क्रमांक सी जी 06 एम 0741 को रोक रहा था। आरटीओ विभाग द्वारा रोके जाने से ट्रक चालक कमलेश यादव साइड ही कर रहा था कि पीछे से आ रहे 16 चक्का वाला सोल्ड टाटा गाड़ी का चालक ने ट्रक को ठोकर मार दिया। टक्कर इतना जबरदस्त था कि टाटा गाड़ी का सामने का हिस्सा पूरी तरह से चिपक जाने के कारण चालक के सिर फट जाने से खून से लथपथ हो गया था साथ ही हाथ भी जख्मी हो गया था। खून से लथपथ देख आरटीओ विभाग कर्मचारी हड़बड़ा गए और बुरी तरह से जख्मी टाटा चालक को अस्पताल ले जाने के बजाय सभी कर्मचारी भागने लगे थे।

इसी दरमियान ट्रक चालक कमलेश यादव और मुंडा के युवक चंद्रशेखर वर्मा के कहने पर खून से लथपथ टाटा गाड़ी के चालक को आरटीओ विभाग के कर्मचारियों के द्वारा अपने वाहन में बिठाकर लवन अस्पताल ले जाया गया। आपको बता दे कि करीब तीन माह पहले भी रोड पर चल रहे हैवी वाहन को आरटीओ विभाग द्वारा अचानक से रोके जाने पर एक गंभीर हादसा हो गया था। इस हादसे में एक 22 वर्षीय युवक पूरी तरह से जख्मी हो गया था। जिसके बाद आरटीओ विभाग के जिम्मेदार अफसर वाहन चेकिंग को छोड़कर भाग निकले थे। घायल मोटर सायकल चालक को उसकी स्थिति पर छोड़कर आरटीओ के कर्मचारी भाग गए थे। जिसके बाद एक माह से आरटीओ द्वारा चेकिंग नहीं किया जा रहा था। उक्त घटना के बाद से आरटीओ नदारद हो गए थे। जिसके बाद युवक के साथ बैठे दुसरे युवक ने अन्य राहगीरों की मदद लेकर बलौदाबाजार जिला चिकित्सालय पहुंचकर अपना ईलाज कराने के बाद परिजनों के आने पर रायपुर में इलाज कराया गया।


**एनएमडीसीलिमिटेड**
(भारत सरकार का उपक्रम) (आइएसओ.9001 कंपनी)
बैलाडीला लौह अयस्क खान, बचेली कॉम्प्लेक्स
बचेली-494553, जिला: दक्षिण बस्तर (दन्तेवाड़ा) छ.ग.
फोन नं. 07857-230210, मोब.:9573936005

// ई-निविदा सूचना//

बी आई ओ एम / बीसी / संविदा / प्रकाशन/2022-23/069/ दिनांक 03.03.2023

निम्नांकित कार्यों के लिए एनएमडीसी लिमिटेड, बैलाडीला लौह अयस्क खदान, बचेली कॉम्प्लेक्स द्वारा ई निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक निविदादाता CPP Portal अथवा www.nmdc.co.in अथवा http://www.mstcecommerce.com/ eprochome/nmdc/ पर देख सकते हैं एवं निविदा प्रपत्र डाउनलोड कर सकते हैं। निविदा फॉर्म को केवल ऑनलाइन ऊपर दिये गए MSTC के पोर्टल में निर्धारित अंतिम तिथि के 3:30 बजे शाम तक जमा किया जाएगा एवं 4:00 बजे शाम खोला जाएगा।

| | MSTC Ref. No. NMDC/ Bacheli/ 22-23/ET/ | NMDC Tender. No. BIOM/BC/ CONTRACTS /OTE(69)/22-23/ | Short Description of Work | EMD (Rs.) | Last Date of Sub'n |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 409/925 | PER-017 | Hiring of 2 nos. of Advance Cardiac Life Support Ambulance with drivers on 24 Hrs duty. | 32,000/- | 03.04.2023 |
| 2 | 410/926 | P-030 | Cleaning, Stacking & Transportation of Spilled ore from Screening Plant Dep-10/11A ,Bacheli Complex. | 11,900/- | 03.04.2023 |
| 3 | 411/927 | C-279 | Annual drain cleaning of storm water drain and jungle / bush cutting from Loading Plant to Dep.-10/11A for the year 2023-24 at BIOM Bacheli Complex. | 36,100/- | 04.04.2023 |
| 4 | 412/928 | C-287 | Premix Road Carpeting from Curve N0.5 towards Curve N0-3(Lengh 1800 )Mts Bacheli Complex. | 50,300/- | 04.04.2023 |
| 5 | 413/929 | C-288 | Providing of Additional Toiletand Utility Space in Type-III-DS quarters (24 Units) at Bacheli Township (Phase-III). | 97,900/- | 06.04.2023 |

विभागाध्यक्ष (अनु॰ एवं से॰) अनु॰
बीआईओएम, बचेली कॉम्प्लेक्स



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर**

**निविदा सूचना**

क्रमांक 138/नपानि/जोन-4/लो.क.वि./2023 रायपुर दिनांक 02.03.2023

आयुक्त नगर पालिक निगम, रायपुर की ओर से प्रस्तावित कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दो लिफाफा पद्धति (प्रथम में अमानती राशि, अन्य कागजात एवं द्वितीय में निविदा प्रपत्र) में सील बंद निविदाएं **स्पीड पोस्ट** में निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है।

01 आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - **15.03.2023** को सायं 5.30 बजे तक
02 निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि - **17.03.2023** को सायं 5.30 बजे तक
03 निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - **23.03.2023** को सायं 4.00 बजे तक
04 निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि - **23.03.2023** को सायं 4.30 बजे से

| क्र. | कार्य का विवरण | प्राक्कलन राशि (लाख में) | अमानती राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | ठेकेदार की श्रेणी | अवधि | निविदा प्रपत्र | एस.ओ.आर. /नॉन एस.ओ.आर. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | जोन क्रमांक 04 अंतर्गत विभिन्न वार्डों में स्थित सार्वजनिक कुओं का जीर्णोद्धार कार्य। | 7.98 | 8000.00 | 750.00 | ''डी'' श्रेणी एवं उससे ऊपर | 1 माह | प्रपत्र ''अ'' | पी.डब्ल्यूडी.भवन/रोड एस.ओ.आर. दिनांक 01/01/2015 |
| 2 | जोन क्रमांक 04 अंतर्गत विभिन्न वार्डों में स्थित पेड़ों का जीर्णोद्धार कार्य। | 9.73 | 10000.00 | 750.00 | ''डी'' श्रेणी एवं उससे ऊपर | 1 माह | प्रपत्र ''अ'' | पी.डब्ल्यूडी.भवन/रोड एस.ओ.आर. दिनांक 01/01/2015 |

नोट-
1. निविदा से संबंधित दस्तावेज/जीवित पीडब्ल्यूडी लायसेंस/जीएसटी रिटर्न सर्टिफिकेट/पेन कार्ड/03 साल का इनकम टैक्स रिटर्न/03 माह का जीएसटी रिटर्न निविदा जारी होने के 03 माह पहले का/राशि रू. 100/- का शपथ पत्र (निविदा जारी होने के बाद का नोटराईजड)/जीवित बैंक साल्वेंसी स्वीकार किया जावेगा। **(राष्ट्रीयकृत बैंक का अमानती राशि (एफ.डी.आर. के रूप में) आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर के नाम से होगा।) (लिफाफा संबंधी निविदा जारीकर्ता अधिकारी के नाम से पोस्ट किया जावे)** निर्धारित अवधि में यदि किसी दिन अवकाश होता है तो उल्लेखित कार्यवाही अगले कार्य दिवस पर सम्पन्न की जावेगी।
2. निविदा से संबंधित नियम एवं अन्य शर्ते जोन क्रमांक 04 कार्यालय में कार्यालयीन अवधि में देखी जा सकती है।
3. उक्त निविदा नगर निगम के वेबसाईट nagar nigam raipur.nic.in में देखी जा सकती है।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-4
नगर पालिक निगम, रायपुर

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

एक नजर

## शान्ति सरोवर में 5 को महिला जागृति सम्मेलन

**रायपुर, 3 मार्च।** आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के महिला प्रभाग द्वारा विधानसभा मार्ग स्थित शान्ति सरोवर रिट्रीट सेन्टर में रविवार 5 मार्च को शाम 4 बजे महिला जागृति आध्यात्मिक सम्मेलन का आयोजन किया गया है। चर्चा का विषय होगा- खुशहाल महिला- खुशहाल परिवार। समारोह में राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती किरणमयी नायक, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एन.आई.टी.) की डायरेक्टर डॉ. ए.बी. सोनी, हेमचन्द यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की कुलपति डॉ. अरूणा पल्टा और ब्रह्माकुमारी सविता दीदी अपने विचार व्यक्त करेंगी। मूल वक्तव्य वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी स्मृति बहन का होगा। समारोह का मुख्य उद्देश्य समाज में महिलाओं की सुरक्षा के लिए नैतिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक जागृति लाकर उन्हें स्वयं की सुरक्षा के लिए सशक्त बनाना, महिलाओं के प्रति मानसिकता में परिवर्तन लाना, सार्वजनिक स्थलों, परिवहन तंत्र एवं वाहनों को नारियों के लिए अधिक सुरक्षित बनाने के लिए जन-जन को प्रेरित करना, अश्लील साहित्य, सिनेमा, विज्ञापन आदि पर अंकुश हेतु सामाजिक जागृति लाना आदि है।

## कस्टम मिलिंग के लिए 104 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव

**रायपुर, 3 मार्च।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार की कुशल प्रबंधन के कारण अब तक कस्टम मिलिंग के लिए 104 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान का उठाव हो चुका है, जबकि 106 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान के उठाव के लिए डीओ जारी कर दिया गया है। किसानों से समर्थन मूल्य पर इस वर्ष 107.53 लाख मीट्रिक टन धान की सफलतापूर्वक खरीदी की गई है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री की पहल पर पिछले वर्ष की तर्ज पर इस वर्ष भी धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए सीधे उपार्जन केन्द्रों से धान का उठाव शुरू किया गया था, जिसके चलते राज्य सरकार को परिवहन व्यय में काफी कमी आयी है। इसके साथ ही धान खरीदी के बाद धान उठाव की लंबी प्रक्रिया से भी निजात मिली है। राज्य सरकार ने इस वर्ष 23 लाख 42 हजार से अधिक किसानों से 31 जनवरी 2023 तक 107.53 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की है। किसानों को धान खरीदी के एवज में 22 हजार 67 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया है।

## कैंची मारकर नाबालिग छात्र की हत्या

**रायपुर, 3 मार्च।** राजधानी रायपुर के समता कालोनी में गुरुवार शाम एक नाबालिग छात्र की कैंची मारकर हत्या कर दी गई। मामले में आजाद चौक थाना पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार शाम को समता कालोनी में फूल की दुकान में काम करने वाले रोहित यादव ने एक 11वीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्र से हुए मामूली विवाद के बाद उसके जांघ पर कैंची से वार कर दिया था। इस हादसे में ज्यादा खून बह जाने की वजह से युवक की मृत्यु हो गई। सूचना के बाद आजाद चौक थाना पुलिस ने आरोपी युवक रोहित यादव को गिरफ्तार कर लिया है वहीं मामले की जांच कर रही है।

## 17 माह पूर्व मिले शव की अब तक शिनाख्त नहीं

**रायपुर 3 मार्च।** करीब 17 माह पूर्व 19 अक्टूबर सन 2021 को वाल्टेयर रेलवेलाइन पर मिली अज्ञात व्यक्ति की लाश की आज तक पहचान नही हो पाई है। तेली बांधा थाना अन्तर्गत लाभांडी अंडर ब्रिज के पास रेलवे लाइन पर अज्ञात पुरूष का ट्रेन से कटकर सिर धड़ से अलग हो गया था।मुक्ति श्रद्धांजलि ने अंतिम संस्कार किया था। अज्ञात व्यक्ति की उम्र 30 से 35 वर्ष थी कद करीब 5 फीट 5 इंच था। रंग सांवला चेहरा लंबा था। सफेद नीला चेकदार फुल शर्ट कालें रंग का फुल पैंठ तथा आसमानी रंग का अण्डर वियर पहने हुआ था। तेलीबांधा पुलिस ने मृतक के परिजनों की जानकारी मिलने पर 0771-4247130 पर सूचना देने का निवदेन किया है।




## अनुपस्थित सहायक आयुक्तों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश

**रायपुर 3 मार्च।** संभागायुक्त श्री यशवंत कुमार ने आज मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की समीक्षा बैठक लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।बैठक में उन्होंने कहा कि आदिवासी उपयोजना क्षेत्रों में विकास को गति देने के लिए अल्पकालीन और दीर्घकालीन योजनाओं का निर्माण किया गया है। आदिवासी क्षेत्र तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए अतिआवश्यक कार्य तथा आदिवासियों की संस्कृति के परिरक्षण के लिए जरूरी है।उन्होंने उपयोजना क्षेत्रों में वित्तीय वर्ष 21-22 तथा 22-23 में स्वीकृत कार्यों की प्रगति, पूर्ण और अपूर्ण स्थितियों की समीक्षा की।स्वीकृत कार्यों में संभावित प्रगति नही होने पर गंभीर नाराजगी व्यक्त करते हुए यथाशीघ्र पूर्ण करने की बात कही।

होली..







रायपुर 3 मार्च। राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों के बाजारों में होल का माहौल बन गया है। गुलाल, रंगों, पिचकारियां, शक्कर का हार तथा नगाड़ों से बाजार गुलजार है।

## हजारों किलो टमाटर से खेली जायगी होली

**रायपुर 3 मार्च।** रायपुर में 10 हजार किलो टमाटर से खेली जायगी होली । शहर के युवाओं के ग्रुप ने 5 मार्च को टोमैटो फेस्ट का आयोजन किया है। यहां रैन डांस, डीजे, ढोल और फ़ूड जोन से जुड़ी एक्टिविटीज भी होगी। रायपुर वालों को इस साल स्पेन के टोमैटिना फेस्टिवल की तरह टमाटर से होली खेलने का मौका मिलेगा। रायपुर के युवाओं का ग्रुप शौकीन इस बार कुछ अलग तरह से होली फेस्ट का आयोजन कर रहा है। रायपुर के वीआईपी रोड में स्थित विसलिंग वुड गार्डन में टोमेटो फेस्टिवल आयोजित होगा। टमाटर के अलावा यहां 2 हजार किलो नेचुरल गुलाल भी इस्तेमाल होगा जिसे फूलों से तैयार किया गया है। टमाटर फेस्ट के तहत युवाओं का ग्रुप स्थानीय किसानों को आर्थिक रूप से मदद दे रहा है। रायपुरियंस की होली और रंगीन बनाने ले लिए लाइव म्यूजिक और फूड फेस्ट भी यहां आयोजित होगा। इस फेस्टिवल में बच्चे और बुजुर्ग हर आयु वर्ग के लोग शामिल होंगे।टोमेटो फेस्टिवल के लिए 10 हजार किलो टमाटर राज्य के किसानों से ही खरीदे जाएंगे।

# मोदी राज में महंगाई बेलगाम : कांग्रेस

**रायपुर, 3 मार्च।** मोदी सरकार की मुनाफाखोर और जन विरोधी नीति के कारण गैस सिलेंडर के दाम लगभग बारहसौ (1174) हो गये है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार को जनता के दुख तकलीफ से कोई मतलब नही है, उसे अपने करारोपण में कोई समझौता नही करना है भले ही जनता बढ़े हुये टैक्स के कारण बेतहाशा महंगाई से परेशान हो। मोदी सरकार के आने के पहले 2014 में घरेलू गैस के दाम 500 रू. के नीचे था रसोई गैस के दाम 500 के नीचे रह इसके लिये कांग्रेस की मनमोहन सरकार ने 2004-2005 से लेकर 2013-2014 तक जब तक कांग्रेस की सरकार थी 214000 (दो लाख चौदह हजार) करोड़ रू. की सब्सिडी दिया ताकि गैस के दाम स्थिर रहे जनता पर बोझ नही पड़े उस समय अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमतें आज से ज्यादा थी तब भी भारत विदेश से गैस आयात करता था तब कांग्रेस की सरकार की नीयत के कारण गैस के दाम सस्ते थे मनमोहन सरकार ने 10 साल में गैस पर दो लाख चौदह हजार करोड़ की सब्सिडी दिया जबकि मोदी सरकार ने 9 साल में मात्र 36500 करोड़ की सब्सिडी दिया आज तो वह लगभग शून्य की स्थिति है। मोदी सरकार ने उज्वला स्कीम के नाम पर देश की महिलाओं से धोखा दिया वोट तो ले लिया आज उज्वला स्कीम महिलाये अपना गैस सिलेंडर भरवानें की स्थिति में नही हैं सिलेंडर के दाम उनकी पहुंच से दूर है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि यदि यूपीए शासन काल से तुलना करें तो आज हर चीज की कीमत बेहिसाब बढ़ी हुई है। गैस सिलेंडर ही नही हर वस्तु के दाम दोगुने से भी अधिक हो गए हैं।, पेट्रोल 2014 में 71 रू. प्रति लीटर था जो वर्ष 2022 में 100 रू. प्रति लीटर, कीमत में 40 प्रतिशत की वृद्धि, डीजल वर्ष 2014 में 57 रू. प्रति लीटर था जो वर्ष 2022 में 95 रू. प्रति लीटर कीमत में 75 प्रतिशत की वृद्धि, सरसों तेल वर्ष 2014 में 90 रू. प्रति किलो था, जो वर्ष 2022 में 200 रू. प्रति किलो कीमत में 122 प्रतिशत की वृद्धि, आटा वर्ष 2014 में 22 रू. प्रति किलो था जो वर्ष 2022 में 35-40 रू. प्रति किलो कीमत में 81 प्रतिशत की वृद्धि, दूध वर्ष 2014 में 35 रू. प्रति लीटर था जो 2022 में 60 रू. प्रति लीटर कीमत में 71 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसी तरह सब्जियों की कीमतों में 35 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है। नमक 41 प्रतिशत महंगा हुआ है। दालें 60-65 प्रतिशत तक महंगी हो गई है।

## घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग

**रायपुर 3 मार्च।** घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है। व्यावसायिक सिलेंडरों के दाम बढ़ जाने के कारण व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में घरेलू सिलेंडरों का दुरुपयोग किया जा रहा है। इतना ही नहीं घरेलू गैस सिलेंडरों से वाहन भी चलाए जा रहे हैं। इससे जहां सरकार को करोड़ों के राजस्व का नुकसान हो रहा है वहीं गंभीर दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। काउंसिल फॉर प्रोटेक्शन ऑफ राईट्स ग्राहक भारती के अध्यक्ष विनोद तिवारी व उपाध्यक्ष नितिन सोलंके ने बताया कि 19 किलो के व्यावसायिक सिलेंडर में 14.2 किलो के घरेलू सिलेंडरों की गैस पलटी (भरी) की जा रही है। यह बेहद खतरनाक है। इससे विस्फोट हो सकता है। राजस्थान व महाराष्ट्र में ब्लास्ट होने से जान-माल का बड़ा नुकसान हुआ था। तिवारी ने बताया कि एक सिलेंडर का दो से तीन माह तक उपयोग करने वाले ग्राहकों के नाम पर कुछ एजेंसियां सिलेंडर की आटो बुकिंग कर ब्लैक में बेच देते हैं। ऐसा ही उज्जवला योजना में किया जा रहा है। टुल्लू पंप व सामान्य पाइप से गैस की अवैध रिफिलिंग की जाती है। तिवारी ने कहा कि प्रशासन को जगाने की जरूरत है। ग्राहकों के हक के सिलेंडर व्यवसायियों व असामाजिक तत्त्वों के पास हैं।

## स्वच्छता का दिया संदेश

**रायपुर, 3 मार्च** ।शहर के शासकीय कन्या पॉलीटेक्नीक कालेज बैरनबाजार मेंडॉ. नानासाहेब धर्माधिकारी प्रतिष्ठान रेवदंडा जिला रायगढ़ के रायपुर शाखा द्वारा महास्वच्छता अभियान के तहत उनके अनुयायियों ने कालेज परिसर की स्वच्छता की। महास्वच्छता अभियान अंतर्गत शासकीय कन्या पॉलीटेक्नीक परिसर बैरन बाजार में स्वच्छता की गई। सुबह 7 ये 10 बजे तक की गई सफाई में लगभग 3000 वर्ग मीटर क्षेत्र की सफाई की गई व 3 टन कचरा निकाल कर डंपिंग यार्ड भिजवाया गया। 27 श्री सदस्यों ने स्वच्छता अभियान में कार्य किया। संस्था की प्राचार्या डॉ. वर्षा चौरसिया ने प्रतिष्ठान के स्वच्छता अभियान की प्रशंसा की। उल्लेखनीय है कि डॉ. नानासाहेब धर्माधिकारी प्रतिष्ठान रेवदंडा जिला रायगढ़ के सौजन्य से महाराष्ट्र भूषण डॉ. नानासाहेब धर्माधिकारी के जन्मशताब्दी के अवसर पर डॉ. आप्पा साहेब धर्माधिकारी व डॉ. सचिन दादा धर्माधिकारी के मार्गदर्शन में महास्वच्छता अभियान शुरू किया गया है।

## भारतीय सेना की भर्ती प्रक्रिया में बदलाव

**रायपुर, 3 मार्च ।** भारतीय सेना ने जे.सी.ओ./ओ. आर. की भर्ती प्रक्रिया में बदलाव की घोषणा की है, पहले चरण में वे सभी उम्मीदवार जिन्होंने में अपना रजिस्ट्रेशन और आवेदन किया है केवल वही उम्मीदवार परीक्षा में शामिल होंगे। दूसरे चरण में विभिन्न राज्यों के भर्ती कार्यालयों द्वारा ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा या सी.ई.ई में उत्तीर्ण उम्मीदवारों को उनके संबंधित ए.आर. ओ. द्वारा एक ई-प्रवेश पत्र जारी किया जाएगा, जिसमें रैलीभर्ती के दूसरे चरण की तारीख और उसके स्थान की पूर्ण जानकारी दी जाएगी। ये सभी उम्मीदवार शारीरिक मापदंड परीक्षा में शामिल होंगे।

शारीरिक मापदंड परीक्षा में पास उम्मीदवारों को मेडिकल टेस्ट देना होगा। यह जानकारी कर्नल नरेंद्र प्रसाद सेमल्टी, निदेशक, सेनाभर्ती कार्यालय रायपुर ने 02 मार्च 2023 (गुरुवार) को मीडिया के सामने प्रदान की। इनके साथ ग्रुप कैप्टन समीर गंगाखेड़कर, प्रवक्ता रक्षा मंत्रालय और सुनिक कुमार तिवारी, कार्यालय प्रमुख, पीआईबी रायपुर भी मौजूद थे। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 16 फरवरी 2023 से 15 मार्च 2023 तक भारतीय सेना की वेबसाइट पर खुला रहेगा। रजिस्ट्रेशन का तरीका पहले जैसा ही होगा। उम्मीदवार अपने आधारकार्ड और दसवीं के सर्टिफिकेट से रजिस्टर हो सकता है। पारदर्शिता के लिए भारतीय सेना की वेबसाइट को से लिंक किया गया है। ऑनलाइन सी.ई.ई. पूरे भारतवर्ष में 176 स्थानों पर आयोजित की जा रही है। छत्तीसगढ़ राज्य में रायपुर भिलाई/ दुर्ग और बिलासपुर में ऑनलाइन सी.ई.ई. आयोजित की जाएगी। उम्मीदवार के पास पांच परीक्षा स्थानों के चयन करने का विकल्प होगा और उनको उन विकल्पों में से परीक्षा स्थान दिया जाएगा। रजिस्ट्रेशन में परीक्षा शुल्क के हिस्से के रूप में . 500/- के शुल्क का भुगतान भी शामिल है।

## बोर्ड परीक्षाओं में नकल रोकने उड़नदस्ता कर रहा निरीक्षण

**रायपुर, 3 मार्च।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बोर्ड परीक्षाएं व्यवस्थित रूप से संचालित की जा रही हैं। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए परीक्षा केन्द्रों में सभी इंतजाम किए गए हैं। नकल के प्रकरणों की रोकथाम के लिए सभी जिलों में उड़नदस्ता बनाए गए हैं। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के सचिव प्रोफेसर व्ही. के. गोयल ने बताया कि हायर सेकेण्डरी की परीक्षा 01 मार्च से और हाई स्कूल की परीक्षा 02 मार्च से शुरू हो चुकी हैं। हाई स्कूल की 02 मार्च को हिन्दी विषय की परीक्षा सम्पन्न हुई। उन्होंने बताया कि मंडल के पोर्टल पर एंट्री के अनुसार परीक्षा में कुल 3 लाख 35 हजार 152 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। जांजगीर जिले के शासकीय बालक स्कूल नवागढ़ में तीन नकल प्रकरण की सूचना मंडल के पोर्टल पर प्राप्त हुई है। हाई स्कूल की परीक्षा में आज 6 हजार 539 परीक्षार्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे।




# ईडी की कार्रवाई भाजपा की राजनैतिक हताशा: कांग्रेस

**रायपुर, 3 मार्च।** कांग्रेस नेताओं पर ईडी की कार्यवाही और ईडी द्वारा कांग्रेस नेताओं को पूछताछ के नाम पर परेशान करना भाजपा की राजनैतिक साजिश है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस की राजनैतिक गतिविधियां रोकने भाजपा ईडी के साथ साजिश कर रही है। भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का राजनैतिक रूप से मुकाबला नहीं कर पा रही है तो वह केंद्रीय जांच एजेंसियों को दुरूपयोग कर कांग्रेस सरकार की छवि खराब करने का षड़यंत्र रच रही है। भाजपा के इस अतिवादी चरित्र को पूरा प्रदेश और देश देख रहा है। छत्तीसगढ़ में मुद्दों के दिवालियेपन से जूझ रही, भाजपा लगातार मनगढ़त आरोपों के आधार पर राजनीति करने का प्रयास किया है लेकिन वह हमेशा असफल साबित हुई है। इसके पहले भी भाजपा ने मुख्यमंत्री और सरकार की छवि खराब करने के लिये अनेक प्रयास किया है लेकिन उसमें वह बुरी तरह से नाकामयाब साबित हुई है। इस बार भी भाजपा के षड़यंत्रों का वही हश्र होगा।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार ने देश भर में अपने मुखर विरोधी राज्य सरकारों के खिलाफ ईडी, सीबीआई का दुरुपयोग किया है। विरोधी दलों की सरकारों को प्रताड़ित करने का काम किया है। पं. बंगाल में तृणमूल की ममता बेनर्जी, झारखंड हेमंत सोरेन सरकार, दिल्ली के केजरीवाल के उप मुख्यमंत्री सिसोदिया, पंजाब की पूर्व कांग्रेस की चन्नी सरकार जैसे अनेकों उदाहरण जहां पर भाजपा ने केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से भय और आतंक फैलाने का प्रयास किया है। छत्तीसगढ़ में की गयी ईडी की कार्यवाही भी भाजपा के उन्हीं षड़यंत्रों का हिस्सा है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री को इन्फोर्समेंट डायरेक्टर को पत्र लिखकर छत्तीसगढ़ के नान घोटाला जिसमें गरीबों के राशन में 36,000 करोड़ का घोटाला हुआ, 6000 करोड़ के चिटफंड घोटाला की जांच के लिये अनुरोध किया। केंद्र सरकार नान और चिटफंड घोटाला की जांच ईडी से करवाने का साहस क्यों नहीं दिखा रही? क्यों इस घोटाले में पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का नाम है इसलिये भाजपा नान और चिटफंड घोटाले की जांच में घबरा रही है। जब काल्पनिक और कूटरचित मुद्दों के आधार पर ईडी कार्यवाही कर सकती है तब ठोस साक्ष्यों के आधार पर ईडी की जांच क्यों रोका जा रहा है?

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि ईडी की कार्यवाही राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार प्रदेश के किसानों को धान की सबसे ज्यादा कीमत दे रही है जो देश के अन्य राज्यों के किसानों को नहीं मिल रहा है। शासकीय कर्मचारियों को ओल्ड पेंशन स्कीम दे रही है।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23